

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

होली की शुभकामनाएं




समाचार ही नहीं, विचार भी


### उज्जैन के महाकाल मंदिर में होली

## भस्मारती में उड़ा हर्बल गुलाल, चंद्र ग्रहण के कारण बदला भोग का नियम

*महिला श्रद्धालुओं ने शिव-पार्वती के साथ बैठकर भजन गाए*



उज्जैन में बाबा महाकाल को हर्बल गुलाल अर्पित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में मंगलवार को होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। तड़के 4 बजे भस्मारती के दौरान बाबा महाकाल के साथ पुजारी-पुरोहितों ने हर्बल गुलाल से होली खेली। भगवान शिव के परिवार माता पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय को भी गुलाल अर्पित किया गया। भगवान महाकाल का हरि ओम जल से अभिषेक करने के बाद दूध, दही, घी, शकर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। नंदी जी का स्नान, ध्यान और पूजन हुआ। भगवान महाकाल ने शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुंडमाला, रुद्राक्ष की माला व सुगंधित पुष्पों से बनी माला धारण की। भांग, फल और मिठाई का भोग लगाया गया।

### आज से ठंडे जल से होगा स्नान

महाकाल मंदिर में साल में दो बार भगवान की दिनचर्या में परिवर्तन होता है। कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा से ठंड के अनुसार आरती का समय तय होता है, जबकि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से गर्मी के अनुसार समय तय किया जाता है। इस साल 4 मार्च यानी आज से चैत्र कृष्ण प्रतिपदा शुरू हो रही है, जिससे भगवान महाकाल की दिनचर्या में भी परिवर्तन होगा। इस दिन से गर्मी की शुरुआत मानी जाती है। भगवान महाकाल को ठंडे जल से स्नान कराया जाएगा। यह क्रम शरद पूर्णिमा तक चलेगा। इस अवधि ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सरगुजा की अनोखी होली

## पत्थर और तीर-धनुष से लगाते हैं निशाना, विजेता को मिले 2 पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर (छग)

हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व होली सरगुजा अंचल में जनजातीय परंपराओं के साथ विशेष रूप से मनाया जाता है। बसंत ऋतु में आने के कारण इसे बसंतोत्सव भी कहा जाता है, लेकिन स्थानीय बोली में यह 'होरी' के नाम से प्रसिद्ध है। यहां होलिका दहन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामुदायिक आस्था और प्रकृति पूजन का प्रतीक है। वहीं कोड़ाकू जनजाति में होली पर अनोखी परंपरा का निर्वहन किया जाता है।

50 मीटर की दूरी से पेड़ की ठूंठ पर निशाना लगाया जाता है। इसमें विजेता निशानेबाज को महुआ के 2 पेड़ इनाम में दिए जाते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार होलिका अहंकार और अत्याचार का प्रतीक है, जबकि भक्त प्रह्लाद आस्था और सत्य के प्रतीक माने जाते हैं। यही भाव सरगुजा की जनजातीय होली में स्पष्ट दिखाई देता है। जिला सूरजपुर के खजूरी और बैकोना गांवों में होली अलग-अलग दिन मनाई जाती है। खजूरी में पहले और बैकोना में एक दिन बाद होली होती है।



पेड़ के ठूंठ पर लगाते हैं निशाना

**होली से सीखिए** › *अपनों से 'मुंह मोड़कर' कोई त्यौहार नहीं होता अपनों को 'जोड़कर' ही त्यौहार होता है*

## कहीं 55 लोग एक छत के नीचे... तो कहीं 24 जनों का कुनबा...भोपाल में मिलेगा ऐसा होली का 'रुतबा'

- *55 सदस्यीय संयुक्त जैन परिवार निभा रहा अपनी पुश्तैनी परंपरा*
- *महाराष्ट्रीयन परिवार अपनी 125 वर्ष पुरानी परंपराओं को सहेजे हुए*
- *यहां त्यौहार केवल रंगों का नहीं, बल्कि संस्कारों और एकजुटता का प्रतीक*
- *यहां सबसे बड़ी ताकत आपसी प्रेम, सम्मान और परंपराओं का पालन करना*

एमएम सिद्दीकी ▶▶ भोपाल

हरिभूमि विशेष

अपने माता-पिता से अलग भागने वाली नई पीढ़ी। अपने सास-ससुर व साझा परिवार से भागने वाली बहुएं। अपने पति को लेकर आजादी का स्वप्न संजोने वाली लड़कियां। सिंगल यूनिट फैमिली की तरह जीवन की राह चुनने वाले और फिर जीवन भर पछताने वाले युवा। ये सब भोपाल के सिर्फ दो परिवारों में जाकर होली के जश्न को देख लें। इनको परिवार की ताकत का अंदाजा हो जाएगा। इन परिवारों में किसी के लिए कोई अलग स्पेस नहीं है। इन परिवारों में सब साझा है। सबका सब कुछ है। प्रेम, स्नेह, रिश्ते, अनुभूतियां, आदर-सत्कार और अपने से बड़ों के लिए न खत्म होने वाला सम्मान। ये परिवार आज की परिवार से दूर भागती युवा पीढ़ी के लिए सबसे बड़ी पाठशाला हैं। राजधानी के चौक बाजार स्थित जैन मंदिर के पास रहने वाला एक संयुक्त परिवार आज भी अपनी पुश्तैनी परंपराओं को संजोए हुए है। बदलते समय में जहां एकल परिवारों का चलन बढ़ रहा है, वहीं यह परिवार छह पीढ़ियों से साथ रहकर सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों की मिसाल बना हुआ है। होली जैसे प्रमुख पर्व पर भी परिवार की वर्षों पुरानी परंपरा आज तक कायम है। इसी तरह काजीपुरा का महाराष्ट्रीयन संयुक्त परिवार अपनी 125 वर्ष पुरानी परंपराओं को सहेजे हुए है।

**परिवार 1**



परिवार के सदस्य

### यहां सुख-दुख, उत्सव और चुनौतियां सबकी साझा

मूलचंद-फूलचंद, बाबूलाल, रतनलाल, शांतिलाल, राजन कुमार जैन, अशोक जैन भाभा और अरुण सोगानी जैसे परिवार के प्रमुख सदस्यों की अगुवाई में 55 सदस्यों का यह विशाल परिवार एक ही छत के नीचे निवास करता है। परिवार में 16 बहुएं और 13 बच्चे शामिल हैं। खास बात यह है कि पांचवीं और छठवीं पीढ़ी के सदस्य भी उसी पुश्तैनी मकान में साथ रह रहे हैं, जो 90 वर्ष से अधिक पुराना है। परिवार के बड़े सदस्य अरुण सोगानी ने 'हरिभूमि' को बताया कि हमारी पुश्तैनी परंपरा के अनुसार हर वर्ष होली के दिन सभी सदस्य एक साथ मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करते हैं और फिर परिजनों के साथ रंगोत्सव मनाते हैं। इस वर्ष भी होली पर परिवार के सभी 55 सदस्य आष्टा से 62 किलोमीटर दूर स्थित जैन मंदिर में दर्शन और पूजा करने जाएंगे। धार्मिक अनुष्ठान के बाद सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण कर होली का उत्सव मनाया जाएगा। परिवार का मानना है कि त्योहार केवल रंगों का नहीं, बल्कि संस्कारों और एकजुटता का प्रतीक ▶▶ शेष पेज 4 पर

**परिवार 2**

### 1901 से वही मकान, किसी का कोई अलग 'आशियाना' नहीं

पुराने शहर स्थित काजीपुरा इलाके में एक महाराष्ट्रीयन संयुक्त परिवार आज भी अपनी 125 वर्ष पुरानी परंपराओं को सहेजे हुए है। वर्ष 1901 से एक ही पुश्तैनी मकान में रह रहा यह परिवार चौथी पीढ़ी तक एकजुटता की मिसाल बना हुआ है। घोलप परिवार में वर्तमान में 24 सदस्य एक ही छत के नीचे रहते हैं। परिवार की परंपरा की नींव सीताराम राव घोलप और रामचंद्र राव घोलप ने रखी थी। उनके बाद अब उमेश राव घोलप और राजेश घोलप सहित परिवार के अन्य सदस्य मिलजुल कर रह रहे हैं। चाचा के चार बेटे-संतोष, धीरेंद्र, विक्रांत और विजय-भी साथ रहते हैं। संतोष के दो बेटे, विक्रांत के दो बेटे और राजेश घोलप का एक बेटा है। परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्य उमेश घोलप ▶▶ शेष पेज 4 पर



परिजनों की सामूहिक तस्वीर

## वंतारा फाउंडेशन डेः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन के एक वर्ष बाद, अनेक जानवर स्वस्थ होकर फिर से जंगल में लौटे

एजेंसी ▶▶ जामनगर

वंतारा फाउंडेशन डेः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन के एक वर्ष बाद, अनेक जानवर स्वस्थ होकर फिर से जंगल में लौटेजामनगर, गुजरातः वंतारा फाउंडेशन डे के अवसर पर, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसके उद्घाटन के एक वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है, वंतारा ने वन्यजीव बचाव, उन्नत चिकित्सीय





देखभाल और विज्ञान-आधारित संरक्षण में अपने एक वर्ष के मापनीय प्रभाव पर प्रकाश डाला।

अनंत मुकेश अंबानी द्वारा स्थापित वंतारा ने विभिन्न प्रजातियों के हजारों बचाए गए वन्य जीवों—जिनमें बड़े बिल्लीनुमा जीव, सरीसृप, प्राइमेट्स (वनमानुष वर्ग), पक्षी तथा अन्य स्तनधारी शामिल हैं—को स्वस्थ किया है। बीते वर्ष में इसकी पशु-चिकित्सा टीमों ने कई जटिल शल्य प्रक्रियाएं कीं और अनेक जानवरों को उनके प्राकृतिक आवास में पुनर्वासित किया, साथ ही बचाव, उपचार और पूर्ण स्वस्थ होने के बाद कई जानवरों को पुनः जंगल में छोड़ा। अपने पहले वर्ष में, अनंत अंबानी को वन्यजीव की विशेष देखभाल और संरक्षण में उनके उल्लेखनीय वैश्विक योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'ग्लोबल ह्यूमेन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। जो करुणा और विज्ञान-आधारित संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। वंतारा के कार्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर EARAZA और SEAZA की सदस्यता, ग्लोबल ह्यूमेन कंजर्वेशन सर्टिफिकेशन तथा प्राणी मित्र पुरस्कार 2025 के माध्यम से भी मान्यता मिली है।

सम्मान से आगे बढ़ते हुए, संगठन ने दीर्घकालिक प्रभाव निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया है—सैकड़ों पशु-चिकित्सकों को संरक्षण चिकित्सा में प्रशिक्षित



किया, 50 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ज्ञान-साझाकरण कार्यक्रम आयोजित किए, और हजारों बच्चों को जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जोड़ा, ताकि अगली पीढ़ी को संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जा सके। पिछले एक वर्ष में, वंतारा ने संकटग्रस्त और शोषणपूर्ण परिस्थितियों से जानवरों का बचाव किया है, साथ ही उन्हें विश्व-स्तरीय पशु-चिकित्सीय देखभाल और दीर्घकालिक, विशेष सहायता प्रदान की है। लकड़ी ढुलाई, सर्कस, सवारी और भीख मांगने जैसी गतिविधियों से बचाए गए 250 से अधिक हाथियों—जो गठिया और अन्य आयु-संबंधी बीमारियों से ग्रस्त थे—को विशेष देखभाल दी जा रही है। वंतारा भीड़भाड़ वाली सुविधाओं से बचाए गए हजारों मगरमच्छों की निरंतर देखभाल भी करता है। भारत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर सहयोग के माध्यम से, वंतारा करुणा, कल्याण और विज्ञान पर आधारित एक वैश्विक संरक्षण मॉडल को प्रतिबिंबित करता है।वन्यजीवों के लिए राष्ट्रीय रेफरल केंद्र (पश्चिम क्षेत्र) के रूप में नामित वंतारा ने वन्यजीव स्वास्थ्य को व्यापक रोग निगरानी और समन्वित प्रतिक्रिया प्रणालियों में एकीकृत कर भारत के 'वन हेल्थ' पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ किया है। इसकी वैज्ञानिक संरचना में एक केंद्रीय वैज्ञानिक प्रयोगशाला और 11 उपग्रह प्रयोगशालाएं शामिल हैं, जिनमें 70 से अधिक विशेषज्ञ कार्यरत हैं और जो प्रतिदिन 2,000 से अधिक नैदानिक



नमूनों की जांच करती हैं। इनकी क्षमताओं में बायो-बैंकिंग, नेक्स्ट-जनरेशन सीक्वेंसिंग, आणविक निदान, पैथोलॉजी, परजीविविज्ञान और विषविज्ञान शामिल हैं।

प्रतिदिन हजारों जानवरों की देखभाल का समर्थन करते हुए, वंतारा पूरी तरह स्वचालित प्रणालियों के माध्यम से 1,56,000 किलोग्राम उच्च-गुणवत्ता वाला पोषण तैयार करता है, जिसे 50 तापमान-नियंत्रित वाहनों के माध्यम से वितरित किया जाता है और 200 प्रशिक्षित पेशेवरों द्वारा प्रबंधित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, 1,000 से अधिक किसान चारा और पशु-आहार की खेती में सहयोग करते हैं। इस एकीकृत देखभाल के व्यापक स्तर के साथ 200 सदस्यों की चौबीसों घंटे सक्रिय प्रतिक्रिया टीम भी कार्यरत है, जिसने 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय बचाव अभियानों तथा 15 वन्यजीव त्वरित प्रतिक्रिया एवं बचाव टीम तैनातियों में सहयोग प्रदान किया है।

# चंद्रग्रहण समाप्त: गंगाजल से शुद्धिकरण के बाद मंदिर खुले: बड़वाले महादेव, बिड़ला, गुफा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में लगी भक्तों की भीड़

## भक्तों ने भगवान को गुलाल चढ़ाकर एक-दूसरे को लगाया रंग-गुलाल, उत्साहपूर्वक मनाया होली महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को साल का पहला खग्रास चंद्रग्रहण भोपाल में भी दिखाई दिया। इसके चलते करीब 12 से अधिक घंटे तक शहर के मंदिरों के पट बंद रहे। ग्रहण का सूतक लगने के साथ ही पूजा-अर्चना के बाद सभी मंदिरों के पट सुबह 6:20 पर बंद कर दिए गए थे। शाम 6:47 पर ग्रहण खत्म होने पर मंदिरों और प्रतिमाओं का मंत्रों और गंगाजल से शुद्धिकरण करने के शान्त्राद मंदिर खुलना शुरू हुए। एकमात्र श्रीजी मंदिर लखेरापुरा सूतक और ग्रहणकाल में भी खुला रहा। उल्लेखनीय है कि चंद्र ग्रहण मंगलवार दोपहर 3.21 बजे शुरू हुआ और शाम 6.47 बजे तक रहा। ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों में भगवान को स्नान कराया गया। श्रृंगार और भोग आरती के बाद मंदिर खुल गए। लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में भगवान कृष्ण की सेवा भगवान का संकीर्तन हुआ।


बिड़ला मंदिर के पट खुले।

### मंदिरों में हुई विशेष आरती

गंगाजल से शुद्धिकरण के बाद बिड़ला बड़वाले महादेव और गुफा मंदिर, भवानी मंदिर सोमवारा सहित अन्य प्रमुख मंदिरों के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए हैं। सूतक या ग्रहण के चलते बंद रहे इन मंदिरों में शुद्धिकरण (शुद्धिकरण) के बाद भगवान का अभिषेक किया गया, जिसके बाद भारी संख्या में भक्त दर्शन के लिए उमड़ पड़े हैं। इस दौरान होली उत्सव मनाया गया।


बिड़ला मंदिर के बंद पट।


गुफा मंदिर

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आयोजित की बैठक

भोपाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को बैतूल तहसील कार्यालय में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, विधायक चंद्रशेखर देशमुख, डॉ. योगेश पंडाग्रे एवं गंगाबाई उइके उपस्थित रहीं।

### 32 कॉलेजों को सुविधाएं देखे बिना दे दी मान्यता

**भोपाल।** प्रदेश के 32 कॉलेजों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए बिना ही मान्यता दिए जाने का मामला सामने आया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक सीएजी की रिपोर्ट में इस पर गंभीर आपत्ति जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार कई संस्थानों में शौचालय, भोजन कक्ष, खेल मैदान, प्रयोगशाला, पुस्तकालय और छात्रावास जैसी अनिवार्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं, इसके बावजूद उन्हें मान्यता प्रदान कर दी गई। रिपोर्ट में उल्लेख है कि भोपाल के रायसेन रोड स्थित गणपति नर्सिंग कॉलेज में 40 विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं संचालित की जा रही थीं, लेकिन निरीक्षण के दौरान भवन में बुनियादी व्यवस्थाएं अधूरी पाई गईं। इसी तरह नीलबड़ स्थित वीएनएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में भी विभागाध्यक्ष कक्ष, सहायक कक्ष, पुस्तकालय, छात्रावास में अतिथि कक्ष, भंडार गृह और मनोरंजन कक्ष जैसी सुविधाएं नहीं मिलीं। डॉ. एसपी सिंह विज्ञान एवं प्रबंधन कॉलेज, खजूरी कला में विभाग अध्यक्ष कक्ष का अभाव पाया गया। नर्सिंग संस्थानों में संकाय कक्ष, छात्र कल्याण कक्ष, इनडोर खेल हॉल, खेल मैदान और प्रयोगशालाओं की कमी भी सामने आई। कुछ स्थानों पर अस्पताल और प्रयोगात्मक सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। मिलेनियम कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रवींद्र कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च सेंटर कैरियर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, राजीव इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, महाराणा प्रताप स्कूल ऑफ नर्सिंग, सुंदर देवी नर्सिंग कॉलेज, मेहको महाविद्यालय ऑफ नर्सिंग और जय नारायण महाविद्यालय ऑफ नर्सिंग सहित कई संस्थानों में अधोसंरचना संबंधी कमियां पाई गईं।

### दो घंटे तक सभी 85 वार्डों में किट लेकर बैठे रहे निगम के कर्मचारी

# अवकाश के बावजूद जल-सुनवाई न कोई सैंपलिंग, न कोई शिकायत


जल सुनवाई में बैठे निगमकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम में भले ही जन सुनवाई मंगलवार को नहीं हो रही हो, लेकिन अवकाश के दिन जल सुनवाई जरूर हुई। सभी 85 वार्डों में 150 से ज्यादा कर्मचारी टेबल-कुर्सी लगाकर पानी के सैंपल लेने और पानी से संबंधित शिकायत दर्ज करने के लिए बैठे रहे, लेकिन एक व्यक्ति भी नहीं पहुंचा। सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक उक्त कर्मचारी बैठे रहे।

उल्लेखनीय है कि इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद नगर निगम द्वारा राजधानी के सभी वार्डों में मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रत्येक मंगलवार को दो घंटे जल सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छ जल अभियान के तहत प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जल सुनवाई आयोजित होती है। जल सुनवाई में एक भी पानी का सैंपल जांच के लिए नहीं आया और न ही कोई शिकायत दर्ज हुई।

### जल सुनवाई में अब लोग नहीं दिखा रहे रूचि

बीती तीन जल सुनवाई में लगातार आंकडों का ग्राफ गिर रहा है। 85 वार्डों में 30 से 45 लोग ही पानी के सैंपल लेकर जांच करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। यानि एक वार्ड से एक सैंपल भी जांच के लिए नहीं पहुंच रहा है। जबकि एक वार्ड की आबादी सामान्य 15 से 18 हजार के आसपास रहती है। जल सुनवाई में अधिकांश वार्ड तो ऐसे रहते हैं जिनमें एक व्यक्ति भी नहीं पहुंचता।

### राजस्व वसूली से जोड़कर देखे जा रहे तबादले

## दो जोनल अफसर बदले, एक एआरआई को अतिरिक्त प्रभार

**भोपाल।** नगर निगम प्रशासन ने दो जोनल अधिकारियों का तबादला किया है जबकि एक सहायक राजस्व निरीक्षक को जोन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली के लिए लग रहे विशेष शिविरों और राजस्व वसूली को लेकर बडे बकायादारों की संपत्ति कुर्की की कार्रवाई के बीच हुए इन तबादलों को राजस्व वसूली से जोड़कर ही देखा जा रहा है। क्योंकि अब वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति में केवल 28 दिन शेष हैं।

निगम के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सहायक राजस्व निरीक्षण अभय चतुर्वेदी जोन-2 के जोनल अधिकारी थे उन्हें निगम के योजना प्रकोष्ठ में भेजा गया है। जबकि जोन-21 के जोनल अधिकारी सहायक राजस्व निरीक्षण मोहन जाट को जोन-21 से जोन-2 भेजा गया है। सहायक राजस्व निरीक्षक नीलेश पटेल को जोन-21 के जोन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उक्त अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बीते एक माह से नगर निगम प्रशासन राजस्व वसूली को लेकर सख्त कदम उठा रहा है। लक्ष्य से पीछे रहने वाले वार्ड और जोन के अधिकारियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। लक्ष्य पूरा करने के लिए अवकाश के दिनों में भी विशेष राजस्व वसूली शिविर लगाए जा रहे हैं। निगम के सूत्रों का कहना है कि शहर के 21 जोन में कुछ ऐसे जोन हैं जो लक्ष्य से वसूली में काफी पीछे चल रहे हैं।

**तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभालने जीएडी ने जारी किए आदेश**

### पुलिस कमिश्नर और कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

# जेहादी कहने और डीएनए टेस्ट कराए जाने को लेकर पाटीदार समाज, ओबीसी मोर्चा में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के मिसरोद में पिछले दिनों साध्वी रंजना दीदी से जुड़ा कार विवाद तूल पकड़ता नजर आ रहा है। अब पाटीदार समाज ने चेतावनी दी है कि उसके सदस्यों पर दर्ज केस रद्द नहीं किया गया और उनकी ओर से साध्वी के खिलाफ एफआईआर नहीं की गई तो वे धर्म परिवर्तन करने पर मजबूर होंगे। मंगलवार को पाटीदार समाज, ओबीसी मोर्चा और सकल हिंदू समाज के बैनर तले बड़ी संख्या में लोग भोपाल के मिसरोद में मांगलिक भवन में इकट्ठा हुआ। यहां प्रदर्शन के दौरान जय श्री राम के नारे लगाए गए। बाद में कलेक्टर और कमिश्नर के नाम एसीपी को ज्ञापन सौंपा गया।

### मिसरोद पुलिस ने राजनीतिक दबाव में आकर एकपक्षीय कार्रवाई की

समाज के लोगों का आरोप है कि मिसरोद पुलिस ने राजनीतिक दबाव में आकर एकपक्षीय कार्रवाई की है और निर्दोष लोगों पर गैर-जमानती धाराएं थोप दी हैं। पाटीदार समाज ओबीसी मोर्चा ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए अपनी मांगों को लेकर पुलिस कमिश्नर और कलेक्टर के नाम एसीपी मिसरोद रजनीश कश्यप कौल को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान टीआई मिसरोद रतन सिंह परिहार और टीआई बागसेवनिया अमित सोनी भी मौजूद रहे।

### साध्वी रंजना दीदी से जुड़े कार विवाद पर बोला समाज

ज्ञापन में समाज ने स्पष्ट किया कि 25 फरवरी की शाम शासकीय स्कूल के पास सड़क संकरी होने के कारण जाम लगा था। आरोप है कि साध्वी रंजना का वाहन 'रॉन्ग साइड' में था, जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हुई। जब स्थानीय युवक ने वाहन पीछे लेने का आग्रह किया, तो साध्वी ने अभद्र व्यवहार करते हुए युवक को चांटा मार दिया और कपड़े फाड़ दिए। इसी हंगामे के बीच आक्रोशित भीड़ ने वाहन में तोड़फोड़ की, जो कि एक स्वतः स्फूर्त प्रतिक्रिया थी।

### 6 घंटे थाने में स्वस्थ बैठी रहीं साध्वी, अचानक कैसे हो गईं अस्पताल में भर्ती

समाज का कहना है कि घटना के बाद साध्वी रात 12 बजे तक थाने में पूर्णतः स्वस्थ बैठी थीं (जिसके सीसीटीवी फुटेज मौजूद हैं), लेकिन अगले दिन अचानक अस्पताल में भर्ती होकर फर्जी मेडिकल पर्चा बनवा लिया गया। पाटीदार समाज ने पुलिस आयुक्त से मांग की है कि किसी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी से इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

### अबीर एवं राल से खेली होली

# होली एवं डोल उत्सव के साथ आज होगा 40 दिवसीय महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रभु श्रीनाथजी को फगुनिया वस्त्र के साथ सर पर सोने का मुकुट एवं मोती के आभूषणों से मंगलवार को श्रृंगार किया गया। होली महोत्सव के दौरान गुलाल अबीर एवं राल की होली खेली गई। साथ में एक कुंटल फूलों से वैष्णव जनों ने होली खेली। होली खेल मैं प्रभु की दाढ़ी रंगी गई। तो वहीं शुक्रवार को श्री जी का मंदिर लखेरापूरा में चल रहे 40 दिवसीय होली महोत्सव समापन होगा। मंदिर मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि इस दौरान प्रभु को पत्तियों से बने डोल झूले में विराजमान किया जाएगा । इस दौरान अबीर गुलाल चोवा चंदन एवं टेसू के फूल से बने गीले रंग से प्रभु को होली खेली जाएगी।

### भगवान चित्रगुप्त का होगा विशेष श्रृंगार, समाज मनाएगा होली मिलन समारोह

# यम द्वितीया पर कायस्थ समाज कल करेगा कलम-दवात पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली के शुभ अवसर पर यम द्वितीया महोत्सव का आयोजन चित्रगुप्त मंदिर जवाहर चौक टीटी नगर में किया जा रहा है। इस दिन भगवान श्री चित्रगुप्त की विशेष पूजा-अर्चना की जाकर उनका विशेष श्रृंगार किया जाएगा। विधि विधानानुसार हवन पूजन किया जाकर मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की महाआरती की जाएगी।

इसके बाद कलम दवात की पूजा की जाएगी एवं पूजायुक्त कलम एवं प्रसादी का वितरण किया जाएगा। वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र श्रीवास्तव एवं चित्रगुप्त समाज भोपाल के संरक्षक देवीसरन, शैलेंद्र प्रधान, अलोक संजर, संजीव सक्सेना द्वारा विधि विधानानुसार हवन पूजन संपन्न कराया जाएगा।


परिवार संग श्री चित्रगुप्त भगवान।

इस अवसर पर चित्रगुप्त समाज भोपाल द्वारा समाज बन्धुओं का होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सुमधुर फाग गीतों के साथ चंदन तिलक लगाकर फूलों की होली भी खेली जाएगी। कार्यक्रम में शामिल होने की अपील मेजर जनरल श्याम शंकर श्रीवास्तव, राजेश नारायण श्रीवास्तव, जीएम जौहरी, सुशील श्रीवास्तव, डीपी श्रीवास्तव, उमेश निगम, पीडी खरे, केके सक्सेना, संजीव श्रीवास्तव, राजीव सक्सेना, ब्रजेश श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव, अशोक जौहरी, विष्णु श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, अभय प्रधान, सहर्ष श्रीवास्तव, सुधा जौहरी, कल्पना श्रीवास्तव, एड. प्रीति श्रीवास्तव, डॉ. रीना कानूनगो, विभा श्रीवास्तव, आकांक्षा श्रीवास्तव, दिनेश निगम, राजेश श्रीवास्तव ने की है।

### इरावती चित्रगुप्त समिति करेगा पूजन

**भोपाल।** कायस्थ समाज 5 मार्च गुरुवार को अपने आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त का कलम-दवात पूजन मनाएगा। इरावती चित्रगुप्त समिति एवं सामाजिक न्यास के तत्वावधान में होली मिलन समारोह एवं भगवान चित्रगुप्त कलम-दवात पूजन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम न्यास के प्रत्राधाम परिसर में दोपहर 12:30 बजे से प्रारंभ होगा। न्यास के प्रचार सचिव दीप श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर भोपाल के समस्त कायस्थ संगठनों के अध्यक्षों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग मौजूद रहेंगे।

### दोनों ट्रेनों के बीच हो सकेगी कनेक्टिविटी

# जयपुर में ट्रेनों के समय में बदलाव से बुंदेलखंड एवं राजस्थान के यात्रियों को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे की ओर से मप्र के ग्वालियर, आगरा, मुरैना, धौलपुर व से उदयपुर, जयपुर सहित राजस्थान के अन्य क्षेत्रों से संचालित होने वाली ट्रेनों के समय में बदलाव करने बुंदेलखंड एवं मध्य भारत के यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यात्रियों की मांग व सुविधा को ध्यान में रखते हुए, कुछ ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 19665 जो खजुराहो से उदयपुर जाती है, वह जयपुर जंक्शन पर पहले से लगभग 10 मिनट पहले पहुंचेगी। स्वर्ण जंयती एक्सप्रेस (12249) जो जयपुर से जैसलमेर की ओर जाती है, अब यह ट्रेन जयपुर स्टेशन से लगभग 10 मिनट देरी से रवाना होगी। इस बदलाव से अब जयपुर स्टेशन पर दोनों ट्रेनों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित हो सकेगी। इससे ग्वालियर, आगरा, मुरैना, धौलपुर एवं बुंदेलखंड क्षेत्र से आने वाले यात्रियों को सीधे जैसलमेर तक यात्रा करने में सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से पश्चिमी राजस्थान में रहने वाले लोगों तथा सेना के जवानों के लिए यह निर्णय अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, जिससे उनके आवागमन में समय और असुविधा दोनों में कमी आएगी। इस फैसले को लेकर रेल यात्रियों व क्षेत्रवासियों ने रेलमंत्री का आभार व्यक्त किया है।



### भोपाल मंडल होकर रक्सौल-उधना के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

भोपाल। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ रूटों पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी के तहत गाड़ी संख्या 05559/05560 रक्सौल-उधना-रक्सौल स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार 7 मार्च से एवं उधना से प्रत्येक रविवार 8 मार्च को भोपाल मंडल के बीना एवं संत हिरदाराम नगर होकर दोनों दिशाओं में 03-03 ट्रिप संचालित की जा रही है।

### रक्सौल-उधना-रक्सौल स्पेशल ट्रेन

गाड़ी संख्या 05559 रक्सौल-उधना स्पेशल ट्रेन 7 से 14 मार्च के बीच साप्ताहिक रूप से प्रत्येक शनिवार 05.30 बजे प्रस्थान कर बीना 23.40 बजे आगमन कर अगले दिन 02.05 बजे संत हिरदाराम नगर आगमन कर 13.05 बजे उधना पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05560 उधना-रक्सौल स्पेशल ट्रेन 8 से 15 मार्च के बीच साप्ताहिक रूप से प्रत्येक रविवार 15.35 बजे प्रस्थान कर अगले दिन संत हिरदारामनगर 02.30 बजे, बीना 05.15 बजे आगमन कर दूसरे दिन 00.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी।

### शांति एवं सद्भाव के संग मनाए उत्सव

# मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दोनों परिसरों-नीलबड़ एवं सुखी सेवनिया कैंपस-में होली मिलन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, उत्साह एवं पारंपरिक रंगों के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर संपूर्ण परिसर रंग-बिरंगे गुलाल, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सराबोर दिखाई दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत उद्बोधन के साथ हुई, जिसके पश्चात स्टाफ सदस्यों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। गीत-संगीत, नृत्य एवं पारंपरिक होली गीतों ने सभी को आनंदित कर दिया। दोनों ही कैंपस में उत्सव का वातावरण देखते ही बन रहा था, जहां सभी ने आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाया। मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन इंजीनियर विनोद यादव ने सभी स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह प्रेम, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। हमें इस पर्व से प्रेरणा लेकर अच्छे स्वास्थ्य, श्रेष्ठ समाज एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में निरंतर अग्रसर रहना चाहिए। ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर आदित्य कुमार यादव ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन संस्थान में आपसी समन्वय, सहयोग एवं पारिवारिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि जीवन में सद्भाव, अनुशासन और सकारात्मक सोच को अपनाकर संस्थान की प्रगति में अपना योगदान दें। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्यों के लिए रंग-गुलाल खेलने की विशेष व्यवस्था की गई थी।


मिलेनियम ग्रुप में मनाई होली।

### किसानों की समृद्धि के लिए सरकार कर रही चौतरफा प्रयास

#### हम सब कृषि परिदृश्य के ऐतिहासिक परिवर्तन के साक्षी

# अन्नदाता ही हैं मध्यप्रदेश के भाग्य विधाता, रोजगार आधारित कृषि उद्योगों के विकास पर है विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे अन्नदाता ही मप्र के भाग्य विधाता हैं। हम सब प्रदेश के कृषि परिदृश्य में आये ऐतिहासिक परिवर्तन के साक्षी हैं। भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गांवों की आत्मा किसानों में। जिस प्रदेश का किसान सशक्त होता है, वही प्रदेश समृद्धि के शिखर को छूता है। मध्यप्रदेश आज इसी सर्वकालिक सत्य का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है। किसी दौर में सिंचाई, बिजली और संसाधनों के अभावों से जूझने वाला मप्र आज कृषि क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की पंक्ति में खड़ा है। इस परिवर्तन के मूल केंद्र में राज्य सरकार किसानों का संबल बनी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वर्ष 2026 किसान कल्याण वर्ष के साथ रोजगार आधारित कृषि उद्योगों के विकास वर्ष के रूप में भी मनाया जा रहा है। इसका एकमात्र लक्ष्य है हर संभव तरीके से किसानों की आय बढ़ाकर उनके जीवन में समृद्धि लाना। राज्य सरकार किसानों को परम्परागत खेती-किसानी के बजाय अब वैज्ञानिक, उन्नत और परिष्कृत कृषि पद्धति अपनाने के लिये प्रेरित कर रही है। किसानों की वर्षा जल के संरक्षण, खेती की मिट्टी की सेहत और सीरत पर विशेष ध्यान, उन्नत बीज और जैविक-प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही अधिकाधिक पशुपालन से दुग्धोत्पादन, उद्यानिकी फसलों का क्रमिक विस्तार कर फूड प्रोसेसिंग में आगे आयें और क्राप वैल्यू एडिशन भी अपनाएं।



### न्यू फूड बास्केट ऑफ इंडिया

मप्र को अब "देश का न्यू फूड बास्केट" कहा जाने लगा है, क्योंकि विविध कृषिगत उत्पादों में मप्र देश में शीर्ष स्थानों पर है। ग्लोबल फूड मार्केट में भी मध्यप्रदेश के कृषि एवं इससे जुड़े उत्पादों की बड़ी धूम है। संतरा, मसाले, लहसुन, अदरक और धनिया उत्पादन में देश में नंबर वन, मटर, प्याज, मिर्च और अमरूद उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर और फूल, औषधीय एवं सुगंधित पौधों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। यह राष्ट्रीय उपलब्धियां केवल आंकड़ों की नहीं, मध्यप्रदेश के किसानों की प्रगतिशीलता, परिश्रम, नवाचार और निरंतर प्रयासों की जीत है।

### बदल रही है खेती की तस्वीर

करीब 20 साल पहले तक मप्र का किसान सिंचाई और कमाई, दोनों के लिए संघर्ष करते थे। लेकिन अब समय बदल गया है। सरकार ने 'हर खेत तक पानी' पहुंचाने का बीड़ा उठाया। सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार हुआ, बिजली गांव-गांव तक पहुंची और किसानों को सरकार से संसाधनों का संबल मिला।

### सिंचाई क्रांति : हर बूंद से समृद्धि

प्रदेश में कभी सिंचाई का रकबा 7 हैक्टेयर हुआ करता था, जो आज बढ़कर करीब 65 लाख हैक्टेयर हो गया है। इसे वित्त वर्ष 2028-29 के अंत तक 100 लाख हैक्टेयर तक विकास बढ़ाने के लक्ष्य के साथ राज्य सरकार कार्य कर हरी है। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना पर काम जारी है। ताप्ती बेसिन ग्राउंड वाटर रिचार्ज मेगा प्रोजेक्ट भी प्रारंभ होने जा रहा है। ये तीनों मल्टीपर्पज इरीगेशन प्रोजेक्ट्स प्रदेश में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की नई कहानी रचेंगे।

### कृषक कल्याण वर्ष में पहली कृषि कैबिनेट

वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया गया हैं। इसके अंतर्गत कृषि संबंधी विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। हाल ही में जनजातीय बहुल जिला बड़वानी में प्रदेश की पहली कृषि कैबिनेट आयोजित कर किसानों के हित में 27 हजार 746 करोड़ के कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके पहले हुई मंत्रि-परिषद की बैठक भी किसानों के नाम सर्पित रही। इस बैठक में किसानों से संबंधित विभिन्न योजनाओं को आगामी 5 साल तक निरंतर बनाये रखने का निर्णय लिया गया।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


तेहरान में धमाके

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट कर दिया है कि ये जंग 2 से 3 हफ्ते तक चल सकती है

## पीएम मोदी ने तीन दिन में 8 देशों की टॉप लीडरशिप से की सीधी बात

# मेरे भारतीयों को कुछ न हो...

ईरान युद्ध से खाड़ी देशों में रह रहे लाखों भारतीयों की जिंदगी पर बन आई है। लोग सरकार से गुहार लगा रहे हैं। ऐसे में


नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोर्चा संभाल लिया है। वे खुद इन देशों की टॉप लीडरशिप से बात कर रहे हैं। एक दिन पहले पीएम मोदी ने सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, जॉर्डन और इजराइल के नेताओं से बात की थी। कतर से भी बात हुई। मंगलवार को उन्होंने ओमान के किंग और कतर के क्राउन प्रिंस को कॉल किया। पीएम मोदी इन नेताओं से भरोसा ले रहे हैं कि वहां रह रहे भारतीयों को कुछ ▸▸ शेष पेज 4 पर

## दुबई में फंसे 149 भारतीयों को लेकर दिल्ली पहुंचा एयर इंडिया का विमान

भारत की राष्ट्रीय विमानन कंपनी एयर इंडिया ने मंगलवार को विशेष अभियान के तहत दुबई से 149 फंसे हुए यात्रियों को वापस लाने का काम किया। एयरलाइन के अनुसार फ्लाइट एआई916डी सुबह 10:58 बजे (भारतीय समयानुसार) दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरी। इस विमान में कुल 149 यात्री सवार थे, जो क्षेत्र में मौजूदा परिस्थितियों के कारण दुबई में फंसे हुए थे। मध्य पूर्व में मौजूदा संकट के दौरान यात्रियों को वापस लाने के लिए किसी भारतीय ▸▸ शेष पेज 4 पर

## भारत के पास सिर्फ 25 दिन का स्टॉक, अब कहां से आएगा तेल?

भारत सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत के पास 25 दिनों का क्रूड ऑयल और रिफाइंड ऑयल का स्टॉक है। क्रूड ऑयल, एलएनजी और एलपीजी इंपोर्ट करने के लिए दूसरे सोर्स ढूंढे जा रहे हैं। पेट्रोल- ▸▸ शेष पेज 4 पर

## ईरान ने बंद किया होर्मुज जलडमरूमध्य, जहाजों को निशाना बनाने की दी चेतावनी, दुनिया की 20% क्रूड ऑयल सप्लाई पर संकट

# ईरान के राष्ट्रपति दफ्तर पर बड़ा हमला, नए रक्षा मंत्री की मौत, 48 घंटे पहले ही संभाला था पद

- ▸▸ भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में लगभग एक करोड़ भारतीय
- ▸▸ उनकी सुरक्षा और भलाई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता
- ▸▸ भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास लगातार समुदाय के संपर्क में
- ▸▸ भारत अपनी जरूरत का लगभग 88% कच्चा तेल इंपोर्ट करता है
- ▸▸ जिसमें से 50% से ज्यादा मिडिल ईस्ट के देशों से सप्लाई होता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली





ईरान से अमेरिका व इजराइल की जंग अब विकराल रूप लेती जा रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट कर दिया है कि ये जंग 2 से 3 हफ्ते तक चल सकती है। तब तक, ईरान किन हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है? यह भी साफ हो जाएगा। साथ ही रूसी राष्ट्रपति पुतिन व चीन की इसमें क्या भूमिका होगी? यह भी पता चल जाएगा। हालांकि, अमेरिका व इजराइल बिना रुके मिसाइलें बरसा रहे हैं। इजराइल ने ईरान के राष्ट्रपति दफ्तर पर फिर एक बार हमला किया है।

इजराइली सेना का दावा है कि यह ईरानी शासन का सेंट्रल और अहम हेडक्वार्टर है। सेना ने कहा कि तेहरान के बीच में ईरानी ▸▸ शेष पेज 4 पर

### लेबनान के लगभग 80 से अधिक गांव खाली कराए

### इजराइल की पैदला सेना दक्षिणी लेबनान में घुसी


बेरूत में हुए धमाकों से कारों को भारी नुकसान

### ईरान की जवाबी कार्रवाई

- ▸▸ दुबई, दोहा और अबू धाबी में जोरदार धमाके
- ▸▸ ड्रोन और मिसाइल हमले जारी रखे हुए है
- ▸▸ यूएई पर 186 मिसाइल और 812 ड्रोन दागे

### ईरान ने कहा- होर्मुज जलडमरूमध्य से जो जहाज गुजरेगा, नष्ट कर दिया जाएगा

*ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का ऐलान करते हुए साफ चेतावनी दी है कि जो भी जहाज इस रास्ते से गुजरने की कोशिश करेगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया की कुल तेल आपूर्ति का करीब पांचवां हिस्सा संभालता है। ऐसे में इसे बंद करने का फैसला ग्लोबल क्रूड ऑयल सप्लाई पर बड़ा असर डाल सकता है और इससे इसकी कीमतों में तेज उछाल ला सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण समुद्री रास्ता है। यह सऊदी अरब, ईरान, इराक और संयुक्त अरब अमीरात जैसे बड़े तेल उत्पादक देशों को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से* ▸▸ शेष पेज 4 पर

### जंग में ईरान का नुकसान

- ▸▸ 4 दिन में 787 लोगों की मौत हो चुकी है
- ▸▸ 153 शहरों को निशाना बनाया गया
- ▸▸ कुल 504 जगहों पर 1,039 हमले हुए

### होली पर्व की शुभकामनाएं

होली के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश

*इस अवसर पर 04 मार्च बुधवार और 05 मार्च गुरुवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 07 मार्च शनिवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।*

*प्रधान संपादक*

क्या सुनने में कठिनाई होती है
सिल्वर जुबली ऑफर
• कान/सुनने की मशीन पर विशेष छूट
• सुनने की जांच • स्पीच थैरेपी
Sinha Speech & Hearing Center
Ph. 0755-2760853 9243703712
सिन्हा स्पीच एंड हियरिंग सेंटर
पता : सरिता कॉम्पलेक्स, ब्लॉक नं. 3 शिवाजी नगर भोपाल
समय : सुबह 10.00 से 1.00 तक शाम 5.00 बजे से रात 8.00 तक

डायवर्टेड प्लाट उपलब्ध है
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
66 फीट रोड सनराईज गार्डन के पीछे, महोली, भानपुर भोपाल
सर्व सुविधा युक्त प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण प्रदूषण मुक्त कवर्ड केम्पस के साथ
आफिस:आदित्य कन्सट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल
7222901488, 9755600827

## 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव

# भाजपा की छह राज्यों की सूची में 9 नाम बिहार से उच्च सदन जाएंगे नितिन नबीन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव है और इस चुनाव के लिए भाजपा ने मंगलवार अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। भाजपा की ओर से जारी पहली लिस्ट में 6 राज्यों से 9 नाम हैं जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का नाम महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही पहली लिस्ट में एक महिला उम्मीदवार को भाजपा की ओर से मौका मिला है। भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन को आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए मंगलवार को घोषित सूची में बिहार से पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन फिलहाल पटना की बांकीपुर सीट से विधायक हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद से ही उनके राज्यसभा जाने की चर्चा तेज थी और अब इस बात पर मुहर भी लग गई है।

### पहली सूची में एक महिला उम्मीदवार छग से लक्ष्मी वर्मा


नितिन नबीन | लक्ष्मी वर्मा | मनमोहन सामल | सुजीत कुमार

### ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल जाएंगे राज्यसभा

### मौजूदा राज्यसभा सदस्य सुजीत कुमार को फिर दोहराया गया

### राहुल सिन्हा टकरा रहे थे वामदल और फिर टीएमसी से

बंगाल में जब भाजपा का कोई मजबूत जनाधार नहीं था तब से राहुल सिन्हा पहले वामदल और फिर टीएमसी से टकरा रहे थे। वह लंबे समय से भाजपा से जुड़े हैं। राहुल सिन्हा को बंगाल चुनाव से पहले राज्यसभा भेजकर भाजपा एक स्पष्ट संदेश देना चाहती है। पूर्व अध्यक्ष राहुल सिन्हा पश्चिम बंगाल भाजपा का एक जाना माना नाम हैं। भाजपा की पहली लिस्ट में एक मात्र महिला ▸▸ शेष पेज 4 पर

### असम से जोगेन व गोवाला

असम चुनाव से पहले जोगेन मोहन का नाम राज्यसभा के लिए आगे बढ़ाकर भाजपा ने एक बड़ा संदेश दिया है। असम की राजनीति में जोगेन मोहन का एक बड़ा नाम है और वह राज्य में कैबिनेट मंत्री हैं। वह कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। विधायक तेराश गोवाला असम से संसद के उच्च सदन के चुनावों के लिए भाजपा के प्रत्याशी होंगे। तेराश गोवाला असम के दुलियाजान सीट से विधायक हैं। पार्टी के भीतर उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। तेराश ▸▸ शेष पेज 4 पर

### बिहार से दलित चेहरा शिवेश कुमार

ओडिशा से मौजूदा राज्यसभा सदस्य सुजीत कुमार को भी आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए राज्य से अपना उम्मीदवार बनाया है। कुमार का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त होगा। प्रदेश महामंत्री शिवेश कुमार को बिहार से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। नितिन नवीन के अलावा बिहार से भाजपा ने शिवेश कुमार राम को राज्यसभा उम्मीदवार बनाया है। पूर्व केंद्रीय ▸▸ शेष पेज 4 पर

### अब मंडला में बच्चा चोरी की अफवाह

# भीड़ ने युवक को पकड़ा, बुरी तरह पिटाई से उसकी मौत हुई

### अस्पताल से निकला तो एक्सीडेंट हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडला

मंडला जिले में मॉब लिंचिंग जैसी क्रूर घटना सामने आई है। बच्चा चोरी की अफवाह के चलते ग्रामीणों की भीड़ ने एक अज्ञात बालक को पकड़कर बेरहमी से पीट दिया। गंभीर रूप से घायल बालक की अगले दिन मौत हो गई। वहीं, बीते दिन छतरपुर जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में 'बच्चा चोरी' की झूठी अफवाह ने एक निर्दोष महिला को भीड़ की हिंसा का शिकार बना दिया। घटना मंडला के बरखेड़ा गांव की है, जो बिछिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है।


रजत सकलेचा
पुलिस अधीक्षक

घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें बालक को भीड़ से घिरा हुआ और मारपीट का शिकार होते देखा जा सकता है। ग्रामीणों ने एक अज्ञात बालक को पकड़ लिया और उसे बच्चा चोर बताकर बांध दिया। वायरल वीडियो में कई लोग बालक को घेरकर मारते दिखाई दे रहे हैं। एक व्यक्ति डंडे से वार करता नजर आ रहा है, जबकि दूसरा उसके बाल पकड़कर जमीन पर पटकता दिख रहा है। भीड़ उसके नाम और पहचान पूछती रही, जबकि वह रोता और चीखता रहा। गांव के सरपंच की सूचना पर बिछिया पुलिस मौके पर ▸▸ शेष पेज 4 पर

### मां बगलामुखी मंदिर में अजीब मामला

# अफसर ने चप्पल की चोरी पर एसपी को लिखी चिट्ठी

### नलखेड़ा थाने में दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नलखेड़ा

नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर में चप्पल चोरी का एक अनोखा मामला सामने आया है। खास बात यह है कि इस बार चोरी किसी आम श्रद्धालु के सामान की नहीं, बल्कि एक अधिकारी की चप्पल की हुई। घटना के बाद मामला सीधे थाने तक पहुंच गया और विधिवत आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही एसपी को भी पत्र लिखा है। जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर करीब 3:15 बजे नलखेड़ा नायब तहसीलदार दर्शन के लिए मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे थे। वरुण चंद्रवंशी दर्शन से पूर्व उन्होंने अपनी चप्पल रसीद काउंटर के पास निर्धारित स्थान पर उतारी थी। करीब 10 मिनट बाद लौटने पर चप्पल गायब मिली। इसके बाद मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले गए, जिसमें एक व्यक्ति चप्पल ले जाते हुए दिखाई दिया। संदिग्ध व्यक्ति की पहचान भी कर ली गई और पूछताछ के दौरान उसने चप्पल ले जाने की बात स्वीकार की। मामले को लेकर एसपी और थाना प्रभारी नलखेड़ा को लिखित आवेदन देकर वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई है।


शिकायत करने वाले
वरूण चंद्रवंशी

क्या धन का अभाव हैं?
क्या व्यापार में ग्राहक नहीं आ रहे हैं?
क्या इंडस्ट्री बंद हो रही हैं?
क्या आपके भवन का वास्तु सही हैं?
VASTUVID SATYENDRA SINGH
Call Now 9171295733
वास्तु शास्त्री, एस्ट्रोलॉजर, न्यूमरोलॉजिस्ट, ऊर्जा स्कैनिंग एक्सपर्ट
ADD.: VASTU SADAN, D-7 TRIBHUVAN COLONY, BHOPAL

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### 3 मार्च से 1 अप्रैल तक आदेश रहेगा प्रभावी

# फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष' टैक्स फ्री

**यह फिल्म 19 फरवरी को रिलीज हुई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राज्य शासन ने हिंदी फीचर फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष' को टैक्स फ्री कर दिया है। यह फिल्म 19 फरवरी को रिलीज हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी होली के एक दिन पहले मंगलवार को सपरिवार फिल्म को देखा। उन्होंने समाज के लिए बेहद उपयोग होने की वजह ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 02 भी




राजधानी का बिरला मंदिर

### हिंदू धर्म में चंद्र ग्रहण सिर्फ खगोलीय घटना नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण

### सुबह ही मंदिरों के पट बंद रहे, ग्रहण काल समाप्त होने पर मंदिरों को धोया गया

# भारत में सबसे पहले कोलकाता में दिखा 'ब्लड मून', मप्र के सिंगरौली में नजर आया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली/भोपाल

साल का पहला चंद्र ग्रहण भारत के कई हिस्सों में दिखाई दिया है। इसकी पहली तस्वीर भी सामने आ रही है। कोलकाता में भारत में सबसे पहले चंद्र ग्रहण देखा गया, जिससे आसमान में लाल चांद की रोशनी छा गई। मप्र में इसे सिंगरौली में देखा गया। संगम नगरी प्रयागराज में भी चंद्र ग्रहण की झलक देखने को मिली। प्रयागराज में चंद्र ग्रहण शाम 6 बजकर 8 मिनट से शुरू हुआ और शाम 6 बजकर 46 मिनट पर इसका समापन हुआ। हालांकि, चंद्रमा का उदय शाम लगभग 6 बजकर 34 मिनट पर हुआ जहां इसको आसमान में साफ देखा गया। पूरे देश में सुबह ही मंदिरों के पट बंद रहे, ग्रहण काल समाप्त होने पर मंदिरों को धोया गया। हिंदू धर्म में चंद्र ग्रहण सिर्फ खगोलीय घटना नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण ▸▸ शेष पेज 4 पर



# ‘शतक’ फिल्म देखने पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन, कहा- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा

## वर्ष 1925 में लगाया गया पौधा आज वटवृक्ष बन चुका है: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिनेमाघर पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर बनी फिल्म 'शतक' देखी। मुख्यमंत्री ने फिल्म देखने के बाद कहा कि वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक की यात्रा को फिल्म में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

सीएम ने कहा कि संघ के प्रथम सरसंघचालक केशव बलिराम हेडगेवार ने आजादी के समय ही यह परिकल्पना कर ली थी कि स्वतंत्रता के बाद देश किस दिशा में आगे बढ़ेगा। इसी सोच के साथ उन्होंने संगठन की स्थापना की और देशभक्त बालकों के साथ शाखाएं प्रारंभ कीं।


सिनेमाघर में फिल्म शतक देखते सीएम।


युवती के साथ चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव। साथ में विधायक शर्मा और भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी।

### मुख्यमंत्री ने फिल्म निर्माता को शुभकामनाएं दी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हेडगेवार ने प्रारंभिक दौर में कांग्रेस के साथ भी कार्य किया, लेकिन बाद में अपने विचारों के अनुरूप अलग मार्ग अपनाया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पंडित मदन मोहन मालवीय से लेकर महात्मा गांधी और अन्य क्रांतिकारियों के साथ भी उन्होंने विभिन्न चरणों में कार्य किया। मुख्यमंत्री ने फिल्म निर्माता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 1925 में लगाया गया पौधा आज वटवृक्ष बन चुका है, और उसकी यात्रा को समझने के लिए सभी को यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण में संघ ने सराहनीय भूमिका निभाई है। बाढ़, भूकंप और अन्य आपदाओं के समय भी संगठन ने उल्लेखनीय सेवा कार्य किए हैं। यह फिल्म युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को समझने का अवसर देती है।


मुख्यमंत्री का स्वागत करते जनप्रतिनिधि।

## खबर संक्षेप

### किराए के वाहन ले सकेंगे वित्त अधिकारी

**भोपाल।** वित्त विभाग ने अपने अधिकारियों को बड़ी सुविधा दी है। अब कोष एवं लेखा विभाग के अधिकारियों को किराए पर वाहन उपलब्ध कराने की अनुमति दी गई है। वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह सुविधा 1 अप्रैल 2026 से लागू होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर राज्य शासन ने मंजूरी दी है। सरकार का मानना है कि इससे फील्ड स्तर पर कार्यों की निगरानी और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े कामों में तेजी आएगी।

### पीएचक्यू से बाहर तैनात होने की चल रही तैयारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पुलिस मुख्यालय से कई अधिकारी बाहर निकलना चाहते हैं। यही कारण है कि मुख्यालय से बाहर निकालने की जद्दोजहद शुरू कर दी है। सागर जोन में नए पुलिस महानिरीक्षक की नियुक्ति को लेकर प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। वर्तमान आईजी हिमानी खन्ना 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने जा रही हैं। ऐसे में उनके स्थान पर किस वरिष्ठ अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, इसे लेकर मंथन जारी है। सूत्रों के अनुसार, संभावित नामों में आईजी योजना अपूर्व सिंह, आईजी एससीआरबी हरिनारायण चारी मिश्र, आईजी इंटेलिजेंस डॉ. आशीष और आईजी प्रशासन रविचंद्रन मिश्रा शामिल बताए जा रहे हैं। चर्चा है कि आवश्यकता पड़ने पर एडीजी रैंक के अधिकारी को भी सागर जोन की कमान सौंपी जा सकती है। सागर जोन को प्रदेश का संवेदनशील और महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है। यहां कानून-व्यवस्था के साथ-साथ अवैध खनन और सीमावर्ती जिलों की निगरानी जैसी चुनौतियां रहती हैं।

### सीएम ने किया प्रो. लाभ के निधन पर दुःख व्यक्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रो. लाभ, अकादमिक क्षेत्र में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्धि के लिए निरंतर कार्यरत रहे।उनका निधन शिक्षा जगत की अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और उनके शोकाकुल परिजन को यह दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

## बार-बार मरम्मत की जरूरत कम होगी और दीर्घकाल में रखरखाव खर्च घटेगा

# सड़कों को टिकाऊ बनाने गुणवत्ता निगरानी होगी सख्त, थर्ड पार्टी ऑडिट से बढ़ेगी उम्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में सड़क निर्माण को अधिक टिकाऊ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए सरकार ने नई तकनीकों और सख्त मॉनिटरिंग व्यवस्था पर जोर देना शुरू कर दिया है। लक्ष्य है कि सड़कों की औसत आयु 5-7 वर्ष से बढ़ाकर 10-15 वर्ष तक की जाए, जिससे बार-बार मरम्मत की जरूरत कम हो और दीर्घकाल में रखरखाव खर्च घटे। सूत्रों के अनुसार निर्माण प्रक्रिया में संशोधित बिटुमिन, जियो-टेक्सटाइल लेयर और सीमेंट ट्रीटेड बेस जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग बढ़ाया जाएगा।

शहरी क्षेत्रों में वैज्ञानिक ड्रेनेज डिजाइन को अनिवार्य किया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान जलभराव से सड़कों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। पूर्व चीफ इंजीनियर बीपी पटेल का कहना है कि यदि नई तकनीकों का सही और मानक अनुसार उपयोग किया जाए तो सड़कों की आयु दोगुनी हो सकती है। इससे न केवल मजबूती बढ़ेगी, बल्कि गड्ढों और फिसलन की समस्या कम होने से सड़क हादसों में भी कमी आएगी।


फाइल फोटो

### नई तकनीकें: क्या बदल रहा है?

- **व्हाइट टॉपिंग:** पुरानी डामर सड़क पर सीमेंट कंक्रीट की परत बिछाई जाएगी। फायदा: 15–20 वर्ष की आयु, कम मेंटेनेंस।
- **माइक्रो सरफेसिंग:** पॉलिमर मिश्रित पतली परत डाली जाएगी। फायदा: दरारें कम, फिसलन में कमी।
- **ग्लास ग्रिड तकनीक:** सड़क की परतों के बीच फाइबर ग्लास जाल। फायदा: रिफ्लेक्टिव क्रैकिंग कम।
- **वेस्ट प्लास्टिक मिश्रित सड़क:** प्रोसेस किए गए प्लास्टिक को बिटुमिन में मिलाया जाएगा। फायदा: पर्यावरण संरक्षण, जलरोधक क्षमता और मजबूती में वृद्धि।

### गुणवत्ता नियंत्रण के प्रमुख उपाय

- निर्माण सामग्री की अनिवार्य लैब टेस्टिंग
- बिटुमिन, एग्रीगेट और कंक्रीट की नियमित जांच
- जीपीएस आधारित रीयल-टाइम प्रोजेक्ट ट्रैकिंग
- ऑनलाइन प्रगति रिपोर्टिंग सिस्टम
- स्वतंत्र एजेंसी द्वारा थर्ड पार्टी ऑडिट
- इंजीनियरों और ठेकेदारों की स्पष्ट जवाबदेही

### सख्त कार्रवाई के प्रावधान

सरकार ने स्पष्ट किया है कि मानकों से समझौता करने पर संबंधित एजेंसी पर जुर्माना लगाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर ब्लैकलिस्ट भी किया जाएगा। ठेकेदारों की बैंक गारंटी कार्य पूर्ण होने के बाद तय अवधि तक जमा रहेगी और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी अनुबंध में तय की जाएगी। सरकार का मानना है कि तकनीकी नवाचार और सख्त निगरानी के संयुक्त प्रयास से प्रदेश में सड़क अधोसंरचना की गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगा और आम नागरिकों को बेहतर एवं सुरक्षित यातायात सुविधा मिल सकेगी।

## कैग ने भी 47 करोड़ रुपए की क्षति पर उठाई आपत्ति

# पीडब्ल्यूडी ने डूब क्षेत्र में बना दी 23 किमी लंबी सड़क

पीडब्ल्यूडी ने जल संसाधन विभाग व खुद पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री विदिशा की जांच रिपोर्ट में आपत्ति को दरकिनार कर 23 किमी. ऐसी सड़क बना दी, जो डूब क्षेत्र में है। वहां से आवागमन बाधित रहता है। सड़क बनाने की जांच में अलग-अलग विभागों के दो कार्यपालन यंत्रियों ने अपनी रिपोर्ट में सड़क बनाने से रोकने का प्रस्ताव भेजा था, इसके बाद भी 47 करोड़ रुपए की लागत की सड़क बना दी। अब कैग ने इस पर कड़ी आपत्ति लेते हुए कार्रवाई की अनुशंसा की है। कैग ने यह भी कहा कि यह सीधे जनता के पैसे का खिलवाड़ है।

### वैकल्पिक एलाइनमेंट की योजना का था प्रस्ताव

सीएजी ने लेखा परीक्षा ने पाया (जुलाई 2023) कि एनडीबी पैकेज 12, जिसमें उदयपुर-बामौरा पठारी खंड से बीना नदी मार्ग तक (लंबाई 28.10 किमी, जिसमें से 23.60 किमी एमडीआर पोषित किया गया था) शामिल है, के लिए अनुबंध सितंबर 2018 में 47.07 करोड़ की लागत से निष्पादित किया गया था। उसी महीने, मप्र जल संसाधन विभाग ने सागर जिले में हनीता सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की।

### सड़क न बनाने का सिफारिश पत्र किया था जारी

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, विदिशा और कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, सागर की निरीक्षण टीम ने सड़क के उस हिस्से का जो डूब जाएगा के आकलन करने के लिए एक संयुक्त निरीक्षण किया। इसके बाद, कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग ने डूबने वाले क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य आगे न बढ़ाने का एक सिफारिश पत्र जारी किया। हालांकि, लोक निर्माण विभाग ने परियोजना जारी रखी और सड़क के उस हिस्से पर 5.94 करोड़ खर्च किए जो डूबने वाला था। मौजूदा स्थिति में (मार्च 2025) के अनुसार, सड़क कर वह हिस्सा डूब हुए क्षेत्र में आ चुका है। जल संसाधन विभाग, सागर के कार्यपालन यंत्री ने पहले इसके बारे में आगाह किया था।

# मप्र के प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वस्थ प्रदेश ही समृद्ध मप्र की आधारशिला है। स्वास्थ्य अधोसंरचना के व्यापक विस्तार, गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधाओं की उपलब्धता और चिकित्सा शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में सुनियोजित प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक, चाहे वह शहरी क्षेत्र में निवास करता हो या दूरस्थ ग्रामीण अंचल में, उसे समयबद्ध और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कुल 23 हजार 747 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान है, जो राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। राज्य सरकार का संकल्प है कि स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित मानव संसाधन और सुदृढ़ अधोसंरचना के माध्यम से नए आयाम दिए जाएं। प्रदेश को सशक्त, स्वस्थ और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में तेजी से अग्रसर करने लिए सतत और सशक्त प्रयास किए जा रहे हैं।

### अस्पतालों एवं चिकित्सा महाविद्यालयों का विस्तार

प्रदेश में विगत दो वर्षों में पांच नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ किए गए हैं। एमबीबीएस सीटों की संख्या 2,275 से बढ़कर 2,850 तथा स्नातकोत्तर सीटें 1,262 से बढ़कर 1,468 हो गई हैं। इंदौर, रीवा एवं सतना के चिकित्सा महाविद्यालयों के उन्नयन के साथ ही भोपाल, इंदौर, रीवा, जबलपुर, सागर एवं ग्वालियर में उन्नत चिकित्सा सुविधाएं विकसित की गई हैं। पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए धार, बैतूल, पन्ना और कटनी में एलओए जारी किया जा चुका है। अन्य 9 जिलों में प्रक्रिया प्रगतिरत है। चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालयों के लिए 3,056 करोड़ रुपए और जिला एवं सिविल अस्पतालों के लिए 2,049 करोड़ रुपए का प्रावधान अस्पतालों एवं औषधालयों के भवन निर्माण के लिये 527 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण के लिए 580 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 4,600 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, रोग नियंत्रण और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन के लिए 1,934 करोड़ रुपए तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए 782 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। सामुदायिक, उप एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण के लिए 580 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और बेहतर होगी। आशा कार्यकर्ताओं को अतिरिक्त प्रोत्साहन के लिए 550 करोड़ रुपए तथा मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना के लिए 750 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं, जिससे जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

# मध्य प्रदेश के कृषि, खाद्य उत्पादों शिल्प को मिले 27 जीआई टैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की शिल्प कलाओं और कृषि, उद्यानिकी उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर जीआई टैग प्राप्त होना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के स्वप्न को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के उन्नत किसानों, खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों, शिल्पकारों और प्रोत्साहित करने वाले विभागों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। जीआई टैग प्रदान करने का कार्य उद्योग संवर्धन आंतरिक व्यापार विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में है।

### इन्हें मिला जीआई टैग

*क्राफ्ट विलेज टिगरिया की भरेवा व कला को जीआई टैग मिला है। खजुराहो के स्टोन क्राफ्ट, छतरपुर जिले के ही पारंपरिक काष्ठ शिल्प, ग्वालियर के पत्थर शिल्प, पेपर मैश कला, चंदेरी साड़ी, महेश्वरी साड़ी और फैब्रिक, धार का बाग प्रिंट, इंदौर के लेदर के खिलौने, दतिया और टीकमगढ़ के बेल मेटल वेयर, उज्जैन का बटीक प्रिंट, जबलपुर का संगमरमर शिल्प, डिंडोरी की गोंड पेंटिंग, वारासिवनी की हैंडलूम साड़ी, ग्वालियर की ज्यामितीय पैटर्न की कालीन, पन्ना का हीरा, डिंडोरी का लोहा शिल्प आदि को जीआई टैग मिल चुका है।*

# महंगाई भत्ते के लाभ से वंचित रहे स्थाई कर्मी, असंतोष का वातावरण बन रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

प्रदेश के कार्यभारित आकस्मिक निधि कर्मचारी एवं छटवे वेतनमान प्राप्त स्थाई कर्मियों को सरकार ने महंगाई भत्ते का लाभ नहीं दिया है। जिस कारण प्रदेश की स्थाई कर्मियों असंतोष का वातावरण निर्मित हो गया है। मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रदेश के स्थाई कर्मियों को भी जुलाई 2025 से महंगाई भत्ते का लाभ जल्द दिया जाए तथा एरियार भी भुगतान भी किया जाए। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि पहले राज्य सरकार सातवां वेतन प्राप्त कर्मचारी एवं छटवे वेतनमान प्राप्त स्थाई कर्मियों को एक साथ ही महंगाई भत्ते लाभ समान प्रतिशत के अनुसार भुगतान करने की आदेश जारी करती थी लेकिन इस बार होली त्योहार हो के बाद भी स्थाई कर्मियों को महंगाई भत्ते के लाभ से सरकार ने वंचित रखा है। कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से स्थाई कर्मियों को भी तत्काल महंगाई भत्ते का लाभ देने के आदेश जारी करने की मांग की है।

# कर्मचारी संघर्ष मोर्चा ने पुरानी पेंशन को लेकर की द्वार सभा

## तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुरानी पेंशन की मांग को लेकर राष्ट्रीय कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने द्वार सभा का आयोजन किया गया।

मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय और राष्ट्रीय महासचिव श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि आईटीआई परिसर में लंच समय में कर्मचारियों द्वारा द्वार सभा का आयोजन कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति कर्मचारियों को परिवार पेंशन योजना लागू करने और तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ओपीएस पेंशन योजना लागू कराने में अहम भूमिका निभाने वाले श्याम सुंदर शर्मा, जगदीश तिवारी और विनोद विश्वकर्मा को सम्मानित किया गया।


आईटीआई परिसर में द्वार सभा को संबोधित करते पांडेय व शर्मा।

## 55 जिलों के लिए 19,952 करोड़ 89 लाख 97 हजार 36 रुपए का आरक्षित मूल्य तय किया था

# शराब ठेके का पहला चरण: रिजर्व प्राइस से 173 करोड़ ज्यादा मिले, 5 जिलों में कोई टेंडर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नई आबकारी नीति के तहत शराब ठेकों की नीलामी के पहले चरण में सरकार को मिश्रित परिणाम मिले हैं। 324 समूहों में से 146 समूहों के लिए टेंडर प्राप्त हुए, जिससे राज्य सरकार को रिजर्व प्राइस से 173 करोड़ 40 लाख 80 हजार 167 रुपये अधिक राजस्व मिला है। आबकारी विभाग के अनुसार, पहले चरण में 150 समूहों के लिए 455 ठेकों के टेंडर आमंत्रित किए गए थे।

कुल 55 जिलों के लिए 19,952 करोड़ 89 लाख 97 हजार 36 रुपए का आरक्षित मूल्य तय किया गया था। इसमें पहले चरण के तहत 7,076 करोड़ 75 लाख 57 हजार 710 रुपये के समूहों की नीलामी की गई। जिन 150 समूहों के लिए 355 टेंडर प्राप्त हुए, उनसे 3,087 करोड़ 58 लाख 57 हजार 633 रुपए का राजस्व प्राप्त होना तय है। हालांकि पांच जिलों अलीराजपुर, अनूपपुर, मुरैना, नीमच और मेहर में एक भी ठेके के लिए टेंडर प्राप्त नहीं हुआ। इन जिलों में अब दोबारा निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विभाग के मुताबिक, कुछ स्थानों पर आरक्षित मूल्य अपेक्षाकृत अधिक होने के कारण प्रतिस्पर्धा कम रही।


फाइल फोटो

### जिलेवार स्थिति

- **अलीराजपुर:** 59 करोड़ 15 लाख रुपए के सभी समूहों में कोई टेंडर नहीं।
- **अनूपपुर:** 40 करोड़ 88 लाख रुपए के समूहों पर कोई बोली नहीं।
- **भोपाल:** 521 करोड़ 80 लाख रुपए के चार समूहों में प्रतिस्पर्धा।
- **मुरैना:** 117 करोड़ 4 लाख के समूहों में बोली नहीं।
- **नीमच:** 27 करोड़ 80 लाख रुपए के चार समूहों में टेंडर जमा नहीं।

### पिछले साल की तुलना में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी

आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने बताया कि जिन समूहों में प्रस्ताव नहीं मिले हैं, उनके लिए पुनः टेंडर जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले चरण में औसतन 3 प्रतिशत से अधिक राजस्व वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश में कुल 3,553 शराब दुकानों के लिए इस बार तीन से पांच दुकानों का समूह बनाकर नीलामी की जा रही है। सरकार का मानना है कि नई नीति से पारदर्शिता बढ़ेगी और राजस्व में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित होगी।

### एक हजार 432 करोड़ में होंगे 29 शराब दुकानों के टेंडर

भोपाल में आबकारी विभाग ने ठेकेदारों की मोनोपाली को खत्म करने के लिए इस बार 87 दुकानों को चार ग्रुप की जगह 20 ग्रुप में बांट दिया है, जिससे छोटे और नए लाइसेंस कारोबारी भी ठेके ले सकें। जिले में 29 शराब दुकानों का पहला टेंडर दो मार्च को हुआ था, जिसमें कोई ऑफर नहीं आया। अब नए सिरे से टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी। 29 दुकानों को 7 ग्रुप में बांटा गया है। जिसकी रिजर्व प्राइस करीब 520 करोड़ रुपए रखी गई है। वहीं, सभी 87 शराब ठेकों की रिजर्व प्राइस 1432 करोड़ रुपए है। पहले फेज के 7 ग्रुप के लिए प्रक्रिया की गई। इनमें बागसेवनिया ग्रुप की 5 दुकान, हबीबगंज फाटक ग्रुप की 4 दुकान, भानपुर चौराहा ग्रुप की 5 दुकान, स्टेशन बजरिया ग्रुप की 5 दुकान, खजूरीकलां ग्रुप की 3 दुकान, जहांगीराबाद ग्रुप की 4 दुकान और गुनगा ग्रुप की 3 दुकानें शामिल हैं। मंगलवार को अन्य ग्रुप की टेंडर प्रक्रिया की शुरूआत कर दी गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नीलामी की प्रक्रिया में ठेके 1193 करोड़ रुपए से ज्यादा में हुए थे, जो टारगेट से 11 प्रतिशत यानी, 120 करोड़ रुपए अधिक थे। इस बार 1432 करोड़ रुपए रिजर्व प्राइस रखी गई है। बता दें कि वर्तमान मूल्य में 20 प्रतिशत बढ़ोत्तरी कर आरक्षित मूल्य तय किया है। इस बार सबसे महंगा समूह पिपलानी का है। इसमें 4 दुकानें पिपलानी, अयोध्या नगर, रत्नागिरी तिराहा और पटेल नगर हैं। इस समूह की कीमत 127 करोड़ 77 लाख 60 हजार 551 रुपए हो गई है।

### होली के पहले बिकी पांच करोड़ की शराब, आज बंद रहेंगी दुकानें

*भोपाल जिले में होली पर्व के दौरान शराब दुकान पर खासी भीड़ रही, मंगलवार को देर रात तक लोगों ने शराब की खरीदारी की। ऐसे में सोमवार और मंगलवार दो दिन में पांच करोड़ रुपए से अधिक की शराब बिक्री हुई। बुधवार और रंगपंचमी को शुष्क दिवस घोषित किया गया है, जिससे दोनों ही मौके पर शराब दुकानें पूरे दिन बंद रहेंगी। करोंद, हाउसिंग बोर्ड, जहांगीराबाद, अशोका गार्डन, आनंद नगर, अयोध्या बायपास, अप्सरा और प्रभात चौराहा की शराब दुकानों पर देर रात साढ़े ग्यारह बजे तक लोगों की भीड़ रही। हालात यह बन गए कि यातायात बाधित होने लगा। आबकारी अधिकारियों ने बताया कि 87 शराब दुकानें बंद रहेंगी। निगरानी के लिए अलग-अलग आबकारी टीमें गठित की गई हैं,यदि कोई इस दौरान शराब बेचते हुए दिखाई देता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।*


राजधानी में होली मनाती युवतियां।

### ये पहली बार... होलिका दहन के दूसरे नहीं खेली गई होली
# आज होली है...खिलेंगे मन तो खिल उठेंगे रंग, सबको लगाकर गुलाल बांटेंगे प्यार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**पूरे शहर की सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा, कहीं-कहीं इक्का-दुक्का लोग ही आए नजर**

होलिका दहन के बाद दूसरे दिन यानी मंगलवार को होली नहीं खेली (धुलेंडी) गई। दरअसल, चंद्रग्रहण के कारण यह पर्व नहीं मनाया गया। अब आज बुधवार को राजधानी में होली धूमधाम से मनाई जाएगी। इस दिन लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाकर, मिठाइयां बांटकर और गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम तथा भाईचारे का संदेश देंगे। चल समारोह निकाले जाएंगे। पंडितों व बड़े बुजुर्गु के अनुसार अब तक इतिहास में पहली बार ऐसा अवसर आया, जब होलिका दहन के दूसरे दिन नहीं तीसरे दिन होली खेली जाएगी। होलिका दहन के अगले दिन मंगलवार सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। सुबह के समय प्राइवेट ऑफिस व घरों महोल्लों में एक-दूसरे को गुलाल लगा होली की बधाई देते नजर आए। इसके बाद चंद्रग्रहण का सूतक खत्म होने के बाद बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंचे। जहां पर लोगों को गुलाल लगाकर बधाई देते नजर आए। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने बधाई दी।

## आज रहेंगी धुलेंडी की धूम, लोग लगाएंगे गुलाल तो बच्चे चलाएंगे पिचकारी


लाल घाटी क्षेत्र में दोपहर करीब 2.30 बजे सन्नाटा पसरा रहा।

बुधवार को शहर में धुलेंडी की धूम रहेगी। रंगों के इस पर्व पर शहर रंगों से सराबोर नगर आएगा। लोग एक दूसरे को रंग, गुलाल, अबीर लगाकर होली की बधाई देंगे। बच्चे भी पिचकारियों से एक-दूसरे पर रंग बरसाएंगे। सुबह से शाम तक शहर की सड़कों से लेकर रहवासी कॉलोनियों में जगह-जगह होली का नजारा दिखाई देगा। इस दौरान शहर में रंगारंग चल समारोह निकलेंगे। ढोल-नागड़े, डीजे की धुन पर थिरके हुरियारे गली-गली रंग बिखेरेंगे। पांच किलोमीटर के इस चल समारोह का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। हुरियारों पर नगर निगम के टैंकरों से रंग बरसाए जाएंगे। गुलाल भी उड़ाया जाएगा। चल समारोह में 15 डीजे और ढोल-नगाड़े होंगे। एक रथ होगा, जिसमें तीन अलग-अलग झांकियां होंगी। राधा-कृष्ण होली खेलते नजर आएंगे। होली के गानों पर हुरियारे झूमेंगे।

### निकलेगा चल समारोह, बदला रहेगा ट्रैफिक

*हिन्दू उत्सव समिति की ओर से बुधवार को होली चल समारोह निकला जाएगा। इसके चलते राजधानी के विभिन्न मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। चल समारोह पुराने शहर में में दयानन्द चौक से प्रारंभ होगा। यह जुमेराती, छोटे भैया कॉर्नर, हनुमानगंज, मंगलवारा, इतवारा, चिंतामन चौक, चौक, लखेरापुरा, भवानी चौक, सिंधी मार्केट होता हुआ जवाहर चौक और जनकपुरी पहुंचकर समाप्त होगा। इस दौरान भोपाल टॉकीज चौराहा, नादरा बस स्टैण्ड, भारत टॉकीज तिराहा, रॉयल मार्केट, मोती मस्जिद से आवश्यकतानुसार ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा।*

## ग्रीन होली की अनोखी पहल... कचरे के बदले मिल रहा नेचुरल रंग, कचरा कैफे में फूलों से बने रंग और गुलाल

**भोपाल।** कचरा कैफे ने इस बार होली को ग्रीन होली के रूप में मनाने का संकल्प लिया है। केमिकल रंगों से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए यहां प्राकृतिक फूलों और पत्तियों से घर पर ही रंग और गुलाल तैयार किए गए हैं। कैफे द्वारा तैयार किए गए रंग पूरी तरह प्राकृतिक हैं, जो त्वचा के लिए नुकसानदायक नहीं हैं। सूखे फूलों की पंखुड़ियों, पत्तियों और जैविक सामग्री से बने रंग स्वास्थ्य के अनुकूल हैं। इन रंगों के उपयोग से स्वास्थ्य पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ेगा और न ही इन्हें छुड़ाने के लिए घंटों तक रगड़ना होगा। इसके साथ ही खुश्बू से सराबोर ये रंग जिसे लगेंगे वे भी महक जाएंगे।


कचरा कैफे पर बिक्री के लिए रखे पैकेट।

### कचरा कैफे की अनोखी मुहिम

घरों से निकला कचरा पुराने कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक कबाड़ और प्लास्टिक कैफे में जमा कर रहे हैं। इसके बदले उन्हें प्राकृतिक रंग और गुलाल दिए जा रहे हैं। इससे एक ओर जहां होली उत्सव पर्यावरण के अनुकूल बन रहा है, वहीं दूसरी ओर कचरा प्रबंधन और रीसाइक्लिंग को भी प्रोत्साहन मिल रहा है।

## देर रात पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, लोगों से मांगे सुझाव


लोगों से संवाद करते हुए पुलिस कमिश्नर संजय कुमार।

**भोपाल।** राजधानी में होली और रमजान के त्योहारों के बीच पुलिस लगातार लोगों के बीच संपर्क बनाए हुए हैं। लोगों को समझाइश है। रात के समय खास तौर पर संदिग्ध अवस्था में घूमने वाले लोगों पर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि हम प्रदेश में लॉ एड ऑर्डर की स्थिति को बेहतर बनाकर रखे हुए हैं। भोपाल में पुलिस कमिश्नर संजय कुमार सोमवार रात को लोगों के बीच पहुंचे वहां पर लोगों से सुरक्षा संबंधी विषयों पर बातचीत की। इसके साथ ही कुमार ने वहां पर लोगों से सुझाव के लिए कानून व्यवस्था और साथ-साथ अपराधों में कमी लाने के लिए कई विषयों को लेकर बातचीत की है। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने कहा कि नशे से लोगों को दूर रहने की जरूरत है। नशे की अवस्था में अधिक अपराध किया जाता है। ऐसा कई मामलों में देखा गया है।

## तबीयत बिगड़े तो घबराएं नहीं, एंबुलेंस-अस्पताल 24 घंटे अलर्ट पर

होली और रंगपंचमी के दौरान भोपालवासियों की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने इमरजेंसी प्लान तैयार किया है। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि सभी सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी वार्ड में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम की ड्यूटी लगाने के साथ बेड रिजर्व किए गए है। साथ ही जहां बड़े जुलूस और भीड़ जमा होती है, वहां 108 एंबुलेंस तैनात रहेंगी ताकि किसी भी हादसे या तबीयत बिगड़ने पर तुरंत मदद पहुंचाई जा सके। डॉ. शर्मा ने लोगों को आगाह किया है कि बाजार में मिलने वाले सस्ते और चटक रंगों में लेड ऑक्साइड, कॉपर सल्फेट और माइका जैसे खतरनाक केमिकल हो सकते हैं। ये न केवल त्वचा में जलन पैदा करते हैं, बल्कि आंखों की रोशनी और सांस की नली के लिए भी घातक हो सकते हैं। अगर रंग लगने के बाद त्वचा पर खुजली या सांस लेने में दिक्कत महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### यह रहेगा प्लान


एक स्कूल में एक दूसरे को रंग लगाकर होली मनाते स्कूली बच्चे।

होली पर त्वचा में जलन, आंखों में खुजली-लालिमा, सांस की तकलीफ और सड़क हादसों के मामले बढ़ जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने हर सरकारी अस्पताल में कम से कम 10 बेड रिजर्व रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी इमरजेंसी में मरीज को तुरंत भर्ती किया जा सके। प्रमुख और संवेदनशील इलाकों में 108 एंबुलेंस को तैनात रहने का आदेश दिया गया है, जिससे किसी भी घटना पर त्वरित पहुंच संभव हो। इमरजेंसी स्टाफ के लिए विशेष ड्यूटी रोस्टर तैयार किया गया है। अस्पतालों में आई ड्रॉप, एंटी-एलर्जिक दवाएं, बर्न ट्रीटमेंट किट और अन्य जरूरी दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### होली खेलने के सुरक्षित उपाय

- **तेल का सुरक्षा कवच:** रंग खेलने से पहले शरीर पर नारियल का तेल या मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं।
- **पूरी बाजू के कपड़े:** कोशिश करें कि शरीर ज्यादा से ज्यादा ढका रहे ताकि रंग सीधे स्किन के संपर्क में न आए।
- **हर्बल ही बेस्ट है:** केवल प्राकृतिक और हर्बल रंगों का ही इस्तेमाल करें।
- **नशे से तौबा:** शराब और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से बचें, क्योंकि ज्यादातर हादसे नशे की हालत में ही होते हैं।

## अपनों के साथ होली मनाने ट्रेनों और बसों में दिखी खचाखच भीड़

### स्टेशन पर नहीं थी पैर रखने जगह ट्रेन में सवार होने मची आपा-धापी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भोपाल व रानीकमलापति रेलवे स्टेशन और नादरा, आईएसबीटी बस स्टेशन पर मंगलवार को भीड़ रही। अपनों के साथ होली मनाने घर जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ थी। भोपाल स्टेशन पर दिनभर ही अच्छी खासी भीड़ रही है। लेकिन दोपहर करीब 4 बजे के बाद बाद तो स्टेशन पर पैर रखने तक के लिए जगह नहीं दिखाई दे रही थी। जो भी ट्रेन आ रही थी। उनमें सवार होने को लेकर लोगों की आपा-धापी मच गई। कई लोग पटरी के पास खड़े होकर दूसरी साइट से बैठने की कोशिश करते नजर आए। रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त टिकट काउंटर बनाने के बाद भी यात्रियों को अनारक्षित टिकट लेने के लिए कतार में लगना पड़ा। इसी तरह बसों में चढ़ने के लिए मारामारी मची रही और यात्रियों को सीट मिलना मुश्किल हो गया।

### आरपीएफ ने संभाला मोर्चा, लगातार लगे रहे व्यवस्था बनाने में


किसी तरह ट्रेन में तो सवार हुए...

आरपीएफ के जवान प्लेटफॉर्म पर लगातार व्यवस्था बनाने में जुटे दिखाई दिए। ट्रेन आने से पहले किसी को ट्रेन के पास जाने की इजाजत नहीं दी गई। इसके अलावा यात्रियों के लगेज सहित अन्य सामग्री की जांच की गई। तो वहीं रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ रूटों पर स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। इसके बाद भी ट्रेनों में भारी भीड़ देखने को मिली। जनरल व स्लीपर कोच नहीं बढ़ाने से सामान्य यात्रियों को ट्रेनों में सीट के लिए अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

### इन ट्रेनों में यात्रियों की अधिक भीड़ देखने मिली

भोपाल स्टेशन पर राज्यरानी, कुशीनगर एक्सप्रेस, दक्षिण एक्सप्रेस, छतीसगढ़ एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों जैसे ही प्लेटफार्म पर यात्री उनमें सवार होने के लिए के दौड़ते देखे जा रहे थे। कई लोग तो रेलवे ट्रैक पार कर ट्रेन के अंदर जाने में मशक्कत करते नजर आए।

### बसों में नजर आई क्षमता से अधिक सवारियां

होली पर राजधानी के विभिन्न बस स्टैंड से रवाना होने वाली सभी बसें यात्रियों से खचाखच भरकर जा रही हैं। बस चालक क्षमता से अधिक सावारियों को बैठा रहे हैं। 50 सीटर बसों में 70 से 80 यात्रियों बैठा रहे हैं। इसके चलते यात्रियों को बसों में चढ़ने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। कई यात्री जो भारी भीड़ के कारण बस में नहीं चढ़ पाए, वे दूसरी बस का इंतजार करते दिखे।



बस स्टैंड पर अपनी बस तलाशते लोग।

### शिकायतों के चलते हुई कार्रवाई
## कई साल से जिला शिक्षा कार्यालय में जमे बाबू जॉयसन को हटाया

**निष्पक्ष जांच के लिए भेल स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि में भेजा**


सीजे जॉयसन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सालों से पदस्थ और लगातार विवादों में रहने वाले सहायक ग्रेड-03 सी.जे. जॉयसन को आखिरकार डीईओ कार्यालय से हटा दिया गया है। शिकायतों की निष्पक्ष जांच को ध्यान में रखते हुए बाबू जॉयसन को फिलहाल भेल स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि में भेजा गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने आदेश जारी कर दिए हैं।

हालांकि पूर्व में भी बाबू जॉयसन को यहां से हटाने के आदेश हुए थे, लेकिन इस आदेश पर अमल नहीं हो सका। लगभग एक माह बाद वे पुनः पदस्थापित हो गए थे। अब देखना होगा कि वर्तमान आदेश का पूर्ण पालन होता है या यह कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह जाती है।

दरअसल, जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने संयुक्त संचालक लोक शिक्षक, भोपाल संभाग की शिकायत की निष्पक्ष जांच को ध्यान रखते हुए यह आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, जांच पूर्ण होने तक जॉयसन को आगामी आदेश तक शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि, भेल भोपाल में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्हें समस्त प्रभार तत्काल सौंपने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार, संपूर्ण प्रभार प्रशंत कुदेशिया, सहायक ग्रेड 2 को सौंपे गए हैं।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाने स्कूली बालिकाओं को लगेगी वैक्सीन

**स्कूल प्रबंधन लेगा पालकों की सहमति टाइम लिमिट बैठक में कलेक्टर ने दी नसीहत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिलाओं को गर्भाशय के सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए 14 से पंद्रह साल की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जानी है, जिसके लिए सरकारी और प्राइवेट स्कूल की बालिकाओं को शामिल किया गया है। बालिकाओं को वैक्सीन लगाने के लिए पालकों की सहमति भी ली जानी चाहिए। यह बात कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से कही।

जिला टीकाकरण अधिकारी रितेश रावत ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन भोपाल के 18 सरकारी अस्पतालों में यह वैक्सीन लगाई जा रही है। 14 से 15 साल की उम्र की बालिकाओं को यह टीका लगाया जाना है। इस दौरान यूविन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की जानकारी भी दी गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं की लाइन लिस्टिंग कर इनके परिजनों को टीकाकरण करवाने के लिए प्रेरित किया जाए। स्कूलों में बैठक आयोजित कर टीके से होने वाले फायदे की जानकारी बताई जाए। सीएमएचओ मनीष शर्मा ने बताया कि भोपाल में करीब 27 हजार बालिकाओं को वैक्सीन लगाई जाएगी।

## हर घर की होगी जियो टैंगिंग, 35 लाख आबादी के हिसाब से 5 हजार प्रगणक होंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंद्रह साल बाद देश में होने जा रही जनगणना के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं, जिसके तहत राजधानी की 35 लाख आबादी का डेटा ऑनलाइन फीड किया जाएगा, जिसके लिए जिले में पांच हजार प्रगणकों को ट्रेनिंग दी जा रही है। एक मई से शुरू होने वाली जनगणना में सबसे पहले मकानों का डेटा फीड किया जाएगा, जिसके तहत मकानों की जियो टैगिंग भी की जाएगी। इसका सीधा फायदा यह होगा कि दूसरे चरण में आम लोगों का डेटा फीड करने में आसानी होगी। शिक्षक, क्लर्क और अन्य कर्मचारी जनगणना के लिए प्रगणक नियुक्त होंगे, जबकि पर्यवेक्षक उसे बनाया जाएगा जो प्रगणकों से सीनियर होगा।

इस आदेश के बाद कलेक्टर अब प्रगणक और पर्यवेक्षक की तैनाती कर सकेंगे। जनगणना 2027 के लिए अधिकारियों की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी कर दिया है। जिला जनगणना अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर मकानों की गणना की जाएगी।

### ऑल टाइम रिकार्ड के अनुसार 30 मार्च 2021 को रहा है दिन का पारा 41 डिग्री
# अभी से छांव तलाश रहे लोग, 34.2 डिग्री के साथ साल का सबसे गर्म दिन दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। मंगलवार को भोपाल में इस साल का सबसे गर्म दिन का पारा 34.2 डिग्री रहा। गर्मी के तीखे होते तेवर के कारण अब सुबह 11 बजे से ही लोगों ने तेज धूप से बचने के लिए छांव की तलाश शुरू कर दी है। इस साल गर्मी मार्च में ही तीखे असर दिखाएगी। मौसम वैज्ञानिक वीरेंद्र सिंह यादव के अनुसार राजधानी के दिन के तापमान में ऑलटाइम रिकार्ड के अनुसार सबसे अधिक दिन का पारा 41 डिग्री 30 मार्च 2021 को रहा था। इस साल भी 40 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी मौसम साफ रहने से दिन के तापमान में अभी और बढ़त होगी। नया पश्चिमी विक्षोभ 6 मार्च को आएगा, जिसके बाद हवा में बदलाव होगा। इससे तापमान में कमी आएगी। मौसम में भी बदलाव हो सकता है।

### दिन-रात के पारे में दो गुना तक अंतर


शाम 6.10 बजे कोहेफिजा रोड का नजारा।

मार्च के शुरूआत में ही दिन में तेज गर्मी और रात में गुलाबी सर्दी का अहसास बना हुआ है। यहां दिन और रात के तापमान में करीब दो गुना तक अंतर दर्ज हो रहा है। भोपाल में औसत दिन का पारा 31 डिग्री है, जबकि रात का 15 डिग्री तक बना हुआ है। प्रदेशभर में यह अंतर अभी दर्ज हो रहा है। प्रदेश में औसत दिन का पारा 32 और रात का 16 डिग्री के करीब है। इससे सर्दी, खांसी, जुकाम जैसी मौसमी बीमारियों का असर बना हुआ है।

### अभी और बढ़ेगी गर्मी

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ एक ट्रफ के रूप में सक्रिय है, जबकि एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन गुजरात के ऊपर सक्रिय है। अब 6 मार्च को एक अन्य डब्ल्यूडी पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में सक्रिय होगा। इससे अगले सप्ताह हवाएं बदलने से मौसम में बदलाव और तापमान में कुछ कमी की उम्मीद है। अभी अगले तीन से चार दिन गर्मी में और तेजी से इजाफा होगा। इससे दिन का पारा 35 से 36 डिग्री तक भी पहुंच सकता है।

## जैकेट का शेष...

### भस्मारती में उड़ा ...

में प्रतिदिन होने वाली 5 आरतियों में से 3 के समय में परिवर्तन किया जाएगा।

**ग्रहण का असर नहीं-**
महाकाल मंदिर पर ग्रहण का प्रभाव क्यों नहीं होता, इस पर मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने बताया कि भगवान महाकाल कालों के काल कहलाते हैं। दक्षिण दिशा काल की मानी जाती है और महाकाल का मुख दक्षिण की ओर है, इसलिए वे काल पर नियंत्रण रखते हैं। इस कारण कोई भी ग्रह, नक्षत्र या ग्रहण महाकाल को प्रभावित नहीं कर सकता। ग्रहण के दिन मंदिर की व्यवस्थाएं सामान्य दिनों की तरह रहेंगी, लेकिन ग्रहण के चलते न पुजारी और न ही श्रद्धालु भगवान को स्पर्श करेंगे। इस दौरान गर्भगृह में पुजारी मंत्रोच्चार करेंगे। ग्रहण समाप्त होने के बाद पुजारी स्नान कर मंदिर का शुद्धिकरण करेंगे, फिर भगवान का जलाभिषेक किया जाएगा। शाम को भोग अर्पित किया जाएगा।

### यहां सुख-दुख, ...

है। संयुक्त परिवार की विशेषता यह है कि यहां सुख-दुख, उत्सव और चुनौतियां सभी मिलकर साझा की जाती हैं। परिवार के अधिकांश सदस्य व्यवसाय से जुड़े हैं और सभी के अपने-अपने कारोबार हैं, लेकिन निर्णय हमेशा सामूहिक सहमति और बड़ों के मार्गदर्शन में लिए जाते हैं। विवाह समारोह हो, त्योहार या तीर्थयात्रा-हर आयोजन में परिवार की एकता झलकती है। परिवार के वरिष्ठ सदस्य बताते हैं कि नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़कर रखना ही उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। बच्चों को बचपन से ही पारिवारिक परंपराओं, धार्मिक आस्था और सामाजिक जिम्मेदारियों का महत्व समझाया जाता है। यही कारण है कि आधुनिक जीवनशैली के बीच भी परिवार की जड़ें अपनी संस्कृति से मजबूती से जुड़ी हुई हैं।

### 1901 से वही मकान ...

हैं, जिनकी कोई संतान नहीं है, लेकिन वे पूरे परिवार को एक सूत्र में बांधे हुए हैं। उमेश घोलप ने बताया कि परिवार की सबसे बड़ी ताकत आपसी प्रेम, सम्मान और परंपराओं के प्रति आस्था है। परिवार के सदस्य नौकरीपेशा और निजी व्यवसाय से जुड़े हैं, लेकिन सभी महत्वपूर्ण निर्णय सामूहिक रूप से लिए जाते हैं। घोलप परिवार की विशेष परंपरा घर के सामने होलिका दहन करने की है। वर्षों से यह धार्मिक अनुष्ठान घर के मुख्य द्वार के सामने पूरे विधि-विधान से संपन्न किया जाता है। इस वर्ष भी परिवार के सभी सदस्यों ने एकत्र होकर होलिका दहन किया। इसके बाद सभी परिजन मिलकर होली का पर्व मनाएंगे।

## पेज एक का शेष...

### ईरान के राष्ट्रपति...

शासन के लीडरशिप कंपाउंड के अंदर की सुविधाओं पर हमला किया और उन्हें खत्म कर दिया। ईरान के नए रक्षा मंत्री सैयद माजिद अब अल-रेज़ा हमले में मारे गए हैं। इजराइली मीडिया ने इसका दावा किया गया है। उन्होंने दो दिन पहले ही ईरान के रक्षा मंत्री का पद संभाला था, जिसके 48 घंटे बाद ही उनके मारे जाने की खबर सामने आई है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई समेत ईरान की टॉप लीडरशिप खत्म हो चुकी है।

### ईरान ने कहा-....

*जोड़ता है। दुनिया भर में जो क्रूड ऑयल सप्लाई होता है, उसका बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। इसलिए अगर इस मार्ग पर कोई रुकावट आती है, तो उसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है।*

***टकराव पर भारत की नजर विदेश मंत्रालय ने बताया- राष्ट्रीय हित में लिए जा रहे फैसले :*** *विदेश मंत्रालय ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष शुरू होने के बाद ही भारत ने गहरी चिंता जताई है। भारत इस क्षेत्र का नजदीकी पड़ोसी है और यहां की सुरक्षा व स्थिरता से उसके सीधे हित जुड़े हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में लगभग एक करोड़ भारतीय रहते और काम करते हैं। उनकी सुरक्षा और भलाई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हाल के हमलों में कुछ भारतीयों की मौत और लापता होने की खबरें भी आई हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास और वाणिज्य दूतावास लगातार समुदाय के संपर्क में हैं और समय-समय पर एडवाइजरी जारी कर रहे हैं। सरकार ने साफ किया कि भारत की व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला इसी क्षेत्र से गुजरती है। किसी भी बड़े व्यवधान का भारतीय अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है*

### मेरे भारतीयों को...

न होने पाए। यह कोई सामान्य कूटनीतिक गतिविधि नहीं है। 48 घंटों के भीतर प्रधानमंत्री मोदी ने मिडिल ईस्ट के लगभग पूरे जीसीसी यानी गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल के नेतृत्व से बात कर डाली है। मंगलवार को उन्होंने ओमान के सुल्तान, सुल्तान हैथम बिन तारिक से बात की। इसके तुरंत बाद उन्होंने कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ फोन पर चर्चा की। ये सभी भारतीय केवल दफ्तरों में काम करने वाले लोग नहीं हैं। इनमें से एक बहुत बड़ा हिस्सा ब्लू-कॉलर वर्कर्स का है, जो कंस्ट्रक्शन साइट्स, तेल के कुओं, रिफाइनरियों और घरों में काम करते हैं।

### दुबई में फंसे ....

एयरलाइन द्वारा संचालित यह पहली उड़ान है। एयर इंडिया ने यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने में सहयोग और समर्थन के लिए भारत सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और दुबई के स्थानीय अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### भारत के पास....

डीजल की कीमतें बढ़ाने का तुरंत कोई प्लान नहीं है। केप्लर के अनुसार भारत के पास लगभग 100 मिलियन बैरल कमर्शियल क्रूड ऑयल का स्टॉक है। स्टोरेज टैंकों, अंडरग्राउंड स्ट्रेटेजिक रिजर्व और देश की ओर आने वाले जहाजों में जो होर्मुज स्ट्रेट से तेल के बहाव में रुकावट आने पर लगभग 40-45 दिनों की जरूरत को पूरा कर सकता है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 88% कच्चा तेल इम्पोर्ट करता है। कच्चा तेल, पेट्रोल और डीजल जैसे फ्यूल के लिए कच्चा माल है, जिसमें से 50% से ज्यादा मिडिल ईस्ट के देशों से सप्लाई होता है और यह होर्मुज की पतली स्ट्रेट से होकर गुजरता है, जहां से तेल का फ्लो ईरान संकट के कारण रुक गया है।

### राहुल सिन्हा टकरा...

उम्मीदवार हैं छत्तीसगढ़ इकाई की उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा। छत्तीसगढ़ में सक्रिय और वरिष्ठ महिला नेत्री लक्ष्मी वर्मा को पार्टी ने राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। लक्ष्मी वर्मा छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य के साथ ही भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। 59 वर्षीय लक्ष्मी वर्मा राज्य के प्रभावशाली माने जाने वाले कुर्मी समाज ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) से आती हैं। मूल रूप से बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की निवासी लक्ष्मी वर्मा अब रायपुर में रहती हैं।

### असम से जोगेन....

गोवाला को अब राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। भाजपा ने अपनी ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल को राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। लंबे समय से ओडिशा की सत्ता पर काबिज नवीन पटनायक को सत्ता से बेदखल करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले मनमोहन सामल को राज्यसभा के लिए आगे बढ़ाकर पार्टी ने बड़ा इनाम दिया है। 2024 के ओडिशा विधानसभा चुनाव में वह मामूली अंतर से हार गए थे लेकिन राज्य में कमल खिलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बिहार से दलित....

मंत्री छेदी पासवान की जगह शिवेश कुमार राम को भाजपा ने 2024 में सासाराम से लोकसभा उम्मीदवार बनाया था। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हाल के वर्षों में भाजपा ने किसी दलित चेहरे को राज्यसभा नहीं भेजा है अब पार्टी ने शिवेश कुमार पर भरोसा जताया है। संजय भाटिया हरियाणा से राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी होंगे। साल 2019 में करनाल लोकसभा चुनाव ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बावजूद संजय भाटिया को पार्टी ने अगले लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनाया था। उनकी जगह पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने चुनाव लड़ा था। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने लड़ने की इच्छा व्यक्त की थी लेकिन पार्टी ने संगठन की जिम्मेदारी दी। अब भाजपा ने उन्हें इनाम के तौर पर राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया है।

### भीड़ ने युवक ...

पहुंची और बालक को भीड़ से छुड़ाकर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बालक मानसिक रूप से कमजोर प्रतीत हो रहा था और उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। एसपी के अनुसार इलाज के दौरान बालक अस्पताल से चला गया था। बाद में उसकी एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। आशंका है कि अस्पताल से निकलने के बाद किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कर अंतिम संस्कार करा दिया है। अब तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है और परिजनों की तलाश जारी है।

### फिल्म 'शतक...

से फिल्म को टैक्स फ्री करने की घोषणा की। राज्य शासन ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया। आशीष मल्ल निर्देशित इस फिल्म को कथानक, समाज उपयोगी गुणों तथा सांस्कृतिक उत्थान के दृष्टिगत मप्र में प्रदर्शन की अवधि दिनांक 3 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक के लिए एसजीएसटी में छूट रहेगी। राज्य शासन ने अपने पत्र में कहा कि प्रतिपूर्ति की राशि दर्शकों से राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) की धनराशि वसूल की गई हो, तो ऐसी राशि वापसी योग्य नहीं होगी।

### भारत में सबसे ...

माना जाता है। जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और उसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है, तब चंद्र ग्रहण होता है। इस दौरान चंद्रमा का रंग हल्का लाल या तांबे जैसा दिखाई देता है, इसलिए इसे ब्लड मून भी कहा जाता है। चांद के फ़ेज पूरे होने में 29.5 दिन लगते हैं, जिसका मतलब है कि 12 लूनर साइकिल पूरे होने में सिर्फ 354 दिन लगते हैं। इसलिए हर 2.5 साल या उसके आस-पास, एक कैलेंडर साल में 13वीं पूर्णिमा देखी जाती है। यह 13वीं पूर्णिमा नॉर्मल नाम देने के तरीके के हिसाब से नहीं है और इसे ब्लू मून कहा जाता है। अगला ब्लू मून 31 मई, 2026 को होगा।

# शिवराज शुरू करेंगे मामा कोचिंग, 5 मार्च से केंद्रीय कृषि मंत्री ले रहे 5 संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 5 मार्च को अपने जन्मदिन पर 5 बड़े संकल्प लेने जा रहे हैं। वे पर्यावरण, सेवा, सहायता, शिक्षा और प्रतिभा प्रोत्साहन को लेकर पंच प्रण लेंगे। केंद्रीय मंत्री चौहान ने अपने दोनों मंत्रालयों कृषि और ग्रमीण विकास मंत्रालय में यह परंपरा शुरू करा दी है कि विभागीय कार्यक्रमों में गुलदस्ते, शॉल, और मोमेंटो के बजाय पौधे भेंट करके स्वागत करें। अब सरकारी और पार्टी के कार्यक्रमों में स्वागत में माला, मोमेंटो, शॉल लेने के बजाय एक पौधा लगाकर उसकी फोटो भेंट करने की अपील करेंगे।

इसके जरिए वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। इस पहल पर उनका कहना है उपहार न दें, उपकार करें। पौधे लगाने वाले लोग एक क्यूआर कोड के जरिए अपनी फोटो पोर्टल पर अपलोड करके शिव वृक्ष मित्र बन सकेंगे।

### मोबाइल हॉस्पिटल शुरू करेंगे

केंद्रीय मंत्री चौहान विदिशा संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में मोबाइल हॉस्पिटल( चलित अस्पताल) शुरू करेंगे। इन चलित अस्पतालों में डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ तैनात रहेगा जो बीमार लोगों की जांच और उपचार मुहैया कराएगा। मोबाइल हॉस्पिटल की व्यवस्था सांसद निधि से होगी, और संचालन के लिए जनसहयोग लिया जाएगा। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र के दिव्यांगों को खोजकर उन्हें मोटराइज्ड ट्राई साइकिल भेंट करेंगे। इसकी शुरुआत वे विदिशा से कर चुके हैं।

### मामा कोचिंग में गरीब स्टूडेंट्स को मिलेगी फ्री कोचिंग

चौहान विदिशा रायसेन और सीहोर जिले के भेरूंडा में मामा कोचिंग शुरु करेंगे। इन मामा कोचिंग में विदिशा संसदीय क्षेत्र के गरीब छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री कोचिंग मिलेगी। इसमें मप्र पीएससी की भी फ्री कोचिंग कराई जाएगी। यह कोचिंग ऑनलाइन भी कराई जाएगी, ताकि जो छात्र कोचिंग सेंटर तक नहीं आ पा रहे हैं।

वह अपने घर पर भी इसका लाभ ले सके। विदिशा रायसेन और भेरूंदा में 100 - 100 स्टूडेंट्स का पहला बैच शुरू होने जा रहा है। 5 मार्च से इसके फार्म भरे जाएंगे। वे विदिशा संसदीय क्षेत्र की आठवां विधानसभाओं के 10वीं 12वीं में फर्स्ट सेकंड थर्ड आने वाले टॉप थ्री स्टूडेंट्स को सम्मानित करेंगे इस प्रकल्प को उन्होंने प्रेम सुंदर प्रतिभा सम्मान नाम दिया है।

### बाबू और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से मांगी गई सालभर के कामकाज की रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में कर्मचारियों के वर्क परफॉर्मेंस को लेकर बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया गया है। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों से तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सालभर के कामकाज का विस्तृत ब्यौरा मांगा है। इस संबंध में विभाग ने अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि वे 7 दिन के भीतर संबंधित कर्मचारियों से उनके वार्षिक कार्य का विवरण प्राप्त करें। साथ ही अधिकारियों को भी कर्मचारियों की कार्यप्रदर्शन रिपोर्ट तैयार कर सामान्य प्रशासन विभाग को भेजनी होगी। पदोन्नति वास्तविक कार्य प्रदर्शन से होगी।

**फौती नामांतरण एवं स्वामित्व स्पष्टीकरण संबंधी सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारों श्री उमाकांत गुंदेचा, श्री अखिलेश गुंदेचा एवं स्वर्गीय श्री रमाकांत गुंदेचा (सभी पुत्र स्व. श्री चांदमल गुंदेचा) द्वारा एक किता प्लाट क्र. रढ-38 जिसका क्षेत्रफल 100.80 वर्ग मीटर (7.20 मी. x 14.00 मी.) है, और जो की लेकपर्ल स्प्रिंग में स्थित एवं खसरा क्रमांक 476/3/1/2 (क), 476/3/1/2(ख), 476/3/1/1, 463/2, 463/1/1, 462/1, 462/2,462/3 ग्राम गोंदरमऊ, तहसील बैरागढ़ (हुजूर) जिला भोपाल का अंश-भाग है, को संयुक्त रूप से क्रय किया गया था। यह की उक्त संपत्ति के पंजीकृत विक्रय पत्र में मेरे पक्षकारों को त्रुटिवश गुंदेचा बंधु' (Gundecha Bandhu) का भागीदार (Partner) दर्शाया गया है। इस सूचना के माध्यम से यह स्पष्ट किया जाता है कि "गुंदेचा बंधु" भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 या कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कोई पंजीकृत पार्टनरशिप फर्म, प्रोपराइटरशिप, एलएलपी (LLP) या कोई अन्य व्यावसायिक/कानूनी इकाई नहीं है, बल्कि यह ध्रुपद गायन के क्षेत्र में विख्यात मेरे पक्षकारों का केवल एक कलात्मक/मंचीय नाम (Professional Stage Name) है इसलिए गुंदेचा बंधु' साथ किया गया कोई भी अनुबंध, समझौते, भुगतान या कानूनी लेनदेन सीधे तौर पर उपरोक्त व्यक्तियों के साथ उनकी व्यक्तिगत क्षमता किया जाता है, इसलिए उक्त संपत्ति पर तीनों भाइयों का व्यक्तिगत रुप से संयुक्त स्वामित्व (Co-ownership) है।यह की मेरे पक्षकारों में से एक सह-स्वामी श्री रमाकांत गुंदेचा का स्वर्गवास हो चुका है और अब उनके विधिक उत्तराधिकारियों के रूप में केवल उनकी पत्नी श्रीमती रेणु गुंदेचा और उनका एकमात्र पुत्र श्री अनंत गुंदेचा ही जीवित हैं। अतः उक्त संपत्ति के राजस्व/नगर निगम अभिलेखों में स्वर्गीय श्री रमाकांत गुंदेचा के हिस्से का फौती नामांतरण उनके विधिक उत्तराधिकारियों (पत्नी श्रीमती रेणु गुंदेचा एवं पुत्र श्री अनंत गुंदेचा) के नाम पर, जीवित भाइयों श्री उमाकांत गुंदेचा एवं श्री अखिलेश गुंदेचा के साथ संयुक्त रूप से दर्ज कराने हेतु सक्षम न्यायालय (तहसीलदार महोदय, बैरागढ़ (हुजूर), भोपाल) के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को इस फौती नामांतरण या स्वामित्व के स्पष्टीकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर अपने मूल दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी (मुझ अधिवक्ता) से संपर्क कर सकता है या सक्षम न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा और नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

अधिवक्ता शिशिर सक्सेना (9039080078)
बिजनस आई फिनलीगल
एफ 21 हरेकृष्णा मार्केट 10 न. अरेरा कॉलोनी भोपाल मध्यप्रदेश

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)**

// निविदा सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक 30/मु.अ. (सेतु परिक्षेत्र) / वर्ष 2025-26 — भोपाल, दिनांक 24/02/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसारट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रू लाख में) | ईएमडी राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित सम्पूर्ण दस्तावेज जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_484723_1 | जबलपुर | पुल कार्य | जबलपुर जिले के अंतर्गत बनखेडी ककरेहटा मार्ग में हिरन नदी पर पहुँचमार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य । | द्वितीय | 2157.86 | केवल ऑन-लाईन |
| 2 | 2026_PWDRB_484724_1 | खरगोन | पुल कार्य | खरगोन जिले के ग्राम माकडखेडा से पीपलगोन रोड वेदा नदी पर रपटा के स्थान पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य । | प्रथम | 1374.93 | केवल ऑन-लाईन |
| 3 | 2026_PWDRB_484725_1 | बैतूल | पुल कार्य | बैतूल जिले के ग्राम बीजादेही से टांगना मार्ग पर मोरण्ड नदी पर पहुँच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य । | द्वितीय | 843.56 | केवल ऑन-लाईन |
| 4 | 2026_PWDRB_484727_1 | डिण्डोरी | पुल कार्य | डिण्डोरी जिले के गाढासरई बछरगांव मार्ग में चकरार नदी पर पहुँच मार्ग सहित जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य । | तृतीय | 557.76 | केवल ऑन-लाईन |
| | | | | कुल योग | | 4934.11 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 17/03/2026 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G-26854/25 — " स्वच्छता ही सेवा "

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़), भोपाल**

क्रमांक-/ अ-12/ रा.नि./2025-26
भोपाल दिनांक-02/03/2026
// सूचना-पत्र //

मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के अंतर्गत 01. श्री पूरन सिंह यादव आ. श्री सीताराम यादव, निवासी-लाऊखेड़ी, भोपाल, 02.श्री संदीप यादव आ. पूरन सिंह यादव, निवासी-लाऊखेड़ी भोपाल 03. श्री प्रेमसिंह यादव आ. पूरनसिंह यादव, निवासी-लाऊखेड़ी, भोपाल, 04. श्री सीताराम आ. गोटरी, निवासी-लाऊखेड़ी, भोपाल, 05. सर्व संबंधित पक्षकार विषय:- म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को संनिर्मित करने हेतु। संदर्भ:- न्या. तह.स.हि.राम नगर भोपाल के रा.प्र.क्र.-0312/अ-12/2025-26 दिनांक 25.02.2026 उपरोक्त विषयान्तर्गत संबंध में माननीय न्यायालय तहसीलदार, संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल के पालन में आवेदक-श्री पूरन सिंह यादव आ. श्री सीताराम यादव निवासी लाऊखेड़ी, भोपाल नगरीय क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-लाऊखेड़ी, भोपाल में अवस्थित खसरा नंबर 115/4/2 (S) रकबा 0.0280 हे., रा.नि. वृत्त-संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) का सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को संनिर्मित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश प्रदान किये गये है। अतः उक्त आदेश के पालन में मेरे द्वारा दिनांक 06/03/2026 को समय दोपहर 12.00 बजे से सीमांकन तथा चिन्हों के संनिर्मित करने की कार्यवाही किया जाना निश्चित किया गया है। आपका पड़ोसी कृषक / हितबद्ध पक्षकार होने के कारण सूचित किय जाता है कि आप भी सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को संनिर्मित की कार्यवाही के समय भूमि स्वामित्व संबंधी मूल एवं छायाप्रति दोनों दस्तावेजों सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष रख सकते है। आपकी अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन तथा सीमा चिन्हों को संनिर्मित की कार्यवाही स्थगित नहीं की जावेगी।

राजस्व निरीक्षक
संत हिरदाराम नगर

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473



हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

फार्म हाउस उपलब्ध है
प्राकृतिक सोन्दर्य से भरपूर संपूर्ण सुविधाओं के साथ।
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
अम्बाड़ी हिल्स फार्महाउस
दीवानगंज में मेन विदिशा रोड पर
सम्पर्क करें 9755600569, 9755600827
हर रविवार आफिस से साइट विजिट की सुविधा
आफिस: आदित्य कन्स्ट्रक्शन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल



Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## शब्द पहेली - 6156



**बाएँ से दाए-**
1.फिसलना-4
5.गुनाह,जुर्म-4
8.नाव चलानेवाला-3
9.लड़ी,श्रंखला -2
11.ईर्ष्या,डाह-3
12.उद्देश्य,वजह-4
14.भोजन-2
15.थकावट-3
17.जी,चित-2
19.मंत्र पढ़ना-2,3
22.राजपुत्र,राज कुंवर-2,3
25.यात्रा करनेवाला-2
26.समझौता,संधि-3
27.ईसाई साध्वी-2
28.मनमुटाव-4
30.नौकर-3
31.बदला-2
33.गर्भ,कोख-3
35.रुआफ-4
36.सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2.लम्हा,क्षण-2
3.नामित,मनोनीत-4
4.रनिवास,हरम-5
5.बुद्धि-3
6.गोंद,लाख-2
7.हृदयगति,स्पंदन- 4
10.विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13.शिक्षा,पाठ-3
16.कालिख,कालापन-3
17.इंकार,मनाही-2
18.झंडा,पताका-2
20.चौकसी, रखवाली-3
21.मोटा आटा, सूजी -2
22.निशा,रात-2
23.अच्छे कुल का-3
24.प्रस्थान,विदा-4
25.यान चलाने वाला-2,3
26.सुंदरी,षोडशी, कुमारी-4
28.प्रार्थना,मनोकामना-4
29.गरल,विष-3
32.ताला (अंग्रेजी-2)
34.पात्र,थापा,संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -6155 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ला | क | मा | न | ■ | ■ | क | मी | ज | ■ |
| रा | ल | ■ | न | ■ | श | प | थ | ■ | मा | मा |
| म | ■ | ■ | ध | नि | क | ■ | न | ■ | ■ | लि |
| दे | ह | दा | न | ■ | ■ | अ | ■ | ल | ल | क |
| ह | ■ | खि | ■ | बे | शु | मा | र | ■ | ह | ■ |
| ■ | सा | ल | ■ | ल | ■ | न | ■ | सु | र | ■ |
| ■ | हि | ■ | ब | गा | व | त | ■ | र | ■ | हा |
| ज | ल | न | ■ | म | ■ | ■ | अ | भि | मा | नि |
| ग | ■ | ■ | चु | ■ | रा | ज | न | ■ | ■ | का |
| त | र | ■ | ना | ह | क | ■ | ब | ■ | चा | र |
| ■ | ब | हा | व | ■ | ■ | म | न | मो | ह | क |

## सूडोकु नवताल - 6166

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6165 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## चिंतन

# बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करेगी भारत-कनाडा डील

भारत और कनाडा के बीच हालिया समझौतों ने द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा दी है। विशेष रूप से 10 वर्ष के संभावित यूरेनियम आपूर्ति समझौते ने ऊर्जा सुरक्षा, सामरिक सहयोग और आर्थिक साझेदारी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और बढ़ती आबादी के कारण भारत में ऊर्जा की मांग लगातार ऊंचाई पर है। ऐसे में विश्व के प्रमुख यूरेनियम उत्पादकों में शामिल कनाडा के साथ दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता भारत की परमाणु ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं को मजबूती देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी के बीच हुई वार्ता ने स्पष्ट किया कि दोनों देश केवल व्यापारिक लेन-देन तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि रणनीतिक विश्वास को भी गहराई देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे नई ऊर्जा, आपसी विश्वास और सकारात्मकता का प्रतीक बताया। यह वक्तव्य केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देशों की साझा प्राथमिकताओं का संकेत है। भारत की ऊर्जा नीति में परमाणु ऊर्जा की भूमिका लगातार बढ़ रही है। कोयले पर निर्भरता कम करने और स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परमाणु ऊर्जा एक स्थिर और कम-कार्बन विकल्प प्रदान करती है। 2013 में लागू हुए परमाणु सहयोग समझौते के बाद कनाडा से यूरेनियम आपूर्ति शुरू हुई थी। अब प्रस्तावित 3 अरब डॉलर का दीर्घकालिक समझौता इस सहयोग को अगले दशक तक स्थिरता देगा। इससे भारत के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को निरंतर ईंधन उपलब्ध होगा और उत्पादन क्षमता में विस्तार संभव होगा। कनाडा दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा यूरेनियम उत्पादक देश है। ऐसे में उसकी आपूर्ति क्षमता विश्वसनीय मानी जाती है। भारत के लिए यह समझौता केवल ऊर्जा का प्रश्न नहीं, बल्कि रणनीतिक विविधीकरण का भी हिस्सा है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला के जोखिमों को देखते हुए भारत का दीर्घकालिक अनुबंध करना दूरदर्शी कदम माना जा सकता है। हालांकि यह साझेदारी केवल यूरेनियम तक सीमित नहीं है। दोनों देशों ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। रक्षा एवं सुरक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग भी इस संबंध का महत्वपूर्ण आयाम है। समुद्री क्षेत्र जागरूकता, सैन्य आदान-प्रदान और रक्षा उद्योगों में साझेदारी का निर्णय दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। भारत दालों का बड़ा उपभोक्ता है और कनाडा प्रमुख निर्यातक। अनुसंधान, उत्पादकता और आपूर्ति श्रृंखला के आधुनिकीकरण में सहयोग से दोनों देशों को लाभ होगा। शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में संभावनाएं भी व्यापक हैं, क्योंकि बड़ी संख्या में भारतीय छात्र कनाडा में अध्ययन करते हैं। फिर भी, इस साझेदारी की सफलता केवल समझौतों पर निर्भर नहीं करेगी। इसे जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करना, पारदर्शिता बनाए रखना और आपसी संवेदनशील मुद्दों को संवाद से सुलझाना आवश्यक होगा। ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और रणनीतिक संतुलन इन तीनों के संगम पर खड़ा यह समझौता भारत और कनाडा के रिश्तों को नई दिशा देता है। यदि यह सहयोग तय लक्ष्यों के अनुरूप आगे बढ़ता है, तो न केवल भारत की बढ़ती ऊर्जा मांग पूरी होगी, बल्कि दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच भरोसे का एक स्थायी सेतु भी निर्मित होगा। यही इस समझौते की वास्तविक उपलब्धि होगी।



**इज़राइल-ईरान युद्ध**
डॉ. घनश्याम बादल

# विचार, वर्चस्व व संप्रभुता का खूनी संघर्ष

> अमेरिका और इज़राइल के लिए ईरान केवल एक देश नहीं, बल्कि ऐसी शक्ति संरचना है जो उनके प्रभुत्व वादी ढांचे को चुनौती देती है, उनकी भू-राजनीतिक रणनीति को असहज करती है और उनकी वैश्विक व्यवस्था के लिए वैचारिक ख़तरा बन लगती है। ईरान के विरुद्ध इस आक्रामकता की जड़ें तो स्वार्थपरक राजनीति में हैं, लेकिन उसकी शाखाएं अर्थव्यवस्था, समाज और वैश्विक शक्ति-संतुलन तक फैली हुई हैं। यदि यह युद्ध नहीं रुका, तो इतिहास इसे एक और ऐसे मोड़ के रूप में दर्ज करेगा, जहां मानवता ने विवेक के बजाय वर्चस्व को चुना, संवाद के बजाय हथियारों को और न्याय के बजाय शक्ति को।

अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमले आज की वैश्विक राजनीति का वह क्रूर चेहरा है, जहां 'शक्ति ही नीति' है और नीति नैतिकता का स्थान ले चुकी है। अमेरिका और इज़राइल के लिए ईरान केवल एक देश नहीं, बल्कि ऐसी शक्ति संरचना है जो उनके प्रभुत्व वादी ढांचे को चुनौती देती है, उनकी भू-राजनीतिक रणनीति को असहज करती है और उनकी वैश्विक व्यवस्था के लिए वैचारिक ख़तरा बन लगती है। ईरान के विरुद्ध इस आक्रामकता की जड़ें तो स्वार्थपरक राजनीति में हैं, लेकिन उसकी शाखाएं अर्थव्यवस्था, समाज और वैश्विक शक्ति-संतुलन तक फैली हुई हैं।

ईरान ने पश्चिमी वर्चस्व को स्वीकार करने से इनकार किया है। उसने न केवल अपनी राजनीतिक स्वतंत्रता को सर्वोपरि रखा, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर भी स्वयं को एक वैकल्पिक शक्ति-केंद्र के रूप में स्थापित करने की कोशिश की। यह वही 'प्रतिरोध की धुरी' है, जो अमेरिकी-इज़राइली प्रभाव क्षेत्र को सीधी चुनौती देती है। वैचारिक धरातल पर इज़राइल के लिए यह चुनौती अस्तित्व का प्रश्न है, क्योंकि ईरान न केवल उसकी नीतियों का विरोध करता है, बल्कि उसके प्रभुत्व को भी अस्वीकार करता है। जबकि अमेरिका के लिए यह टकराव इससे भी ज़्यादा मायने रखता है क्योंकि ईरान उसकी वर्ल्ड लीडर की भूमिका, सैन्य-संधि व्यवस्था और आर्थिक एकाधिकार के लिए सीधी चुनौती है। निर्विवाद रूप से ईरान ऊर्जा संसाधनों की दृष्टि से एक वैश्विक शक्ति है। तेल और गैस के विशाल भंडार, फारस की खाड़ी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर रणनीतिक प्रभाव, और वैकल्पिक ऊर्जा व्यापार मार्गों की संभावनाएं,ये सभी वैश्विक पूंजी के समीकरणों को प्रभावित करती हैं। अमेरिका और उसके सहयोगियों की नीति हमेशा से रही है कि वैश्विक ऊर्जा प्रवाह उनके नियंत्रण में रहे, इसके विपरीत, ईरान रूस और चीन जैसे देशों के साथ मिलकर एक वैकल्पिक आर्थिक धुरी खड़ी करने की कोशिश करता रहा है, जो डॉलर आधारित वैश्विक व्यवस्था को चुनौती देती है इसीलिए यह संघर्ष केवल बम और मिसाइलों का नहीं है, मुद्रा, बाजार, व्यापार मार्ग और संसाधनों के नियंत्रण का भी युद्ध है।

सामाजिक स्तर पर यह टकराव पश्चिमी आधुनिकता बनाम इस्लामी-सांस्कृतिक स्वायत्तता का संघर्ष है। ईरान जिस सामाजिक मॉडल को अपनाता है, वह पश्चिमी उदार लोकतांत्रिक ढांचे से भिन्न है। यह भिन्नता जीवन-दृष्टि, और सांस्कृतिक पहचान की है। इसलिए यह युद्ध एक वैचारिक युद्ध भी है, जहां मीडिया, सूचना, प्रचार और मनोवैज्ञानिक दबाव भी हथियार बन रहे हैं। बेशक, अमेरिका और इजराइल बहुत ताकतवर हैं लेकिन सामरिक दृष्टि से ईरान को कमज़ोर आंकना ऐतिहासिक भूल होगी।

प्रत्यक्ष सैन्य शक्ति में अमेरिका और इज़राइल तकनीकी रूप से भले ही आगे हों, लेकिन ईरान की असीमित युद्ध क्षमता उसे अत्यंत प्रभावी बनाती है। मिसाइल तकनीक, ड्रोन नेटवर्क, साइबर युद्ध क्षमता और क्षेत्रीय सहयोगी समूह उसे एक ऐसे देश के रूप में स्थापित करते हैं जो पारंपरिक युद्ध के नियमों से नहीं,



बल्कि नेटवर्क आधारित युद्ध से लड़ता है। यही कारण है कि यह संघर्ष किसी निर्णायक युद्ध में बदलने के बजाय एक लंबे, थकाऊ और व्यापक अस्थिरता के रूप में फैलने की ओर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। बीते समय में आर्थिक प्रतिबंधों ने ईरानी समाज को कमजोर किया है, महंगाई और बेरोज़गारी ने असंतोष को जन्म दिया है, लेकिन बाहरी हमलों ने एक विरोधाभासी स्थिति भी पैदा की है-जहां सत्ता के प्रति आलोचना के बावजूद राष्ट्र के प्रति निष्ठा मजबूत होती है। बाहरी ख़तरा समाज को विभाजित करने के बजाय एक प्रकार की राष्ट्रीय एकजुटता पैदा करता है, जो सत्ता को वैधता भी देता है और विरोध को सीमित भी करता है।

अब तक इस संघर्ष में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई सहित कई बड़े सैन्य और रणनीतिक नेतृत्वकर्ता मारे जा चुके हैं। रिवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ अधिकारी, रक्षा और वैज्ञानिक कार्यक्रमों से जुड़े प्रमुख नाम, और क्षेत्रीय अभियानों के योजनाकार टकराव की भेंट चढ़ चुके हैं। ईरान विरोधी ताकतों की एक रणनीति है नेतृत्व, ज्ञान और संरचना को तोड़ने की नीति, ताकि ईरान की दीर्घकालिक सामरिक क्षमता कमजोर हो सके। वैश्विक स्तर पर इसके प्रभाव दूरगामी और विनाशकारी हैं। ऊर्जा बाज़ार में अस्थिरता, तेल की कीमतों में उछाल, वैश्विक मुद्रास्फीति का दबाव, विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर संकट और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों की अनिश्चितता इस संघर्ष के प्रत्यक्ष परिणाम होंगे। यह युद्ध दुनिया को स्पष्ट रूप से दो ध्रुवों में बांट रहा है। एक ओर अमेरिका-इज़राइल और उनके सहयोगी हैं, दूसरी ओर ईरान के साथ सहानुभूति रखने वाली शक्तियां हैं। अभी तक रूस और चीन इस संघर्ष में प्रत्यक्ष भागीदार नहीं हैं, लेकिन रणनीतिक रूप से गहराई से जुड़े हैं, क्योंकि ईरान की स्थिरता उनके भू-राजनीतिक और आर्थिक हितों से जुड़ी है। तुर्की, सऊदी अरब और खाड़ी देशों के लिए यह युद्ध क्षेत्रीय संतुलन को अस्थिर करने वाला कारक है।

भारत पर ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, समुद्री मार्गों और प्रवासी नागरिकों के माध्यम से युद्ध का गहरा प्रभाव पड़ेगा। यह संघर्ष यदि रोका नहीं गया, तो यह केवल मध्य-पूर्व का संकट नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक संकट में बदल जाएगा। यह एक ऐसी आग है, जो धीरे-धीरे पूरे अंतरराष्ट्रीय तंत्र को अपनी चपेट में ले सकती है। युद्ध का विस्तार केवल भौगोलिक नहीं होगा, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर पूरी दुनिया को अस्थिर करेगा। संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संस्थानों की भूमिका अब बेमानी बन चुकी है। वास्तविक आवश्यकता है एक नई वैश्विक राजनीतिक इच्छा-शक्ति की, जहाँ संवाद को युद्ध से ऊपर रखा जाए, संतुलन को प्रभुत्व से ऊपर और सह-अस्तित्व को वर्चस्व से ऊपर। प्रतिबंधों की राजनीति, सैन्य दबाव और रणनीतिक घेराबंदी ने अब तक केवल हिंसा को जन्म दिया है, समाधान नहीं। यह संघर्ष केवल ईरान, अमेरिका या इज़राइल का प्रश्न नहीं, वैश्विक नैतिकता का प्रश्न है।

यह उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का आईना है, जहां ताकतवर देशों के लिए युद्ध नीति है और कमज़ोर देशों के लिए नियति। यदि यह युद्ध नहीं रुका, तो इतिहास इसे एक और ऐसे मोड़ के रूप में दर्ज करेगा, जहां मानवता ने विवेक के बजाय वर्चस्व को चुना, संवाद के बजाय हथियारों को और न्याय के बजाय शक्ति को। यही वक्त है जब दुनिया को तय करना होगा कि वह शक्ति की राजनीति के साथ चलेगी या शांति की राजनीति के साथ और यदि यह चुनाव अब नहीं हुआ, तो भविष्य में विकल्प ही नहीं बचेगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आह्वान
डॉ. मार्कण्डेय आहूजा



# टूटते परिवारों के बीच संस्कारों की पुकार

आज जब दुनिया तेज़ी से हर क्षण बदल रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जीवन को सरल बना रही है और सुख सुविधाएं बढ़ रही हैं, तब एक प्रश्न गंभीरता से हमारे सामने खड़ा है कि क्या हमारा परिवार उतना ही सशक्त हो रहा है जितना हमारा बाहरी विकास? आर्थिक प्रगति, शहरीकरण, स्मार्ट सिटी और डिजिटल जीवनशैली के बीच भारतीय समाज की मूल इकाई; हमारा परिवार धीरे-धीरे संवादहीनता, संवेदनहीनता, पीढ़ियों की दूरी और संस्कारों के क्षरण का सामना कर रहा है। ऐसे समय में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पंच परिवर्तन में से एक "कुटुम्ब प्रबोधन" का होना केवल सामाजिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आह्वान है और इस दिशा में यदि कोई कालजयी मार्गदर्शक है तो वह है भगवद् गीता। कुटुम्ब प्रबोधन का प्रथम सूत्र है; अधिकार से पहले कर्तव्य। गीता का सबसे बड़ा संदेश है; कर्तव्य। "कर्मण्येवाधिकारस्ते..." का सिद्धांत केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं है; वह गृहस्थ जीवन का भी मूल है।

आज अधिकांश पारिवारिक विवादों की जड़ में "अधिकार" की अपेक्षा है। पति अपेक्षा करता है, पत्नी अपेक्षा करती है, माता-पिता अपेक्षा करते हैं, बच्चे अपेक्षा करते हैं परंतु यदि हर सदस्य अपने अधिकार से पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान दें, तो घर का वातावरण स्वतः संतुलित हो सकता है। कुटुम्ब प्रबोधन का दूसरा सूत्र है; संवाद को जीवित रखना। गीता का संपूर्ण उपदेश संवाद का अद्भुत उदाहरण ही तो है। अर्जुन भ्रमित थे, किंतु उन्होंने प्रश्न पूछे। श्रीकृष्ण ने उन्हें सुना, समझाया, तर्क दिए और अंततः निर्णय का अधिकार भी उन्हीं को सौंपा। आज परिवारों में सबसे बड़ा संकट संवाद का टूटना है। घर में लोग साथ रहते हैं, पर मन अलग-अलग दिशाओं में भटकते हैं। मोबाइल स्क्रीन ने आमने-सामने बैठकर बात करने की परंपरा को कम कर दिया है। प्रतिदिन कुछ समय ऐसा हो, जब परिवार के सदस्य बिना किसी मोबाइल या अन्य उपकरण के केवल एक-दूसरे से बातचीत करें। तीसरा सूत्र है समभाव यानि हर सदस्य को उसकी विशिष्टता सहित स्वीकार करना। गीता 5.18 में समदृष्टि की शिक्षा दी गई है। विद्वान, साधु, ब्राह्मण, गाय, हाथी; सबमें एक ही आत्मा का दर्शन। यदि यह दृष्टि परिवार में आ जाए तो तुलना की प्रवृत्ति समाप्त हो सकती है। आज भाई-बहन की तुलना, बच्चों की उपलब्धियों की तुलना और आर्थिक स्थिति की तुलना से ईर्ष्या व असंतोष जन्म लेते हैं।



चौथा सूत्र है कि परिवार संस्कारों का प्रथम विद्यालय है और भारतीय इतिहास इस बात का प्रमाण है। शिवाजी मराठा केवल युद्ध कौशल से महान नहीं बने; उनके पीछे माता जिजाऊ के संस्कार थे। इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व के निर्माण में उनकी माता भुवनेश्वरी देवी की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण रही। स्पष्ट है कि सशक्त परिवार ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। आज परिवारों के सामने अनेक चुनौतियां हैं जैसे संयुक्त परिवार का विघटन, पीढ़ियों के बीच वैचारिक दूरी, डिजिटल एवं अन्य व्यसन, और जीवन की तीव्र प्रतिस्पर्धा। गीता इन सबका समाधान; संयम, संतुलन और आत्मचिंतन के माध्यम से देती है। जब व्यक्ति स्वयं को साधता है, तब परिवार सधता है और जब परिवार सधता है, तब समाज संगठित होता है। कुटुम्ब प्रबोधन के व्यावहारिक प्रयोगों में परिवार में सामूहिक प्रार्थना या ध्यान की परंपरा अपनायें। सप्ताह में कम से कम एक दिन सामूहिक भोजन व खुला संवाद करें। बच्चों को नैतिक साहित्य या गीता का एक श्लोक सिखायें। बड़ों के अनुभवों को सुनें और सम्मान दें। निर्णयों में सभी की सहभागिता रखें।

ये छोटे-छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। कुटुम्ब प्रबोधन कोई नारा नहीं है, यह एक जीवन शैली है। यह हमें याद दिलाता है कि परिवर्तन संसद से नहीं, संस्कार से आता है; नीतियों से नहीं, परिवारों से आता है। भगवद्गीता हमें सिखाती है कि भ्रम की स्थिति में भी संवाद, कर्तव्य और समत्व का मार्ग अपनाया जाए। यदि यह शिक्षा हर घर तक पहुंचे, तो परिवार केवल रहने का स्थान नहीं रहेगा अपितु वह मूल्य निर्माण का केंद्र बनेगा। समय की पुकार स्पष्ट है कि यदि हमें समाज को सशक्त बनाना है तो परिवार को जागृत करना होगा और परिवार को जागृत करने के लिए गीता का प्रकाश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कुरुक्षेत्र में था।

(लेखक प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
**दर्शन**

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा।

## व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

## श्री कष्टभंजन देव मंदिर' में 'होली'



**बोटाद।** गुजरात के बोटाद के सालंगपुर गांव में मंगलवार को 'श्री कष्टभंजन देव हनुमानजी मंदिर' में 'होली' की पूर्व संध्या पर उत्सव के दौरान लोगों ने खूब 'गुलाल' उड़ाया।

## आज की पाती

### बच्चों की परीक्षाएं और क्रिकेट का उन्माद

हद होती है हर चीज की। लगभग चौबीस घंटे, बारह महीने क्रिकेट ही क्रिकेट का असहनीय शोर-शराबा। सबको मालूम है भारत में मार्च-अप्रैल महीने विद्यार्थियों के लिए कितने अधिक महत्वपूर्ण हैं! आईपीएल तो हर साल ही होता है, और इस बार ये 'टी-20 वर्ल्ड कप' का हल्ला-गुल्ला भी निरंतर चल ही रहा है। इन्हीं दो महीनों में लगभग सारे भारत के लगभग सभी स्कूलों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के विभिन्न प्रकार की बहुत सारी परीक्षाएं और एंट्रेंस टेस्ट होते हैं। ऐसे में देश के हर शहर, कालोनी, नुक्कड़, गली-मोहल्ले, गांव-देहात में घर-बाहर क्रिकेट का ये सर्वथा गैर-जरूरी शोर, हो-हल्ला तथा अवांछित चर्चाएं गंभीर और मेधावी विद्यार्थियों के लिए बड़ी चुनौती बने रहते हैं। परीक्षा सीजन में इस पर नियंत्रण जरूरी है। *- मुकेश ठाकुर, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# आर्थिक चुनौतियों की छाया में होगी चीन की संसदीय बैठक



चीन की आधुनिक अर्थव्यवस्था की प्रगति कुंग-फू लड़ने वाले रोबोट और खुद से पार्क होने वाली कारों से भले ही दिखती हो, लेकिन रियल एस्टेट क्षेत्र की सुस्ती, छोटे व्यवसायों की मुश्किलें और युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी उसकी रफ्तार को थाम रही हैं। चीनी नेता शी चिनफिंग की उच्च प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित महत्वाकांक्षाओं और धीमी पड़ती आर्थिक वृद्धि की कठोर वास्तविकताओं के बीच का अंतर उस पृष्ठभूमि को रेखांकित करता है, जिसके बीच देश की औपचारिक मानी जाने वाली संसद 'नेशनल पीपुल्स कांग्रेस' की वार्षिक बैठक बृहस्पतिवार से शुरू हो रही है। करीब 3,000 प्रतिनिधियों की मौजूदगी वाली बैठक में शीर्ष नेता वार्षिक आर्थिक वृद्धि लक्ष्य और 2030 तक की नीतिगत रूपरेखा पेश करेंगे। विश्लेषकों के अनुसार, राष्ट्रपति शी चिनफिंग के सामने सबसे बड़ी चुनौती उच्च-प्रौद्योगिकी आधारित विकास और घरेलू मांग को संभालने के बीच संतुलन की है। चीन ने 2025 में लगभग पांच प्रतिशत आर्थिक वृद्धि का दावा किया है, हालांकि कई अर्थशास्त्री आधिकारिक आंकड़ों पर सवाल उठा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ व्यापारिक तनाव के बावजूद निर्यात में उछाल और विनिर्माण क्षेत्र की मजबूती ने अर्थव्यवस्था को सहारा दिया है।

## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं - लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है - एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा - 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।

## ट्रेंड

### मुक्त व्यापार समझौते



भारत ने बहुत सारे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। हमारे लिए अवसरों का बहुत बड़ा द्वार खुला है। ऐसे में हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम गुणवत्ता पर कभी भी समझौता न करें।
**- पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### बेटियों को आर्थिक सुरक्षा



'लखपति बिटिया योजना' और 'मेरी पूंजी, मेरा अधिकार' के जरिए हम बेटियों को आर्थिक सुरक्षा और उनका हक दे रहे हैं। त्योहारों पर फ्री गैस सिलेंडर योजना से गृहिणियों को बचत का उपहार मिल रहा है। वहीं, 'सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड' से उनकी यात्रा सुरक्षित और आसान बनी है।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### डोल महोत्सव



भक्ति, संस्कृति और लोकपरंपरा के दिव्य संगम का प्रतीक श्रीश्रीकृष्ण डोल महोत्सव हमारी आध्यात्मिक चेतना की उज्ज्वल अभिव्यक्ति है। पावन बटद्रवा थान में आज होली का यह आध्यात्मिक पर्व मन को गहन आनंद और शांति से भर गया।
**हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### वन्यजीवों का योगदान



प्रकृति में पर्यावरण संतुलन एवं जैव विविधता को बनाए रखने में वन्यजीवों का महत्वपूर्ण योगदान है। आज विश्व वन्यजीव दिवस पर इनके संरक्षण, संवर्धन और प्राकृतिक आवासों की रक्षा का संकल्प लेना हम सभी की जिम्मेदारी है।
**अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### महाप्रभु का मनाया 540वां प्राकट्य दिवस

**भोपाल।** फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन भोपाल के पटेल नगर,रायसेन रोड स्थित मुख्य इस्कॉन मंदिर में भगवान श्री चैतन्य महाप्रभु का 540 वां प्राकट्य दिवस श्री गौर पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस साल पूर्णिमा महोत्सव की विशेषता यह थी कि जब सन1486 में फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन भगवान् श्री चैतन्य महाप्रभु का प्राकट्य हुआ था उस दिन भी चंद्र ग्रहण था और पूरे 540 वर्ष बाद इस वर्ष यह शुभ अवसर पुनः आया जब श्री गौर पूर्णिमा के दिन चंद्र ग्रहण पड़ा। इस अवसर पर मंदिर को फूलों एवं लाइटिंग से सजाया गया और भगवान श्री गौर राधा वल्लभ को 2 लाख रुपए मूल्य के नवीन वस्त्रों एवं दिव्य आभूषणों से अलंकृत, सज्जित किया गया। इस अवसर पर अमेरिका के एटलांटा शहर से सात भक्त पिछले एक सप्ताह से इस कार्यक्रम को मनाने के लिए मंदिर में पधारे हुए हैं।

### खेड़ापति माता मंदिर में दी भजनों प्रस्तुति

**औबेदुल्लागंज।** हिरानिया के प्राचीन खेड़ापति माता मंदिर में श्री मानस मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। वरिष्ठ अरविंद राय, संतोष गुप्ता, राजकुमार माहेश्वरी, मुकेश श्रीवास्तव, लोकेश वर्मा, तेजसिंह नागर, दीपेश गिरी, पंकज शर्मा, अनिल नागर, संदीप माहेश्वरी, अनुराग राय, गोपाल विश्वकर्मा, मोहित, मन्नूलाल, हरीश, विशेष, राजेन्द्र, आदर्श, प्रमोद मालवीय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत श्री मानस मंडल द्वारा आयोजन समिति को स्मृति चिन्ह स्वरूप राम दरबार भेंट किया। इस आयोजन के लिए आयोजन समिति, धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं, माता बहनों को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

### दुर्गेश नगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोनीत

**औबेदुल्लागंज।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने के जिला कांग्रेस अध्यक्ष विधायक



देवेन्द्र पटेल की सहमति से दुर्गेश यादव खिल्लीखेड़ा को औबेदुल्लागंज नगर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। कांग्रेस के निर्वाचित युवा कांग्रेस यादव पूर्व में भोजपुर विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। इस अवसर पर इमरत सिंह दरबार, सूरजमल गौर, बसंत साहू, राजेश खटीक, महेश जैन, उत्तम यादव, हरजीत सिंह मंगू, कमलेश लोधी, अनिल प्रजापति आदि ने बधाई दी।

### दीपू परमार का धूमधाम से मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** पार्षद एवं नगर परिषद अध्यक्ष के दावेदार दीपू परमार का मंगलवार को जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। उनके जन्म देने पर विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, मिडिया प्रभारी पंकज कोठरी, कोमल चौहान, माधव यादव, नरेश सेठी आदि लोगों ने बधाई दी।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 3 वर्ष की सजा

**भोपाल ।** 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के घर में घुसकर उसके साथ अश्लील छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त राज वर्मा पिता जितेन्द्र वर्मा उम्र 22 वर्ष वर्तमान निवासी कोलार कॉलोनी चुना भट्टी भोपाल, स्थायी निवासी ग्राम सैंतोल भांडेर दतिया मप्र को अपर सत्र न्यायाधीश मनोहर लाल पाटीदार ने दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अजय शंकर प्रजापति एवं ज्योति कुजूर तथा अभियुक्त राज वर्मा की ओर से अधिवक्ता आशीष निगम द्वारा पैरवी की गई थी। घटना 29 नवंबर 2022 की है।

---

करीब 90 प्रतिशत घरों में नियमित जल सप्लाई भी शुरू

# जल जीवन मिशन : केंद्र से प्रदेश को 8 हजार करोड़ मिलने की उम्मीद
# 1.15 करोड़ घरों तक नल से जल पहुंचाने की अब रफ्तार होगी तेज

नल जल योजनाओं के तहत कुछ गांवों में काम की गति अपेक्षाकृत धीमी

सरकार का दावा, केंद्र और राज्य की संयुक्त वित्तीय सहायता से शेष कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



फाइल फोटो

केंद्रीय बजट के बाद मध्य प्रदेश में 'हर घर नल से जल' योजना को नई गति मिलने की उम्मीद है। जल जीवन मिशन के तहत केंद्र सरकार से करीब 8 हजार करोड़ रुपए मिलने की संभावना जताई जा रही है। इससे प्रदेश में पाइप लाइन आधारित पेयजल परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए जल जीवन मिशन हेतु 67,300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। वहीं राज्य सरकार ने भी अपने बजट में 4 हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि इस योजना के लिए रखी है।

सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2026 तक प्रदेश के सभी 1.15 करोड़ घरों तक पाइप लाइन के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाए। अभी तक प्रदेश के लगभग 73 प्रतिशत घरों तक पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। इनमें से करीब 90 प्रतिशत घरों में नियमित जल सप्लाई भी शुरू हो चुकी है। हालांकि समूह नल जल योजनाओं के तहत कुछ गांवों में काम की गति अपेक्षाकृत धीमी है। कारण यह है कि कई स्थानों पर 100 किलोमीटर तक दूर स्थित जलाशयों से पानी लाने की व्यवस्था की गई है, जिससे तकनीकी और लॉजिस्टिक चुनौतियां सामने आ रही हैं।

### 6 जिले अभी भी पिछड़े

पाइप जलापूर्ति के मामले में सिंगरौली, सतना, अलीराजपुर समेत छह जिले अभी 60 प्रतिशत प्रगति से नीचे हैं। इन जिलों में मप्र राज्य जल निगम के माध्यम से समूह जल योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जहां लंबी पाइपलाइन और स्रोत विकास का कार्य जारी है। वहीं भोपाल, इंदौर, बालाघाट, हरदा और ग्वालियर सहित 22 जिलों में 80 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। इनमें से 10 जिलों में 90 प्रतिशत से ज्यादा कार्य पूर्ण होने के बाद नियमित जलापूर्ति शुरू कर दी गई है।

### *ग्राउंड रिपोर्टः बदली गांवों की तस्वीर*

राजगढ़ शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर बिलुआ, छेवरा और लेउआ जैसे गांवों में हर गर्मी में पेयजल संकट गहराता था। ग्रामीणों को दूर-दूर तक पानी के लिए भटकना पड़ता था। अब पाइप लाइन बिछने के बाद इन गांवों में नियमित जलापूर्ति शुरू हो चुकी है।रामगढ़ गांव के प्रताप सिंह दांगी बताते हैं कि अब उनके गांव में दिन में दो बार पर्याप्त दबाव के साथ पानी मिलता है। इससे वर्षों पुरानी पेयजल समस्या काफी हद तक खत्म हो गई है। सरकार का दावा है कि केंद्र और राज्य की संयुक्त वित्तीय सहायता से शेष कार्यों को तय समय सीमा में पूरा कर प्रदेश को 'हर घर नल से जल' के लक्ष्य के करीब पहुंचाया जाएगा

---

10 दिन बेहोश रहने के बाद एम्स में तोड़ा दम

# तेज रफ्तार लोडिंग ऑटो ने एक्टिवा सवार युवकों को मारी टक्कर, मौत

*आरोपी चालक अपना लोडिंग वाहन लेकर मौके से फरार हो गया*

*पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक और ऑटो की तलाश शुरू कर दी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित तीन मोहरों की ओर जाने वाले मेन रोड पर तेज रफ्तार लोडिंग ऑटो ने एक्टिवा सवार दो दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। दोनों दोस्त नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद जा रहे थे। गाड़ी चला रहे युवक को गंभीर चोटें आने के कारण एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जबकि उसके साथी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। करीब दस दिन चले इलाज के बाद सोमवार देर रात मौत हो गई।

पुलिस का कहना है कि हादसे के बाद आरोपी चालक अपना लोडिंग वाहन लेकर मौके से फरार हो गया था। उसका अब तक सुराग नहीं लग सका है। प्रकरण दर्ज कर आरोपी चालक और ऑटो की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक कुम्हार मोहल्ला शाहजहांनाबाद निवासी अब्दुल्ला खान पुत्र फैजान खान (18) पढ़ाई करता था। विगत 21 फरवरी को वह अपनी एक्टिवा से नमाज पढ़ने जाने के लिए घर से निकला था। उसका दोस्त भी साथ था और गाड़ी पर पीछे बैठा था। अभी वे दोनों तीन



मोहरों की ओर जाने वाले मेनरोड पर पहुंचे ही थे कि तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार लोडिंग ऑटो के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक वहां रुका नहीं, बल्कि दोनों लड़कों को तड़पता छोड़कर मौके से भाग निकला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने अब्दुल्ला और उसके साथी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया था। गंभीर हालत देखते हुए अब्दुल्ला को एम्स रेफर किया गया था। इस बीच 10 दिन तक उसे होश नहीं आया। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक करने के बाद भी आरोपी चालक और ऑटो का सुराग नहीं लग सका है।

पुलिस ने नाबालिगों को नोटिस देकर छोड़ा

### किशोर पर सगे नाबालिग भाइयों ने किया चाकू से जानलेवा हमला

*भोपाल। गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित रिसालदार कॉलोनी में सोमवार दोपहर करीब तीन बजे 16 साल के किशोर से दो सगे नाबालिग भाइयों ने मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू किशोर के पैर में दो जगह लगा है। चाकू मारने वाले नाबालिगों में एक नाबालिग किशोर का पुराना दोस्त बताया जा रहा है। मामला नाबालिगों से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने मारपीट और चाकू मारने वाले नाबालिगों को नोटिस देकर छोड़ दिया। पुलिस के अनुसार 16 साल का किशोर राजगढ़ कॉलोनी, गौतम नगर में रहता है। महज सातवीं कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद वह पढ़ाई छोड़ चुका है। सोमवार दोपहर वह अपने 13 साल के भाई के साथ रिसालदा कॉलोनी से घर जा रहा था। इसी बीच उसे उसका दोस्त और उसका भाई मिल गया। दोनों ने मारपीट शुरू कर दी और चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि नाबालिगों में एक नाबालिग किशोर का दोस्त है। किशोर का किसी अन्य साथी से विवाद हुआ था। इस पर नाबालिग दोस्त से किशोर ने कुछ कह दिया था। इसका बदला लेने नाबालिग ने अपने भाई के साथ मिलकर किशोर पर चाकू से हमला कर दिया।*

---

पुलिस मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारण का पता लगाने में जुटी

# युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या, नहीं मिला सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित गंगा ब्लॉक सहसंगम अपार्टमेंट लालघाटी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश उसके छोटे भाई ने हॉल में पेकिंग करने वाली प्लास्टिक की रस्सी से पंखे पर लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद मृतक के भाई को सौंप दिया है। वह शव लेकर भिंड स्थित अपने पैतृक गांव निकल गया। पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लगा रही है।

पुलिस के अनुसार अमित पचोरी पिता देवेंद्र पचौरी (22) मूलतः भिंड का रहने वाला था। वह अपने भाई अनुज पचौरी के साथ भोपाल आया था। दोनों भाई मामा जलेबी वाले के पास काम करते थे और उनके गंगा ब्लॉक सहसंगम अपार्टमेंट लालघाटी में रहते थे। वे यहीं पर पैकिंग का काम करते थे। अनुज ने पुलिस को बताया कि रविवार रात दोनों ने खाना खाया और सो गए थे। सोमवार सुबह करीब छह बजे अनुज की नींद खुली तो उसने हॉल में अमित को फांसी के फंदे पर लटका देखा। इसके बाद मालिक को घटना की जानकारी दी। इधर सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला।

### बिजनेस में घाटा होने पर फिजियो थैरेपिस्ट ने फांसी लगाकर दी जान



कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित सेंट व्हेली कॉलोनी में फिजियो थैरेफिस्ट ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उन्होंने किसी के साथ पार्टनर शिप में बिजनेस में रुपए निवेश किए थे। बिजनेस में घाटा होने के कारण वह तनाव में रहने लगे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि कुबेर अवस्थी पिता अंजनी अवस्थी (42) सेंट व्हेली कॉलोनी अमलाश चौराहा, कटारा हिल्स में रहते थे और फिजियो थैरेपिस्ट थे। उनकी पत्नी उत्तर प्रदेश में बच्चे के साथ रहती हैं और शासकीय स्कूल में टीचर है। परिजन ने बताया कि होली का त्यौहार होने के कारण सभी लोग घर में नमकीन, मिठाई बना रहे थे। कुबेर अंदर वाले कमरे में अपने कजिन के साथ सो रहे थे। शाम करीब पांच बजे कजिन की नींद खुली तो उसने कुबेर को फांसी के फंदे पर लटके देख शोर मचाया। परिजन कुबेर को फंदे से उतारकर एम्स लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजन ने बताया कि कुबेर ने अपने साथियों के साथ बिजनेस में रुपए लगाए थे। बिजनेस में घाटा होने के बाद वह गुमशुम रहने लगे थे। अनुमान है कि बिजनेस में घाटा होने के कारण उन्होंने यह कदम उठाया है।

---

भाजपा जिला मंडल उपाध्यक्ष बनने पर विनय का स्वागत

## भाजपा में नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का हरसंभव प्रयास करूंगाः विनय

सहरिभूमि न्यूज ▶▶ तनगर

भाजपा जिला मंडल उपाध्यक्ष बनने पर विनय दादलानी का रामलीला उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, राजेश बेलानी, राजेश हिंगोरानी, नरेन्द्र लालवानी, मोहन लालवानी, पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, बसंत चेलानी, चन्द्र कुमार इसरानी, कमल वीधानी, जगदीश यादव, जीतू कटारिया, हीरो इसरानी, नानक दादलानी, दिलीप खिलवानी, बिट्टू जे.के., कन्हैया इसरानी, इन्द्र भोजवानी, गुलाब जेठानी, विनय रावत, वासदेव वाधवानी, सूरज यादव, सोनू जय माता दी शामिल है। इस अवसर पर विनय दादलानी ने संबोधित करते



हुए कहा कि मेरा यह सम्मान आप सबका सम्मान है, कार्यकर्ताओं का सम्मान है। उन्होंने विधायक रामेश्वर शर्मा एवं जिलाध्यक्ष रविन्द्र यती एवं समस्त संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी में उन्हें जो ज़िम्मेदारी सौंपी है, उसका कर्तव्यनिष्ठा से निर्वाहन कर नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने का हरसंभव प्रयास करूंगा।

## संदिग्ध अवस्था में मृत मिली महिला की हत्या का खुलासा पति चंद घंटों में गिरफ्तार

**भोपाल।** पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत थाना कजलीखेड़ा पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में मृत पाई गई महिला की हत्या का खुलासा करते हुए आरोपी पति को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी भोपाल से भागने की फिराक में था। जांच के दौरान मृतका सोनम प्रजापति की हत्या उसके पति जितेन्द्र प्रजापति द्वारा किया जाना पाया गया।

आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था, जिसके चलते दोनों के बीच आए दिन विवाद होते थे। लगभग एक माह पहले आरोपी ने संदेह के कारण पत्नी का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया था। 1 मार्च की रात मोबाइल चलाने की बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान आरोपी ने पत्नी की पहनी हुई कुर्ती से उसका गला दबाया और दो बार लात मारी, जिससे वह फर्श पर गिर गई और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी ने साक्ष्य छुपाने की नीयत से फर्श पर पड़ा खून साफ किया, मृतका के कपड़े धोकर दोबारा पहनाए और शव को घर के पास खाली पड़े प्लॉट में पानी के बीच रख दिया, ताकि मामला आत्महत्या का प्रतीत हो।

## डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले को तीन वर्ष का कारावास

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** व्हाट्सएप्प के माध्यम से महिला को घर में डिजिटल अरेस्ट कर 44 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी करने वाले अभियुक्त दिनेश खींची को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कपिल बोरासी ने बीएनएस की धारा-318(4) एवं धारा- 61 (2) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 25000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार फरियादिया ने दिनांक 30 सितंबर 2024 को क्राइम ब्रांच थाना को शिकायत की थी कि उसके मोबाइल के व्हाट्सएप्प पर एक अज्ञात व्यक्ति ने मैसेज कर खुद को साइबर पुलिस अधिकारी बताते हुए कहा कि उसके मोबाइल नंबर से अवैध फोन कॉल किए जा रहे हैं। आरोपी ने यह भी कहा कि उसके केनरा बैंक खाते से मनी लॉनड्रिंग की जा रही है। इसके बाद आरोपी ने फरियादिया को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर घर में ही कैद में रहने का आदेश देते हुए फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से फरियादिया को डरा-धमका कर उसके खाते से 44 लाख रुपए अलग-अलग किस्तों में ऑनलाइन खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। क्राइम ब्रांच थाना ने फरियादी महिला की शिकायत पर अभियुक्त दिनेश खींची के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की।

आयोजन समित की बैठक, सदस्यों को सौंपी जिम्मेदारी

## श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पहले निकलेगी विशाल कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर में संस्था मातृभूमि संस्था द्वारा 10 से 16 मार्च तक आचार्य कृपाशंकर महाराज के श्रीमुख से भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता राहुल राजपूत ने बताया है कि कलश यात्रा और श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। कथा स्थल पर संपूर्ण व्यवस्था चाक चौबंद रहे, जिसके लिए आयोजन समिति के सदस्यों को कायों की ज़िम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर भाजपा नेता कमल विघानी ,राजकुमार अग्रवाल, लालू दादलानी, पं वृंदावन गर्ग, हेमंत उपाध्याय, हेमंत अग्रवाल, राहुल अबोले, गोपाल मेवाडा, सीमा लालवानी, रीना पोद्दार, किशोर पहलाजानी, रमा विश्वकर्मा, मधु विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे। कुंवर नागर, मनोहर गोयल, देव रायकवार, सचिन तिवारी, पीयूष गिरी व कुणाल गौहर आदि मौजूद थे।

---

पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी

# सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद दो साल तक युवती का किया दैहिक शोषण, शादी से मुकरा तो दर्ज कराया मामला

*आरोपी ने फेक आईडी बनाकर अश्लील पोस्ट डालनी शुरू कर दी थी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर पुलिस ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही युवती की शिकायत पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। युवती की पहचान आरोपी से सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। दो साल तक उसने युवती का दैहिक शोषण किया, अब शादी की बात से मुकर गया। इतना नहीं जब उसने युवती की फेक आईडी बनाकर उसमें अश्लील पोस्ट डालनी शुरू कर दी तो परेशान होकर युवती ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 28 साल की युवती इलाके में रहती हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। दो साल पहले सोशल मीडिया पर उसकी दोस्ती चंद्रप्रकाश गौतम से हुई थी। दोनों में करीबी बढ़ने पर चंद्र प्रकाश गौतम ने उसे शादी का प्रलोभन दिया और होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह अक्सर युवती से शारीरिक संबंध बनाने लगा।

गत दिनों युवती ने उसे शादी करने का दबाव बनाया तो वह जल्द ही शादी करने का कहने लगा। बाद में शादी करने से इंकार कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी ने युवती के नाम से फेक आइडी बना ली और उस पर अश्लील पोस्ट डालनी शुरू कर दी, तो पीड़िता ने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### *स्कूल के दोस्त ने महिला से किया दुष्कर्म*

*इधर, जहांगीराबाद पुलिस ने एक बच्चे की मां से दुष्कर्म करने वाले उसके स्कूल फ्रेंड पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि गांधी नगर इलाके में रहने वाली 22 साल की महिला शादीशुदा है। उसके पहले पति की मौत हो चुकी है। पहले पति से उसका तीन साल का बच्चा है। उसने दूसरी शादी जहांगीराबाद में कर ली। उसका बच्चा पुराने ससुराल में रहता है। सोमवार को वह बेटे से मिलने गांधी नगर गई थी। अब्बास नगर से वह ऑटो से संत आसाराम नगर आई। करीब साढ़े 8 बजे वह जहांगीराबाद की तरफ जाने वाले ऑटो का इंतजार कर रही थी। इसी बीच स्कुल में साथ पढ़ने वाला उसे आदिल मिल गया। आदिल ने उससे कहा कि चलों बाइक से छोड़ देता हूं। इसके बाद आदिल उसे बाइक पर बिठाकर खटलापुरा की तरफ लेकर पहुंचा। पीड़िता ने उसे कहा कि कहां लेकर जा रहे हो। आदिल ने कहा कि मेरा एक दोस्त आने वाला है उससे मिलकर चलते हैं। इसके बाद वह उसे खटलापुरा पार्क के पास सुनसान में लेकर पहुंचा, वहां जबरन शारीरिक संबंध बनाने के बाद उसे छोड़कर फरार हो गया। महिला घर पहुंचकर पति को घटना की जानकारी दी। पति उसे लेकर थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई।*

## दिगंबर जैन मंदिर में पूजा-पाठ और हवन कर नंदीश्वर विधान का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अष्टानिका पर्व के समापन पर मंगलवार को नंदीश्वर द्वीप विधान के समापन पर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में नंदीश्वर विधान की तीन महापूजाएं, तीन दैनिक पूजाएं के साथ चौबीसो तीर्थकरों, समाधिष्ट आचार्य पूज्य विद्यासागरजी, वर्तमान पट्टाचार्य समयसागर जी को अर्घ्य अर्पित किए। विधान की समाप्ति पर हवन और पुण्याय वाचन पं.लक्ष्मीचंद ने कराया। विधान और हवन में मनोज सुषमा, कविता इजारदार, इटारसी से आईं मधु जैन, आशारानी, प्रदीप शिरोमणि, मीना भंडारी, समाज के कार्यकारी अध्यक्ष राजीव भैया भारती, संगीता वर्धमान, नेहा सुलोचना, अनिता, अरुण, अमित पूनम आदि ने इंद्र इंद्राणी बनकर सभी धार्मिक क्रियाएं की। इस अवसर पर दिगंबर जैन मंदिर में नीति अनुराग जैन, पवन रवि जैन, रितेश विनय जैन, दिनेश गुड्डन जैन आदि ने शांति धारा कर पूजा-पाठ की और अष्टानिका पर्व का समापन किया। इसके बाद सिद्ध भगवान को अर्घ्य अर्पित किए।

### आलियांस फ्रांसेज द भोपाल में ‘जब दीवारें बोलती हैं’ वॉल आर्ट फेस्टिवल का शुभारंभ

# शहर की कलात्मक फिजा में रंगों और विचारों की एक नई लहर लेकर आया ‘वॉल आर्ट फेस्टिवल’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आलियांस फ्रांसेज द भोपाल में ‘जब दीवारें बोलती हैं’ वॉल आर्ट फेस्टिवल के 5वें संस्करण का शुभारंभ मंगलवार से हुआ। यह आयोजन केवल पेंटिंग या ग्रैफिटी तक सीमित नहीं, बल्कि शहर की दीवारों को संवाद का माध्यम बनाने की एक सशक्त पहल है। फेस्टिवल का उद्देश्य कला के जरिए समाज, संस्कृति और समकालीन मुद्दों पर रचनात्मक अभिव्यक्ति को मंच देना है। इस उत्सव में शहर की रोशनी व्याम और गुजरात के खतरा वॉल आर्ट के रूप में एक कलात्मक अभिव्यक्ति को सशक्त रूप से प्रस्तुत कर रहे हैं।


दीवार पर आकृति उकेरतीं रोशनी व्यास।

### स्वदेशी कहानी कहता रोशनी का आर्ट वर्क

वॉल आर्ट फेस्टिवल में आर्टिस्ट रोशनी व्याम, स्वदेशी कहानी कहने, प्रकृति और परंपराओं की गहराई को समकालीन दृश्य भाषा में लाने का प्रयास करती दिखीं, रोशनी की कला में जीव जंतु वनस्पति सहित प्रकृति के पहलुओं को दीवारों पर उकेरा गया है। उन्होंने कहा कि मुझे इस आर्ट वर्क की प्रेरणा प्रधान गोंड से आई, जिसे मैंने अपनी कल्पनाशीलता, सामाजिक सरोकार और आधुनिक दृष्टि से ओर भी बेहतर बना दिया। रोशनी के बने चित्र दीवारों पर जीवंत रूप में नजर आए और हर चित्र एक कहानी कहता हुआ प्रतीत हुआ कहीं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देखने को मिला तो कहीं विविधता में एकता की खूबसूरत झलक। यह काम आलियांस फ्रांसेज की रुफटॉप पर किया जा रहा है।

### देशभर के आलियांस फ्रांसेज से जुड़े आर्टिस्ट बेंगलुरु में लेंगे भाग

आलियांस फ्रांसेज नेटवर्क द्वारा भारत में फ्रांस के दूतावास और इंस्टीट्यूट फ्रांस के सहयोग से, वॉल आर्ट इंडिया ने 2021 से शहरों की कई दीवारों को ओपन-एयर गैलरी में बदल दिया है और त्योहार समाप्त होने के बाद भी शहरी परिदृश्य का हिस्सा बने रहने के लिए डिजाइन की गई है। और यह आयोजन बेंगलुरु में जाकर समाप्त होगा, जहां देशभर के आलियांस फ्रांसेज से जुड़े आर्टिस्ट भाग लेंगे।



### शहर की ब्यूटीशियन डॉ. सरिता श्रीवास्तव ने बताए होली पर स्किन-हेयर प्रोटेक्शन मंत्र

# गुलाल से ग्लो तकः खूबसूरत बालों सुरक्षित त्वचा से दें खुशियों को रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली के रंग जितने खूबसूरत होते हैं, उतना ही नुकसान वे त्वचा, बालों और नाखूनों को पहुंचाते हैं। केमिकल वाले रंग स्किन को ड्राई बना देते हैं, बालों को रफ कर देते हैं और नाखूनों पर जिद्दी दाग छोड़ जाते हैं। ऐसे में होली खेलने से पहले थोड़ी सी तैयारी करना बेहद जरूरी है। ऐसे में हरिभूमि ने राजधानी की ब्यूटीशियन और ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन की हेड डॉ. सरिता श्रीवास्तव से जाना कि आखिर होली पर कैसे महिलाएं स्किन और हेयर केयर करें।



### चेहरे पर मॉइस्चराइज युक्त क्रीम और सनस्क्रीन लगाएं

वहीं, चेहरे की सुंदरता बरकरार रखने के लिए उन्होंने बताया कि चेहरे पर मॉइस्चराइज युक्त क्रीम और फिर सनस्क्रीन लगाएं, उन्होंने कहा कि चेहरे पर तेल की जगह वेसलीन या बोरोलीन जैसी क्रीम लगाने से होली के रंग आसानी से छूट जाएंगे और चेहरे पर कोई साइड इफेक्ट भी नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही नाखूनों की सुरक्षा के लिए क्लियर नेल पॉलिश की एक परत लगाने की सलाह दी। इससे नाखूनों और क्यूटिकल्स पर रंग नहीं चढ़ता और बाद में दाग नहीं दिखते। उन्होंने यह भी कहा कि कोशिश करें कि होली प्राकृतिक या हल्के रंगों से खेलें। यदि संभव हो तो वृंदावन की फूलों वाली होली का आनंद लें, जहां केवल फूलों की पंखुड़ियों से होली खेली जाती है और यह पूरी तरह सुरक्षित मानी जाती है।

### साधारण टिप्स को फॉलो कर रखें अपनी सुंदरता बरकरार

उन्होंने बताया कि होली पर चंद बातों का ध्यान रखकर आप बिना टेंशन के रंगों का मजा ले सकती हैं और अपनी खूबसूरती भी बरकरार रख सकती हैं। उन्होंने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है जिसे सभी खेलना चाहते हैं और इंजॉय करना चाहते हैं, ऐसे में लड़कियां अपने चेहरे की सुंदरता बरकरार रखने के लिए साधारण टिप्स को फॉलो करके सुंदर बने रहकर होली खेल सकती हैं।



### इन उबटन के प्रयोग से करें स्किन और हेयर केयर

- होली का रंग हटाने के लिए बेसन-दही का उबटन (हल्दी, नींबू मिलाकर) या बेसन, हल्दी, और सरसों का तेल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बनाकर भी उबटन बनाया जा सकता है। इसे सूखने के बाद हल्के हाथों से रगड़कर धोएं।
- बालों को बचाने के लिए चोटी, जूड़ा बनाएं और माइल्ड शैम्पू से धोएं। प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें और त्वचा को मॉइस्चराइज रखें।
- वहीं दही-नींबू से भी उबटन बनाया जा सकता है, बेसन में थोड़ा सा दही और नींबू का रस मिलाकर लगाने से रंग जल्दी निकल जाता है और त्वचा मुलायम रहती है।
- पपीता उबटनः पका हुआ पपीता और उसमें थोड़ी सी हल्दी मिलाकर एक पेस्ट बनाकर लगाने से भी रंग साफ होता है।


ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन की हेड डॉ. सरिता पेस्ट लगाती हुईं।

### होली खेलने से पहले उठाएं कुछ साधारण कदम

उन्होंने बताया कि होली खेलने से पहले भी कुछ छोटे-छोटे कदम अपनाकर बड़ी समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि होली खेलने से करीब 20 मिनट पहले बालों में लीव ऑन कंडीशनर लगाएं, क्योंकि बालों में तेल लगाने से रंग बालों में चिपके ही रहेंगे साथ ही जब पानी डाला जाएगा तो रंग बालों के अंदरुनी सतह तक जज्ब हो जाएंगे। जबकि लीव ऑन कंडीशनर लगाने के बाद रंग आसानी से छूट जाएंगे, साथ ही आपके बालों पर साइड इफेक्ट नहीं पड़ेगा। कंडीशनर लगाने के बाद बालों की चोटी या जूड़ा बना लें, इससे रंग कम चिपकता है, बाल उलझते नहीं हैं और केमिकल्स से होने वाला नुकसान भी कम हो जाता है।

# आंचलिक विज्ञान केंद्र में उन्नत दूरबीन से किया चंद्रग्रहण का अवलोकन


आंचलिक विज्ञान केंद्र में दूरबीन से चंद्रग्रहण का अवलोकन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्तमान चंद्र ग्रहण भोपाल से प्रत्यक्ष रूप से पूर्णतः दृश्य नहीं था, क्योंकि चंद्रोदय के समय तक ग्रहण की मुख्य खगोलीय प्रक्रिया समाप्त हो चुकी थी। प्रारंभिक आंकलन के अनुसार ग्रहण की झलक मिलने की संभावना अत्यंत कम थी। तथापि, जनरुचि एवं वैज्ञानिक जिज्ञासा को ध्यान में रखते हुए आंचलिक विज्ञान केन्द्र द्वारा उन्नत दूरबीनों के माध्यम से विशेष चंद्र अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान प्रेमियों, विद्यार्थियों एवं आमजन में खगोल विज्ञान के प्रति जिज्ञासा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना था। अत्यल्प होने के बावजूद लगभग शाम 6:40 बजे चंद्रमा की आंशिक ग्रहणावस्था की एक क्षीण किंतु स्पष्ट झलक प्रतिभागियों को देखने का अवसर प्राप्त हुआ। आंचलिक विज्ञान केन्द्र की दूरबीनों के माध्यम से ओझल होते चंद्रमा का यह क्षणिक अवलोकन उपस्थित दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचकारी एवं यादगार अनुभव सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को चंद्रमा की सतही संरचना, क्रेटर्स (गर्त), उच्चभूमि एवं मैदानी क्षेत्रों की वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही चंद्र ग्रहण की खगोलीय प्रक्रिया, पृथ्वी-चंद्र-सूर्य की स्थिति तथा ग्रहण के वैज्ञानिक कारणों का सरल, तार्किक एवं वैज्ञानिक विवरण भी प्रस्तुत किया गया।


दूरबीन से खगोलीय घटना चंद्र ग्रहण देखते बच्चे।


दूरबीन से चंद्रग्रहण देती हुई महिला।

### देव बोले- झीलों की नगरी मुझे बेहद पसंद आई

# फिल्म सरपंच की शूटिंग के लिए पंजाबी एक्टर देव खरौद और गुरबाज सिंह पहुंचे भोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पॉलीवुड का जाना पहचाना नाम और द गैंगस्टर, डाकुआन दा मुंडा और ब्लैकिया जैसी फिल्मों में अपने दमदार और प्रभावशाली किरदारों के लिए जाने जाने वाले अभिनेता देव खरौद अपनी आगामी फिल्म सरपंच की शूटिंग के लिए भोपाल पहुंचे, उनके साथ प्रसिद्ध अभिनेता गुरबाज सिंह भी आए। देव ने कहा कि झीलों की नगरी भोपाल मुझे बेहद पसंद आया और यही वजह रही कि हमारे डायरेक्टर ने इस लोकेशन को चुना। इस फिल्म का निर्देशन मंदीप बेनीपाल कर रहे हैं ।


अभिनेता देव खरौद


अभिनेता गुरबाज सिंह

### कान्हा फन सिटी में 90 लोगों ने एक साथ गाकर की रिकॉर्डिंग

# कुहू-कुहू बोले कोयलिया...और रच गया इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुहू कुहू बोले कोयलिया, एक ऐसा गीत जिससे हर प्रोफेशनल और शौकिया गायक को गाने की इच्छा रहती है। लता जी और रफी साहब द्वारा गाया और आदि नारायण राव द्वारा संगीतबद्ध फिल्म स्वर्ण सुंदरी का है, यह गीत सभी गायकों के लिए एक माइलस्टोन है और इसे गाने के साथ न्याय करने लिए शास्त्रीय संगीत के बेसिक्स की शिक्षा और विधिवत रियाज बहुत जरूरी होता है।

शास्त्रीय रागों पर आधारित यह अनूठी कम्पोजिशन चार रागों पर आधारित है। मुखड़ा और पहला अंतरे राग सोहनी पर है, दूसरा और तीसरा अंतर क्रमशः राग बहार और जौनपुरी पर आधारित है जबकि चौथा और आखिरी अंतरा रागों के राजा राग यमन पर आधारित है। कान्हा फन सिटी में की गई इस गीत की रिकॉर्डिंग में नवांकुर स्वर शाला के 120 में से 90 छात्रों द्वारा पिछले कई महीनों के अभ्यास के बाद इस गीत का समूह गायन किया गया, जिसमें महिला गायकों द्वारा लता का पार्ट और पुरुष गायकों द्वारा रफी साहब का पार्ट गाया गया। दुनिया में अपनी तरह का यह पहला प्रयास है और मुझे गर्व है अपने छात्रों पर कि वे यह कर पाए। हमारे द्वारा इस प्रयास की प्रोफेशनल वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराई गई है ताकि इसको विधिवत विभिन्न रिकॉर्ड्स में दर्ज किया जा सके। वीडियो आते ही आपके समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।


कान्हा फन सिटी में नवांकुर स्वर शाला के विद्यार्थी सामूहिक गीत गाते हुए।

### भोपाल होली फेस्टिवल का प्री-होली सेलिब्रेशन

# रंगों और संस्कृति के संग से सराबोर रहा प्री-होली सेलिब्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रोहित नगर स्थित 2 स्टेट्स रिसॉर्ट में मंगलवार शाम आयोजित भोपाल होली फेस्टिवल का प्री-होली सेलिब्रेशन सांस्कृतिक रंगों, संगीत और कला की खूबसूरत प्रस्तुति के साथ संपन्न हुआ। इस सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शाम में शहरवासियों ने रंगों और उत्सव की भावना का आनंद उत्साहपूर्वक लिया।

कार्यक्रम में बॉलीवुड गीतों और लोक संगीत के साथ लाइव म्यूजिकल जैमिंग आयोजित की गई, जिसने उपस्थित दर्शकों को होली के रंगों में सराबोर कर दिया। संगीत के सुरों के बीच लोगों ने पारंपरिक होली उत्सव की झलक का आनंद लिया।

### ब्रज की होली पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन

इस अवसर पर ट्रैवल फोटोग्राफर क्षितिज पाटले द्वारा मथुरा, वृंदावन और ब्रज की होली पर आधारित एक विशेष फोटो प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में प्रदर्शित तस्वीरों ने ब्रज की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक होली की जीवंत झलक प्रस्तुत की, जिसे दर्शकों ने अत्यंत सराहा।






### डीजे, ढोल पर डांस और रेन डांस के साथ फूड स्टॉल पर लिया मजा




कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न स्थानीय कलाकारों द्वारा सिरेमिक आर्ट, हैंड कास्टिंग, फेस पेंटिंग सहित कई आर्ट एवं फूड स्टॉल भी लगाए गए, जिससे आयोजन को स्थानीय कला और उद्यमियों का मजबूत सहयोग मिला। मुख्य कार्यक्रम में पूल पार्टी, रेन डांस, पंजाबी ढोल और नॉन-स्टॉप डीजे म्यूजिक ने युवाओं और परिवारों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजकों ने बताया कि भोपाल में सांस्कृतिक, सुरक्षित और पारिवारिक माहौल में होली मनाने का यह प्रयास शहरवासियों को एक नई उत्सव परंपरा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### मैनिट में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का समापन

# डिजिटल लोकतंत्र और साइबर सुरक्षा पर विचार-विमर्श कर लोगों को किया जागरूक


मैनिट में दो दिवसीय विशेष समारोह में उपस्थित विशेषज्ञ और विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय विशेष समारोह का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा वित्त पोषित यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस वर्ष का विषय, समाज के लिए विज्ञानः साइबर फोरेंसिक विज्ञान और डिजिटल लोकतंत्र है, जिसमें विज्ञान में महिलाएंः विकसित भारत को उत्प्रेरित करना पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक आवश्यकताओं के बीच की खाई को पाटना और डिजिटल न्याय के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

### विज्ञान के सामाजिक प्रभाव पर दिया बल

कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर आर. के. पटेरिया ने मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने विज्ञान के सामाजिक प्रभाव पर बल दिया और छात्रों को राष्ट्र निर्माण के लिए वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। एनआईटीटीटीआर भोपाल के प्रोफेसर डॉ. नीरज कुमार राठौर ने विभिन्न छात्र प्रतियोगिताओं के मुख्य निर्णायक के रूप में कार्य किया और विज्ञान प्रबंधन पर विशेषज्ञ मूल्यांकन एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। अन्य विशिष्ट वक्ताओं में महिला वैज्ञानिकों के ऐतिहासिक योगदान पर डॉ. सविता दीक्षित, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) पर डॉ. अजय चौबे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लोकतंत्रीकरण पर डॉ. अक्षय अग्रवाल और डॉ. दीप सिंह तोमर शामिल थे।

रंगों के त्योहार में डूबी मायानगरी

# बॉलीवुड के गलियारों में दिखा होली का रंग, सितारे हो गए सराबोर

### मुंबई की सड़कों पर दिखा होली का रंग और भरपूर मस्ती

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां की सड़कों पर इस साल होली का उल्लास देखते ही बना, जहां बॉलीवुड के गलियारों से लेकर पाली हिल्स की हाउसिंग सोसाइटीज तक रंगों की बौछार देखने को मिली।

3 मार्च को महाराष्ट्र में कई लोग होली मना रहे हैं। इस त्योहार में फिल्मी सितारों ने अपनी मौजूदगी से चार चांद लगा दिए हैं। इसमें रणबीर कपूर रंगों में सने दिखे, इसके अलावा सोहा अली खान भी फैमिली संग रंग खेलती दिखीं।



## रणबीर और राहा की यादगार होली

इस साल के सेलिब्रेशन में सबसे ज्यादा चर्चा रणबीर कपूर और उनकी नन्हीं बेटी राहा कपूर की रही। पाली हिल्स में अपने दोस्तों के साथ होली का आनंद लेते हुए रणबीर पूरी तरह रंगों में सरोबार नजर आए। ग्रे टैंक टी-शर्ट, ब्लू शॉर्ट्स और कैप पहने रणबीर ने न केवल अपनी बेटी के साथ इस खास पल को जिया, बल्कि बाहर खड़े पैपराजी के पास जाकर उन्हें व्यक्तिगत रूप से 'हैप्पी होली' विश किया।

## सेलेब्रिटीज का होली गेट-टुगेदर



होली का असली मजा नजारा सोहा अली खान और नेहा धूपिया के सेलिब्रेशन में भी दिखा। सोहा अपनी बेटी इनाया के साथ रंगों के खेल में डूबी नजर आईं। जल्द ही इस जश्न में नेहा धूपिया भी अपने बच्चों के साथ शामिल हो गईं।

### इरफान ने खेली बाल्टी से होली



पूरा भारत देश होली के त्योहार में रंग गया है। गली-मोहल्लों में रंग और गुलाल उड़ रहे हैं। हर तरफ 'बुरा ना मानो होली है' का शोर गूंज रहा है। ऐसे में क्रिकेट के दिग्गजों ने भी जमकर होली खेली। इरफान पठान भी रंगों से सराबोर नजर आए। वीडियो में इरफान पठान कुछ दोस्तों के साथ होली खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इरफान पूरे मस्ती के मूड में दिखाई दिए। उन्हें एक दोस्त रंग लगाने आता है तो वह खूशी से दोनो बांह फैलाकर दोस्त से खूब रंग लगवाते हैं। पठान मस्ती में इस कदर चूर दिखाई दिए कि उन्होंने खुद दोस्तों से जमकर रंग लगवाए।

## डोल जात्रा और डोला पूर्णिमा पर शाह ने दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने डोल जात्रा और डोला पूर्णिमा के पावन अवसर पर पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए।


## 20 फीट ऊंची आग की लपटों को चीरकर निकले संजू पंडा



*मथुरा। ब्रज की होली केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि अटूट विश्वास की कसौटी भी है। मंगलवार तड़के करीब 4 बजे जब कोसीकलां के फालैन गांव में होलिका की लपटें आसमान छू रही थीं, तब संजू पंडा ने दहकते अंगारों के बीच से दौड़ लगाकर सबको हैरत में डाल दिया। ताज्जुब की बात यह रही कि इतनी भीषण आग के बावजूद संजू का शरीर बिल्कुल नहीं झुलसा। यह परंपरा करीब 5200 वर्षों पुरानी मानी जाती है।*

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उन्नीकृष्णन का निधन



**नई दिल्ली।** होली से पहले कांग्रेस को बड़ी क्षति हुई है। पार्टी के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री केपी उन्नीकृष्णन का निधन हो गया है। केरल के कोझिकोड के एक निजी अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने उन्नीकृष्णन के निधन पर दुख जताया है। उनका का जन्म 1936 में हुआ था।

### वृंदावन में रह रहे पति पत्नी गिरफ्तार



**वृंदावन।** अवैध तरीके से लोगों को विदेश भेजने के मामले में पंजाब पुलिस ने सुनरख मार्ग स्थित हरे कृष्णा आर्चिड के फ्लैट से पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। दो माह से फरार दंपती की गिरफ्तारी से सोसायटी में हलचल है। पटियाला निवासी सौरभ गुप्ता और उनकी पत्नी अवैध तरीके से लोगों को विदेश भेजते थे।

### असम से कार्बी आंगलोंग अदरक का निर्यात



**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मंगलवार को कहा कि असम ने कृषि निर्यात में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जीआई-टैग प्राप्त कार्बी आंगलोंग अदरक की पहली खेप लंदन भेजी गई है, जो राज्य के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। सरमा ने इसे किसानों के लिए गर्व का क्षण और विश्व उपस्थिति का संकेत बताया।

### 'कंगारू कोर्ट' की तालिबानी सजा, छात्र की निर्मम हत्या



**अनुगुल।** ओडिशा में 'कंगारू कोर्ट' का बढ़ता चलन अब सीधे मासूमों की जान लेने लगा है। ताजा और दर्दनाक मामला मयूरभंज जिले के रायरांगपुर से सामने आया है, जहां कंगारू कोर्ट की कथित सुनवाई के बाद भीड़ ने 9वीं के छात्र को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया।


प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया

# मेक मोर, कनेक्ट मोर और एक्सपोर्ट मोर का दिया मंत्र, यह विनिर्माण को ऊंचाई देने का वक्त

### अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाने का किया आह्वान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*'आर्थिक विकास को बनाए रखना और मजबूत करना' विषय रखा गया*



**वैश्विक अवसरों का लाभ उठाएं**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'आर्थिक विकास को बनाए रखना और मजबूत करना' विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा है कि भारत को मिले वैश्विक अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता न केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, बल्कि उनसे बेहतर भी होनी चाहिए। गुणवत्ता के मामले में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने उद्योग जगत से अनुसंधान एवं विकास में निवेश बढ़ाने तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं और भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था विश्व की आशा बनी हुई है, तब देश के लिए अधिक निर्माण, अधिक उत्पादन, अधिक संपर्क और अब अधिक निर्यात की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत ने अनेक देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिससे नए अवसरों के द्वार खुले हैं।

### उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं का गहन अध्ययन करना होगा

पीएम ने कहा कि इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए उद्योगों को अन्य देशों की आवश्यकताओं और वहां के उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं का गहन अध्ययन करना होगा तथा उपयोगकर्ता अनुकूल उत्पाद विकसित करने होंगे। उन्होंने उद्योग, वित्तीय संस्थानों और राज्य सरकारों से समन्वित प्रयासों के माध्यम से जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और उत्पादन बढ़ाने, लागत ढांचे को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने, निवेश के प्रवाह को तेज करने तथा देश के दूरस्थ क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देना होगा।

### बायोफार्मा को वैश्विक केंद्र बनाएंगे

प्रधानमंत्री ने बजट में घोषित बायोफार्मा शक्ति मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य भारत को जैविक औषधियों और अगली पीढ़ी की चिकित्सा के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र बनाना है। उन्होंने स्वच्छ प्रौद्योगिकी में निवेश और कार्बन अवशोषण, उपयोग एवं भंडारण मिशन जैसी पहलों के माध्यम से सतत विकास को व्यापार की मूल रणनीति का हिस्सा बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना और परिवहन तंत्र देश की विकास रणनीति के प्रमुख स्तंभ हैं और बजट में पूंजीगत व्यय का रिकॉर्ड प्रावधान इन प्राथमिकताओं को सशक्त करने के लिए किया गया है।

### इस श्रृंखला का पहला आयोजन अत्यंत सफल रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि गत सप्ताह बजट वेबिनार श्रृंखला का पहला आयोजन अत्यंत सफल रहा और बजट प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। उन्होंने बड़ी संख्या में विशेषज्ञों और हितधारकों की भागीदारी को लोकतांत्रिक विमर्श का सफल प्रयोग बताया।

### मजबूत अर्थव्यवस्था के दम पर दुनिया में नाम बढ़ा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण विश्व के लिए आशा की किरण बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि तेज आर्थिक विकास विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का मजबूत आधार है।

### आर्थिक विकास को निरंतर मजबूती देने पर जोर

*पीएम मोदी ने कहा कि वेबिनार की थीम देश की आर्थिक वृद्धि को निरंतर मजबूती देने से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि आज जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं रीशेप हो रही हैं और दुनिया नए साझेदारों की तलाश में है, ऐसे समय में भारत के लिए यह बड़ा अवसर है। उन्होंने दोहराया कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण वैश्विक उम्मीद का केंद्र बन रहा है और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में तीव्र आर्थिक विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है।*

### भारत के पास इस भूमिका को निभाने का मजबूत अवसर है

*प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की दिशा और संकल्प दोनों स्पष्ट हैं-अधिक निर्माण करें, अधिक उत्पादन करें, अधिक कनेक्ट करें और अधिक निर्यात करें। उन्होंने कहा कि यह समय भारत के लिए अपने विनिर्माण और निर्यात क्षमता को नई ऊंचाई देने का है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण भागीदारों की तलाश में है और भारत के पास इस भूमिका को निभाने का मजबूत अवसर है।*

### दुनिया में अनिश्चितताओं के बीच विश्व स्तर पर भारत से उम्मीद

*पीएम मोदी ने 'आर्थिक विकास को सतत बनाए रखना और उसे मजबूत करना' विषय पर आयोजित पोस्ट-बजट वेबिनार को मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनी हुई है।प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं, ऐसे समय में भारत की तेज आर्थिक प्रगति विकसित भारत के लक्ष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की दिशा और संकल्प दोनों स्पष्ट हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने ज्यादा निर्माण, ज्यादा उत्पादन, ज्यादा कनेक्टिविटी और ज्यादा निर्यात की रणनीति अपनाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभ मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और एमएसएमई आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। मजबूत विनिर्माण ढांचा इन सभी क्षेत्रों में नए अवसर पैदा करता है।*

सोनिया ने लिखा लेख

# ईरान संकट पर सरकार चुप क्यों? हम विदेश नीति की आत्मा खो रहे





### प्रधानमंत्री ने राष्ट्राध्यक्ष खामेनेई की हत्या की निंदा तक नहीं की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी ख़ामेनेई की एक दिन पहले अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए हमलों में हत्या कर दी गई। किसी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या समकालीन अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक गंभीर दरार का संकेत है। इस घटना की स्तब्धता से परे, जो बात है, वह है नई दिल्ली की चुप्पी। भारत सरकार ने न तो इस हत्या की निंदा की है और न ही ईरानी संप्रभुता के उल्लंघन पर स्पष्ट आपत्ति दर्ज की है।

अमेरिकी-इजराइली हमले की अनदेखी करते हुए प्रधानमंत्री ने केवल ईरान द्वारा यूएई पर की गई जवाबी कार्रवाई की निंदा तक स्वयं को सीमित रखा और उससे पहले घटित घटनाक्रम पर मौन साधे रखा। बाद में उन्होंने गहरी चिंता और संवाद एवं कूटनीति की बातें कहीं। किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की हत्या पर यदि हमारा देश संप्रभुता या अंतरराष्ट्रीय कानून के पक्ष में स्पष्ट आवाज़ नहीं उठाता है तो यह हमारी विदेश नीति की दिशा और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

### चुप्पी को तटस्थता नहीं माना जा सकता

*इस संदर्भ में चुप्पी को तटस्थता नहीं माना जा सकता। यह हत्या बिना औपचारिक युद्ध-घोषणा के और एक चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया के दौरान की गई। संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 2(4) किसी भी राज्य की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बल प्रयोग या उसकी धमकी को निषिद्ध करता है। किसी वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष की हत्या इन सिद्धांतों के मूल पर प्रहार करती है। यदि ऐसे कृत्य विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की ओर से सिद्धांतनिष्ठ आपत्ति के बिना गुजर जाते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का क्षरण सामान्यीकृत होना आसान हो जाता है।*

### राहुल का पीएम से सवाल

**भारत से 'नैतिक स्पष्टता' की मांग की**

*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत की विदेश नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। राहुल ने हालिया घटनाओं को 'अस्थिर क्षेत्र को व्यापक संघर्ष की ओर धकेलने वाला' बताया है और भारत से 'नैतिक स्पष्टता' की मांग की है। राहुल ने एक्स पोस्ट में लिखा-अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से यह नाजुक क्षेत्र व्यापक संघर्ष की ओर बढ़ रहा है। करोड़ों लोग, जिनमें लगभग एक करोड़ भारतीय भी शामिल हैं, अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। सुरक्षा संबंधी चिंताएं वास्तविक हैं।*

कांग्रेस-डीएमके गठबंधन में सीटों पर खींचतान

# चिदंबरम ने स्टालिन से की लंबी बात पार्टियों को अभी समाधान की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राज्य में सत्ताधारी डीएमके और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। सीटों की संख्या पर दोनों दलों में सहमति नहीं बन पा रही है। इस गतिरोध को खत्म करने के लिए अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने मोर्चा संभाला है। चिदंबरम ने मंगलवार को मुख्यमंत्री एम के स्टालिन से मुलाकात की। उनके साथ टीएनसीसी प्रमुख के सेल्वापेरुन्थगई भी थे। स्टालिन के साथ कांग्रेस नेताओं की यह बातचीत करीब एक घंटे तक चली।

### सीटों की संख्या पर फंसा मामला



दोनों पार्टियां गठबंधन जारी रखना चाहती हैं। लेकिन सीटों की संख्या को लेकर कुछ असहमति है। शुरुआत में कांग्रेस ने 39 सीटों की मांग की थी। वहीं, डीएमके ने कांग्रेस को एक राज्यसभा सीट का भी प्रस्ताव दिया था। बातचीत इस बात पर अटकी है कि कांग्रेस को कितनी सीटें दी जाएंगी? डीएमके प्रवक्ता टी के एस एलंगोवन ने वेल्लोर में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि डीएमके चाहती है कि गठबंधन जारी रहे। बातचीत चल रही है और हमारे नेता एक अच्छा फैसला लेंगे।

दिल्ली फ्लॉवर फेस्टिवल

# सीएम रेखा ने किया शुभारंभ हजारों पुष्पों से सजा 'पार्क'



**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीए रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद द्वारा आयोजित चार दिवसीय 'फ्लावर फेस्टिवल 2026' का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल सहित अन्य लोग मौजूद थे। गुप्ता ने कहा कि देश की राजधानी होने के नाते दिल्ली को और अधिक सुंदर, स्वच्छ और आकर्षक बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। एक समय था जब लोग ट्यूलिप देखने कश्मीर जाते थे, लेकिन आज एनडीएमसी के प्रयासों से दिल्लीवासी राजधानी में ही रंग-बिरंगे ट्यूलिप और अन्य पुष्पों का आनंद ले रहे हैं।

मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष से किया बदलाव

आगे की परीक्षाओं का निर्णय 5 के बाद

# मिडिल ईस्ट देशों में सीबीएसई ने दो और परीक्षाएं स्थगित की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मिडिल ईस्ट चल रहे संघर्ष को देखते हुए 5 और 6 मार्च को होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा को स्थगित कर दिया है। बोर्ड ने इससे पहले 2 मार्च की परीक्षा को भी स्थगित कर दिया था। बोर्ड ने मंगलवार को एक सर्कुलर जारी कर यह कहा कि 5 और 6 मार्च की परीक्षा को स्थगित किए जाने का फैसला वर्तमान परिस्थितियों की समीक्षा के बाद लिया गया है। बोर्ड ने यह भी कहा है कि आगे की परीक्षाओं को लेकर फैसला 5 मार्च को दोबारा होने वाली स्थिति की समीक्षा के बाद लिया जाएगा।



### इन देशों में स्थगित की गई परीक्षा

सीबीएसई बोर्ड की ओर से जारी किए गए सर्कुलर में कहा गया है, बोर्ड ने मिडिल ईस्ट के देशों में मौजूदा हालात की गंभीरता से समीक्षा करने के बाद यह निर्णय लिया है कि 5 और 6 मार्च को कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा को इन देशों में स्थगित किया गया।

### 7 मार्च से लिया जाएगा उचित निर्णय

बोर्ड ने अपने आदेश में कहा है कि इन परीक्षाओं की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि 5 मार्च को स्थिति की पुनः समीक्षा की जाएगी और 7 मार्च से निर्धारित आगामी परीक्षाओं के संबंध में उचित निर्णय लिया जाएगा।स्टूडेंट्स को यह सलाह दी गई है कि इस वक्त विद्यार्थी सिर्फ अपने विद्यालयों के संपर्क में बने रहें और आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

बृजमोहन, तारिक अनवर, मणिकम, टीआर बालू, कल्याण बेनर्जी, मनीष तिवारी और धर्मेंद्र यादव के अलावा कई अन्य सदस्य भी समिति में शामिल

# लोकसभा अध्यक्ष ने रविशंकर प्रसाद की अध्यक्षता में विशेषाधिकार समिति बनाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को विशेषाधिकार समिति के सदस्यों को आधिकारिक तौर पर मनोनीत किया, जो 3 मार्च, 2026 से प्रभावी होगा। संसदीय विशेषाधिकार के उल्लंघन से संबंधित मुद्दों की जांच करने और आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश करने के लिए गठित इस समिति की अध्यक्षता भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद करेंगे। मनोनीत अन्य सदस्यों में बृजमोहन अग्रवाल (भाजपा), तारिक अनवर (कांग्रेस), मणिकम टैगोर (कांग्रेस), टीआर बालू (डीएमके), कल्याण बेनर्जी (एआईटीसी), श्रीरंग अप्पा चंदू बर्ने (शिव सेना), रामवीर सिंह बिधूड़ी (भाजपा), संगीता कुमारी सिंह देव (भाजपा), जगदंबिका पाल (भाजपा), त्रिवेंद्र सिंह (भाजपा), अरविंद गणपत सावंत (शिव सेना (यूबीटी), जगदीश शेट्टार (भाजपा), मनीष तिवारी (कांग्रेस) और धर्मेंद्र यादव (समाजवादी पार्टी) शामिल हैं। विशेषाधिकार समिति संसद सदस्यों के विशेषाधिकारों की रक्षा करने, अवमानना की शिकायतों का समाधान करने और संसदीय कार्यवाही की गरिमा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका गठन विधायी निगरानी को मजबूत करने की दिशा में एक नियमित लेकिन महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाता है। यह समिति अध्यक्ष द्वारा संदर्भित मामलों की जांच करने और विशेषाधिकार हनन के आरोपों से संबंधित मामलों पर रिपोर्ट देने के लिए जिम्मेदार होगी, जिससे संसदीय मर्यादा का पालन सुनिश्चित हो सके।

देश के कई भागों में दिखा साल का सबसे बड़ा चंद्र ग्रहण


# दिल्ली-एनसीआर और उत्तरप्रदेश में दिखा खूबसूरत नजारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को 2026 का पहला चंद्र ग्रहण लगा। हिंदू धर्म में चंद्र ग्रहण को सिर्फ खगोलीय घटना नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और उसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है, तब चंद्र ग्रहण होता है।

इस दौरान चंद्रमा का रंग हल्का लाल या तांबे जैसा दिखाई दिया। इसलिए इसे 'ब्लड मून' भी कहा जाता है। दिल्ली में चंद्र ग्रहण शाम 6 बजकर 22 मिनट पर लगा। सूर्यास्त के आस-पास लगे इस ग्रहण देखने के लिए लोग खुले स्थानों और छतों का रुख करते हुए दिखाई दिए। वहीं, नोएडा में ग्रहण 6 बजकर 20 मिनट पर प्रारंभ हुआ।

### दिल्ली में शाम 6 बजकर 22 मिनट पर लगा



**ग्रहण का स्पर्श 3.20 मिनट**

यह ग्रहण सिंह राशि और पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र में लगा। भारतीय समय के अनुसार ग्रहण दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से शुरू हुआ लेकिन उस समय भारत में चंद्रमा दिखाई नहीं दिया। भारत में चंद्रमा का उदय शाम लगभग 6:26 से 6:32 बजे के बीच रहा और उसी समय ग्रहण का अंतिम चरण भी रहा। ग्रहण करीब 6:46 से 6:47 बजे के बीच समाप्त हो गया। भारत में यह चंद्र ग्रहण केवल 15 से 20 मिनट के लिए ही दिखाई दिया।

### सूतक काल में जाप और नाम स्मरण शुभ

धार्मिक मान्यता के अनुसार चंद्र ग्रहण का प्रभाव सभी राशियों और व्यक्तियों पर पड़ता है। ग्रहण के समय मंत्र जाप और भगवान का स्मरण करना शुभ माना जाता है, जबकि खाना बनाना, भोजन करना और शुभ कार्य शुरू करना वर्जित बताया गया है। ग्रहण से पहले सूतक काल भी लगता है, जिसे अशुभ समय माना जाता है। सूतक काल में विशेष सावधानी बरतने और भगवान का नाम लेने की सलाह दी जाती है।

### इस दौरान राम मंदिर से काशी विश्वनाथ तक प्रमुख मंदिरों के कपाट रहे बंद



मंगलवार को लगने वाले चंद्र ग्रहण के चलते उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के द्वारा और पूजा समय में बदलाव किया गया। अयोध्या के राम मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ और मथुरा-वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर सहित प्रदेश के बड़े मंदिरों ने 'सूतक काल' और ग्रहण के नियमों का पालन करते हुए दर्शन का नया शेड्यूल जारी किया था। धार्मिक गणनाओं के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा पर लगने वाला यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई देगा। इसका प्रभाव दोपहर 3:27 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा। शास्त्रों के अनुसार सूतक काल के दौरान मंदिरों में नियमित अनुष्ठान और दर्शन वर्जित होते हैं, जिसके कारण कपाट बंद रखने का निर्णय लिया गया।

ईरान के प्रमुख शासक खामेनेई पर हमले का खुलासा

# इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने वर्षों तक तेहरान के ट्रैफिक कैमरे किए हैक, मोबाइल नेटवर्क डेटा में सेंध, मूवमेंट का डिजिटल नक्शा किया तैयार

*मोसाद ने तेहरान के अधिकतर ट्रैफिक कैमरों की लाइव फीड को एन्क्रिप्ट कर तेल अवीव और दक्षिणी इजराइल के सर्वरों पर भेजा जा रहा था। एक कैमरे का एंगल खासतौर पर उपयोगी माना गया, जिससे खामेनेई के हाई-सिक्योरिटी कंपाउंड के सामान्य हिस्से की झलक मिलती थी*

एजेंसी ▶▶ लंदन

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद यह सवाल उठ रहा है कि अमेरिका और इजराइल ने इतना सटीक हमला कैसे किया? लंदन स्थित मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इजराइल ने वर्षों तक तेहरान के ट्रैफिक कैमरा नेटवर्क और मोबाइल सिस्टम में गहरी सेंध लगाकर खामेनेई की गतिविधियों पर नजर रखी। रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ कैमरे ही नहीं बल्कि मोबाइल नेटवर्क डाटा तक पहुंच बनाई गई, जिससे सुरक्षा घेरे और मूवमेंट पैटर्न का पूरा डिजिटल नक्शा तैयार किया गया।

मोसाद ने तेहरान के लगभग सभी ट्रैफिक कैमरों को वर्षों से हैक कर लिया था। तेहरान के अधिकतर ट्रैफिक कैमरों की लाइव फीड को एन्क्रिप्ट कर तेल अवीव और दक्षिणी इजराइल के सर्वरों पर भेजा जा रहा था। एक कैमरे का एंगल खासतौर पर उपयोगी माना गया, जिससे खामेनेई के हाई-सिक्योरिटी कंपाउंड के सामान्य हिस्से की झलक मिलती थी।

अमेरिका - ईरान जंग विश्व युद्ध की आहट

'पैटर्न ऑफ लाइफ' तैयार किया गया

मोबाइल टावरों से भी छेड़छाड़ की गई



ईरान के प्रमुख शासक खामेनेई के घर पर हमले के बाद का दृश्य — फाइल फोटो

## एक कैमरे से मिला अहम सुराग

रिपोर्ट में कहा गया है कि एक खास कैमरा एंगल से यह पता लगाया गया कि खामेनेई के बॉडीगार्ड अपनी निजी गाड़ियां कहां पार्क करते थे। इससे उनके कंपाउंड के अंदर की दिनचर्या और सुरक्षा व्यवस्था को समझने में मदद मिली। जटिल एल्गोरिदम का इस्तेमाल कर खामेनेई की सुरक्षा में तैनात गार्ड्स की फाइलें तैयार कीं। इनमें उनके पते, ड्यूटी के घंटे, काम पर जाने के रास्ते और किस अधिकारी की सुरक्षा में तैनात हैं, जैसी जानकारियां शामिल थीं। इस पूरी प्रक्रिया को खुफिया भाषा में 'पैटर्न ऑफ लाइफ' कहा जाता है यानी रोजमर्रा की आदतों का डिजिटल नक्शा।

**'सोशल नेटवर्क एनालिसिस' तकनीकी अपनाई**

*रिपोर्ट के अनुसार, पाश्चर स्ट्रीट के पास मौजूद करीब एक दर्जन मोबाइल टावरों के कुछ हिस्सों को भी बाधित किया गया। इससे खामेनेई की सुरक्षा टीम के फोन कॉल अक्सर 'बिजी' दिखते थे और उन्हें समय रहते चेतावनी नहीं मिल पाती थी। इस जानकारी को तैयार करने में इजराइल की सिग्नल इंटेलिजेंस इकाई यूनिट 8200, मानव स्रोतों के जरिए काम करने वाली एजेंसी मोसाद और सैन्य खुफिया विश्लेषण की भूमिका रही। अरबों डाटा पॉइंट्स का विश्लेषण करने के लिए 'सोशल नेटवर्क एनालिसिस' नाम की गणितीय तकनीक अपनाई गई। इससे यह पता लगाया गया कि फैसले कहां लिए जाते हैं और नए टारगेट कौन हो सकते हैं।*

राष्ट्रपति ट्रंप की दो टूक

## इजराइल के खिलाफ कार्रवाई सही, सबसे बड़ा 'प्रहार' बाकी

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई को सही ठहराया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा था। उन्होंने दावा किया कि यदि ईरान के पास परमाणु हथियार और लंबी दूरी की मिसाइलें होतीं, तो वह मध्य-पूर्व ही नहीं बल्कि अमेरिका के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता था। उनके मुताबिक यह जंग चार से पांच सप्ताह तक चल सकती है, हालांकि अमेरिका के पास इससे अधिक समय तक कार्रवाई करने की क्षमता भी है। उन्होंने कहा कि ईरान के खिलाफ अभियान का सबसे बड़ा प्रहार अभी बाकी है। अमेरिका ने अभी अपनी पूरी ताकत नहीं लगाई है और आने वाले दिनों में कार्रवाई और तेज हो सकती है। उन्होंने कहा कि अभियान में जितना समय लगे, ठीक है। हम करेंगे।*



## लंदन से मुंबई का किराया 9 लाख हुआ

खाड़ी क्षेत्र के ऊपर से गुजरने वाले हवाई मार्गों में बाधा और अस्थायी एयरस्पेस बंद होने के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सोमवार को लंदन से मुंबई आने का किराया कुछ यूरोपीय एयरलाइंस में प्रति यात्री 9 लाख रुपए तक पहुंच गया। इकॉनमी क्लास का टिकट जहां सामान्यतः 20 से 50 हजार रुपए के बीच होता है। वहीं वह 2.9 लाख रुपए तक बिकता दिखा। बिजनेस क्लास का किराया 1.2 से 2.5 लाख रुपए से बढ़कर 9 लाख रुपए तक पहुंच गया।

एयरलाइन कंपनियों का कहना है कि मुख्य कारण रूट का लंबा हो जाना है। खाड़ी क्षेत्र से बचते हुए उड़ानों को वैकल्पिक मार्गों से गुजरना पड़ रहा है, जिससे उड़ान समय बढ़ रहा है। ईंधन लागत में इजाफा हो रहा है। क्रू ड्यूटी टाइम और ऑपरेशनल खर्च बढ़ रहे हैं।

**ईरान की यूरोपीय देशों को कड़ी चेतावनी**

## यूएस-इजराइल का समर्थन करने के कदम को 'युद्ध की कार्रवाई' मानेंगे



ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माइल बकाई ने यूरोपीय देशों को इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ यूएस-इजराइल अभियान में हिस्सा न लेने की चेतावनी देते हुए कहा कि यह 'एक्ट ऑफ वार', यानी 'युद्ध की कार्रवाई' मानी जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि अगर वो इजरायल और अमेरिका के हमलों में 'डिफेंसिव एक्शन' के नाम पर शामिल होते हैं, तो इसे ईरान के खिलाफ युद्ध की घोषणा माना जाएगा। वहीं यूरोपीय देश जर्मनी, फ्रांस और यूके ने कहा कि वे ईरान की मिसाइल और ड्रोन को उनके सोर्स पर फायर करने की क्षमता को खत्म करने के लिए उसी हिसाब से डिफेंसिव एक्शन ले सकते हैं। वे सीधे युद्ध में शामिल नहीं हैं, लेकिन अमेरिका को अपनी बेस इस्तेमाल करने की अनुमति दे सकते हैं।

## ईरान के गेराश में 4.3 तीव्रता का भूकंप

*ईरान के गेराश में भूकंप के जोरदार झटके लगे हैं। अमेरिकी भूगर्भ विज्ञान विभाग (यूएसजीएस) के अनुसार, रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.3 मापी गई है, और भूकंप का केंद्र 10 किमी की गहराई पर था। फिलहाल किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। स्थानीय प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है, और स्थिति का आकलन किया जा रहा है।*

## मस्कट से सुरक्षित लौटे भारतीय बोले- सरकार ने अच्छी तरह संभाला

ईरान युद्ध के तनावपूर्ण माहौल के बीच ओमान के मस्कट में फंसे भारतीय नागरिक अपने देश लौट आए हैं। मंगलवार को भारत की धरती पर कदम रखते ही इन लोगों ने राहत की सांस ली। उन्होंने इस मुश्किल घड़ी में अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना भी की। मस्कट से दिल्ली पहुंची एक यात्री अनीशा अग्रवाल ने बताया कि मिसाइलों को हवा में ही रोका जा रहा था, जिससे हम डर गए और हमने वापस लौटने का फैसला किया। सरकार ने स्थिति को बहुत अच्छे से संभाला। हमारे साथ बच्चे थे, इसलिए हम बहुत चिंतित थे। मिसाइलों की आवाज से बच्चे सहम गए थे। वहां के हालात देखकर हम घबरा गए थे। मिसाइलों को रोकने से होने वाली तेज आवाजों से बच्चे परेशान हो रहे थे। एक यात्री आदिल ने बताया कि वहां अनिश्चितता का माहौल था। कई उड़ानें रद्द हो रही थीं, जिससे हमें अपनी फ्लाइट छूटने का डर था। हमने मदद के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क किया। भारत लौटकर मैं बहुत राहत और खुशी महसूस कर रहा हूं। अब हवाई सेवाएं फिर से शुरू हो गई हैं और मेरी वापसी की यात्रा आसान रही।





इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरुत के दहिया इलाके में मिसाइल से हमला किया

## इजराइल में फंसे अमेरिकी नागरिकों को नहीं मिली मदद

अमेरिका के लिए इजराइल में फंसे अपने नागरिकों को निकालना भी मुश्किल हो गया है। इजराइल में अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को निर्देश दिया है कि सभी सरकारी कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य अगली सूचना तक अपने घरों में या उसके आस-पास ही रहें। इजराइल में स्थित अमेरिकी दूतावास ने एक पोस्ट में चेतावती दी कि इस समय इजराइल से अमेरिकियों को निकालने में सीधे मदद करने की स्थिति में नहीं है।




## खामेनेई के प्रतिनिधि से मिले कांग्रेस सांसद मसूद

यूपी के सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के मारे गए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई के प्रतिनिधि से मुलाकात की। डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही से मुलाकात के क्रम में सांसद ने ईरान के सुप्रीम लीडर के मारे जाने पर शोक संवेदना व्यक्त की। मुलाकात के बाद सांसद ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ईरान को लेकर सरकार की ओर से एक शब्द नहीं कहा गया। ईरान ने किसी पर हमला नहीं किया। ईरान पर हमला हुआ है। ऐसे में भले ही हम निरपेक्ष दिखें, लेकिन पीड़ित पक्ष के संबंध में एक शब्द नहीं कहना आपको विश्वगुरु कैसे बनाएगा? उन्होंने कहा कि अली खामेनेई कहते थे, ईरान और हिंदुस्तान की दोस्ती 3000 साल पुरानी है।

**खबर संक्षेप**

## इंडोनेशिया में 6.2 तीव्रता का भूकंप, नुकसान नहीं

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में मंगलवार को भूकंप के झटके सुमात्रा द्वीप के पास महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फोर सिस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप सुबह 10 बजकर 26 मिनट पर आया है। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई है। वहीं, इस भूकंप का केंद्र धरती से 20 किलोमीटर की गहराई में बताया जा रहा है। अब तक किसी बड़े जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई खबर सामने नहीं आई है।



## गोलीबारी में भारतीय छात्रा समेत 4 की मौत

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास राज्य की राजधानी ऑस्टिन में रविवार तड़के हुई गोलीबारी में भारतीय मूल की 21 वर्षीय छात्रा सविता शान समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं 14 अन्य घायल हो गए। अमेरिकी अधिकारियों ने मृतकों में शान की पहचान की पुष्टि की है। 53 वर्षीय हमलावर नडियागा डियाग्ने, जो सेनेगल मूल का अप्रवासी था, ने पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।



## '12 बम' की ई-मेल धमकी से दहला रायपुर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र को ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को हड़कंप मच गया। मामला सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## 6 हेलिकॉप्टर और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें खरीदेगा भारत

*हेलिकॉप्टर भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन विकसित और निर्मित किए जाएंगे, 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' को मिलेगा प्रोत्साहन*

# रक्षा मंत्रालय ने 5083 करोड़ के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय तटरक्षक बल के लिए छह उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर (एएलएच) एमके-II (समुद्री भूमिका) और भारतीय नौसेना के लिए सतह से हवा में मार करने वाली वर्टिकल लॉन्च मिसाइल (एसटीआईएल) की खरीद के लिए कुल 5,083 करोड़ के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए। यह अनुबंध आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया पहल के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है। साथ ही देश की समुद्री सुरक्षा संरचना को और मजबूत बनाता है।

भारतीय तटरक्षक बल को मिलेगी मजबूती | एचएएल बनाएगा नए उन्नत हेलिकॉप्टर

**2091 करोड़ रुपए से खरीदे जाएंगे हेलिकॉप्टर**



रक्षा सचिव राजेश सिंह की उपस्थिति में हुआ एमओयू

हेलिकॉप्टर के लिए 2,901 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु के साथ खरीद के लिए हस्ताक्षर किए गए हैं। ये भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किए जाएंगे। ये दोहरे इंजन वाले हेलिकॉप्टर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। ये तटवर्ती हवाई अड्डों के साथ-साथ समुद्र में जहाजों से भी समुद्री सुरक्षा संबंधी कई मिशनों को अंजाम देने में सक्षम हैं। इनके शामिल होने से भारतीय तटरक्षक बल की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके निर्माण में 200 से अधिक एमएसएमई सहयोग करेंगी।

**2182 करोड़ से खरीदेंगे रूसी मिसाइलें**

सतह से हवा में मार करने वाली वर्टिकल लॉन्च मिसाइलों (एसएचटीआईएल) और उनसे जुड़े मिसाइल होल्डिंग फ्रेम की खरीद के लिए 2,182 करोड़ रुपए का अनुबंध रूसी संघ की जेएससी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट के साथ किया गया है। इसका उद्देश्य युद्धपोतों की वायु रक्षा क्षमताओं को सुरक्षित करना है। इससे त्वरित कार्रवाई, हर मौसम में प्रभावी कार्रवाई करने की क्षमता विकसित होगी।

नौसेना की बढ़ेगी क्षमता


## पनडुब्बियों को ईंधन आपूर्ति करेंगे 'बार्ज'



भारतीय नौसेना के लिए शोफ्ट शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे (एमएसएमई शिपयार्ड) के साथ 04 गुणा 500टी स्व-चालित ईंधन बार्ज के निर्माण के लिए एक अनुबंध किया गया। ये बार्ज भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहलों के गौरवशाली ध्वजवाहक हैं और इनका निर्माण इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों के अंतर्गत किया जाएगा। इन बार्ज का प्राथमिक कार्य बंदरगाह और लंगरगाह में स्थित जहाजों और पनडुब्बियों को ईंधन की आपूर्ति करना होगा। इस अनुबंध से लघु एवं मध्यम उद्यम के विकास को निरंतर प्रोत्साहित और मजबूत करना है।

**राष्ट्रपति मैक्रों का ऐलान**

## हम और भी 'परमाणु बम' बनाएंगे यूरोप की स्वतंत्रता को देंगे मजबूती



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अधिकारियों से चर्चा करते हुए

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की है कि फ्रांस अपने परमाणु हथियारों की संख्या को बढ़ाएगा। मैक्रों ने कहा है कि फ्रांस एक बार फिर से परमाणु बम बनाएगा और अपने परमाणु बम के बेड़े को बढ़ाएगा। मैक्रों ने आगे ये भी कहा है कि फ्रांस परमाणु बमों की गिनती नहीं बताएगा। इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को कहा है कि फ्रांस यूरोप की स्वतंत्रता को और मजबूती देने के लिए अपनी नई परमाणु पॉलिसी के तहत सहयोगी देशों को अपने परमाणु-सशस्त्र विमानों की अस्थायी तैनाती की भी मंजूरी देगा। हालांकि, मैक्रों ने ये साफ कर दिया है कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर वह किसी भी दूसरे देश के साथ फैसला लेने के लिए साझेदारी नहीं करेगा। मैक्रों ने कहा है कि इस तरह के समझौतों को लेकर ब्रिटेन, जर्मनी, पोलैंड, नीदरलैंड, बेल्जियम, यूनान, स्वीडन और डेनमार्क के साथ फ्रांस की बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि फ्रांस अपने परमाणु हथियारों की संख्या को बढ़ाएगा। जानकारी के मुताबिक, फ्रांस के पास में वर्तमान में 300 से कम परमाणु हथियार मौजूद हैं। मैक्रों ने परमाणु हथियारों में बढ़ोतरी की कोई निश्चित संख्या नहीं बताई है।

**पुलिस ने ऐहतियातन जारी किया अलर्ट**

## राजौरी में विमान के आकार का मिला गुब्बारा, उर्दू में लिखा है 'पीआईए'

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में पुलिस ने मंगलवार को 'पीआईए' लिखा हुआ विमान के आकार का एक गुब्बारा बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धर्मसाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरहोती गांव में उर्दू में 'पीआईए' लिखा हुआ लाल और सफेद रंग का विमान के आकार का गुब्बारा मिला है। गुब्बारे के दिखने के बाद स्थानीय लोगों ने अधिकारियों को सूचित किया। अधिकारियों ने बताया कि टेरीथ पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, गुब्बारे को अपने कब्जे में लेकर उसे जब्त कर लिया।



ऐहतियातन सीमांत इलाकों में अलर्ट जारी करते हुए स्थानीय लोगों को हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए कहा। किसी भी तरह की संदिग्ध हलचल दिखने पर नजदीकी पुलिस स्टेशन में संपर्क करने की सलाह भी दी।

राजौरी जिले में एक शिविर में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**अफगानिस्तान की डूरंड लाइन पर पाकिस्तान के साथ जंग जारी**

# 25 से ज्यादा चौकियों कब्जाईं, 100 से अधिक सैनिक ढेर करने का दावा

*अफगानिस्तान ने कंधार और अली-शेर जिले में किए हमले*

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड लाइन पर पिछले पांच दिनों से जंग जारी है। इस बीच अफगान सेना ने पाकिस्तानी वायुसेना के हवाई हमलों का कड़ा जवाब देते हुए पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए हैं। अफगान रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि उनकी सेना ने 2,600 किलोमीटर लंबी सीमा के पास कई जरूरी पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन हमलों में काबुल से जुड़े इलाके, खोस्त का अली-शेर जिला, जलालाबाद और कंधार के सीमावर्ती क्षेत्र शामिल हैं।



दोनों देशों के बीच यह तनाव तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान ने 21-22 फरवरी को अफगानिस्तान के अंदर कथित आतंकी कैंपों पर हमले किए थे। इसके जवाब में अफगान सेना ने आक्रामक रुख अपनाया है। अफगान अधिकारियों के मुताबिक, उनकी सेना ने कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक और शोराबक जिलों में कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। स्पिन बोल्डक में तीन चौकियों पर कब्जा करने के दौरान तीन पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और एक सैनिक को अफगान सेना ने पकड़ लिया। अली-शेर जिले में भी दो पाकिस्तानी पोस्ट अब अफगान सेना के कब्जे में हैं।

### बख्तरबंद टैंक किए नष्ट

अफगान रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पक्तिका प्रांत में अफगान सैनिकों ने पाकिस्तान का एक बख्तरबंद टैंक नष्ट कर दिया है। यह टैंक अफगान इलाके की तरफ अंधाधुंध गोले बरसा रहा था। मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्लाह खोवाराजमी ने यह दावा किया।

### पाक की बमबारी नाकाम की

अफगान पुलिस ने यह भी जानकारी दी कि पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने काबुल के पास स्थित बगराम एयर बेस पर बमबारी करने की कोशिश की थी। अफगान एयर डिफेंस सिस्टम ने मुस्तैदी दिखाते हुए इस हमले को नाकाम कर दिया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## तालिबान के 67 लड़ाकों को मार गिराया: पाक

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने मंगलवार तड़के दक्षिण-पश्चिमी सीमा पर 16 स्थानों पर हुए हमलों को नाकाम कर दिया और रातभर जारी अभियानों में अफगान तालिबान के 67 और लड़ाकों को मार गिराया। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से सटे सीमावर्ती क्षेत्र में अफगान तालिबान के 40 लड़ाके मारे गए। उत्तरी बलूचिस्तान के किला सैफुल्लाह, नोश्की और चमन जिलों में अफगान तालिबान के 27 लड़ाके मारे गए और कई घायल हुए।








# आईसीसी रैंकिंग : स्मृति का धमाका, फिर बनी नंबर-1 बल्लेबाज, हरमनप्रीत ने लगाई छलांग

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने ताजा रैंकिंग का ऐलान कर दिया है। महिला क्रिकेट की ताजा आईसीसी रैंकिंग में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। टीम इंडिया की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने एक बार फिर वनडे क्रिकेट में नंबर-1 की कुर्सी हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया वनडे सीरीज में उनके लगातार प्रदर्शन का इनाम उन्हें आईसीसी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान के रूप में मिला। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर (652) को रैंकिंग में फायदा मिला है। 53, 54 और 25 के स्कोर के साथ हरमनप्रीत कौर ने चार पायदान की छलांग लगाते हुए 9वां पायदान अपने नाम कर लिया है।





### मंधाना ने वोल्वार्ड्ट को पीछे छोड़ा

मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के तहत ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेले गए तीन वनडे मैचों के बाद ये ताजा रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें मंधाना (790 रेटिंग पॉइंट) ने साउथ अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ड्ट को पीछे छोड़ते हुए नंबर-1 पोजिशन हासिल कर ली है। मंधाना ने सीरीज के दौरान 58 और 31 रनों की अहम पारियां खेलीं, जिसने उन्हें रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा दिया। हालांकि, वोल्वार्ड्ट के पास मार्च-अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान फिर से नंबर-1 बनने का मौका रहेगा।

### मूनी और हीली ने लगाई छलांग

ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और एलिसा हीली को भी जबरदस्त फायदा हुआ है। टीम इंडिया के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मैच में शानदार शतक ठोकने के बाद दोनों बल्लेबाजों ने 2-2 पायदान की छलांग लगाई है। मूनी अब तीसरे जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने के करीब पहुंची एलिसा हीली चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। तीन मैचों की वनडे सीरीज हारने के बावजूद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को रैंकिंग में फायदा हुआ। हरमनप्रीत 53, 54 और 25 रनों की पारियों के दम पर वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 4 स्थान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर पहुंच गईं।

### दीप्ति को हुआ नुकसान

ऐश गार्डनर वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर-1 बनी हुई हैं और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज दूसरे पायदान पर हैं। दोनों के बीच करीब 100 रेटिंग पॉइंट का अंतर हैं। ऐश गार्डनर की रेटिंग 516 है जबकि हेली मैथ्यूज की रेटिंग 418 है। एनाबेल सदरलैंड ने भी दो स्थान की छलांग लगाई है और अब वह तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। मारिजान कैप 2 स्थान के नुकसान के बाद चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। भारत की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है और अब वह 5वें पायदान पर खिसक गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की अलाना किंग ने 4 स्थान की लंबी छलांग लगाते हुए 7वें स्थान पर कब्जा कर लिया है।

---

## खबर संक्षेप



### बिली जीन किंग कप के लिए भारतीय टीम में शामिल वैष्णवी

**नई दिल्ली।** युवा खिलाड़ी वैष्णवी अडकर को छह अप्रैल से यहां होने वाले बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) एशिया ओशिनिया ग्रुप एक टेनिस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। वैष्णवी ने हाल ही में बेंगलुरु में तब अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की थी जब वह किसी डब्ल्यू100 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली सानिया मिर्जा के बाद दूसरी महिला खिलाड़ी बनी थी। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 2024 में अहमदाबाद में डब्ल्यू15 का खिताब भी जीता था, जिससे उनकी लगातार प्रगति का पता चलता है। भारतीय टीम में वैष्णवी के अलावा रुतुजा भोसले, अंकिता रैना, सहजा यमलापल्ली और श्रीवल्ली भामिदिपति शामिल हैं। वैदेही चौधरी को रिजर्व नामित किया गया है।

### भारत-इंग्लैंड सेमीफाइनल रोमांचक होगा: गावस्कर

**बेंगलुरु।** पूर्व बल्लेबाज सुनील गावस्कर को लगता है कि भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 विश्व कप का सेमीफाइनल मैच बेहद रोमांचक होगा, जिसमें बल्लेबाजी में लचीलापन और जसप्रीत बुमराह जैसे तेज गेंदबाज की मौजूदगी से भारतीय टीम थोड़ा फायदे में रहेगी। मौजूदा चैंपियन भारत गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगा। इससे पहले 2022 और 2024 में भी इन दोनों टीमों के बीच सेमाईफाइल खेला गया था। इंग्लैंड ने 2022 में एडिलेड में भारत को 10 विकेट से हराया, जबकि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने दो साल बाद वेस्टइंडीज के प्रोविडेंस में इसका बदला चुकता कर दिया था। गावस्कर ने कहा, ' दोनों टीम बहुत अच्छी हैं। उनके पास अच्छे बल्लेबाज और अच्छे गेंदबाज हैं।



### डीपी वर्ल्ड सेलिब्रिटी गोल्फ में हिस्सा लेंगे सितारे

**मुंबई।** क्रिकेट विश्व कप विजेता युवराज सिंह और इयोन मॉर्गन, टेनिस के दिग्गज लिएंडर पेस और बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण जैसी खेल जगत की कई नामी हस्तियां शुक्रवार को होने वाली डीपी वर्ल्ड सेलिब्रिटी गोल्फ प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी, जो सुनील गावस्कर की एक चैरिटी पहल है। बॉम्बे प्रेसिडेंसी गोल्फ क्लब में होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्देश्य गावस्कर के चैम्प्स फाउंडेशन के लिए जागरुकता पैदा करना है। यह फाउंडेशन वित्तीय कठिनाइयों और चिकित्सा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहे पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मदद करता है। प्रतियोगिता में युवराज, जीआर विश्वनाथ, वेंकटेश प्रसाद, हरभजन सिंह, अजय जडेजा, पार्थिव पटेल, मुरली कार्तिक, एस बद्रीनाथ, मुरली विजय और निखिल चोपड़ा जैसे प्रमुख भारतीय क्रिकेटरों के साथ-साथ मॉर्गन, माइकल वॉन और डेविड लॉयड जैसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर भी भाग लेंगे।

---

## टी20 फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी

# वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका का 5-0 का दबदबा पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ंत आज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी 20 वर्ल्ड कप 2026 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका की भिड़ंत न्यूजीलैंड से 4 मार्च को होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर खेला जाना है। साउथ अफ्रीका इस टूर्नामेंट की इकलौती टीम है, जो विश्व कप में अजेय रही है। टी20 फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका का पलड़ा न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है। क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की कुल 19 बार भिड़ंत हुई है, जिसमें से 12 मुकाबलों में जीत प्रोटियाज टीम के हाथ लगी है। वहीं, न्यूजीलैंड ने सिर्फ 7 मैच जीते हैं। साउथ अफ्रीका का प्रदर्शन टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कमाल का रहा है। टीम ने टूर्नामेंट में अब तक खेले सभी मुकाबलों में जीत दर्ज की है। एडेन मार्करम की कप्तानी में साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 राउंड में भारत, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे को हराते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है।



### दमदार बल्लेबाजों से सजी दक्षिण अफ्रीका की टीम

मार्क्रम, क्विंटन डीकॉक, डेवाल्ड ब्रेविस, रयान रिकलेटन, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर और मार्को यानसन जैसे दमदार बल्लेबाजों से सजी दक्षिण अफ्रीका की टीम किसी भी विरोधी टीम की नींद उड़ा सकती है। लेकिन सैंटनर के पास रचिन रविंद्र (सात से कम इकॉनमी रेट से नौ विकेट), ग्लेन फिलिप्स और कोल मैककॉन्ची जैसे स्पिनर होंगे जिन्होंने अभी तक मिलकर अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर भारत को छोड़ दिया जाए तो दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार इतने अच्छे स्पिन आक्रमण का सामना करेगी।

### न्यूजीलैंड के पास अच्छे लेग स्पिनर की कमी

न्यूजीलैंड के पास दक्षिण अफ्रीका को चुनौती देने के लिए एक अच्छे लेग स्पिनर की कमी है क्योंकि ईश सोढ़ी ने अब तक खेले गए मैचों में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। ईडन गार्डन्स की पिच पर दक्षिण अफ्रीका की टीम न्यूजीलैंड की उस टीम के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करना चाहेगी, जिसने अपने सुपर आठ के मैच श्रीलंका की धीमी पिचों पर खेले थे। यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही है और ऐसे में फिन एलन, टिम सीफर्ट, ग्लेन फिलिप्स और डैरिल मिचेल जैसे बल्लेबाज पहले बल्लेबाजी करने की स्थिति में 200 से अधिक का स्कोर बनाने की कोशिश करेंगे ताकि दक्षिण अफ्रीका के सामने कड़ी चुनौती पेश की जा सके।

### बेहतरीन फॉर्म में मार्करम

साउथ अफ्रीका की तरफ से बल्लेबाजी में एडेन मार्करम बेहतरीन फॉर्म में नजर आए हैं। मार्करम 7 मैचों में 175 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 268 रन बना चुके हैं। वहीं, रयान रिकेल्टन भी लगातार बल्ले से अहम योगदान दे रहे हैं। रिकेल्टन 7 मैचों में 171 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 228 रन बना चुके हैं। क्विंटन डी कॉक ने भी पावरप्ले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को दमदार शुरुआत दी है। गेंदबाजी में लुंगी एनगिडी साउथ अफ्रीका की ओर से इस विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। एनगिडी 6 मैचों में अब तक 12 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। वहीं, कॉर्बिन बॉश 11 विकेट निकाल चुके हैं।


### बेहतरीन लय में न्यूजीलैंड की टीम

दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की टीम भी बेहतरीन लय में दिखाई दी है। बल्लेबाजी में टिम सीफर्ट ने 6 मुकाबलों में 157 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 216 रन बनाए हैं। वहीं, रचिन रविंद्र लगातार बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दे रहे हैं। ग्लेन फिलिप्स ने भी न्यूजीलैंड की लड़खड़ाती हुई पारी को बखूबी संभाला है। गेंदबाजी में मिचेल सैंटनर, मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन ने बढ़िया प्रदर्शन किया है।

---

**टी20 वर्ल्ड कप**

## आईसीसी ने घोषित किए टी20 विश्वकप सेमीफाइनल के अंपायर और रेफरी




एजेंसी ▶▶| दुबई

टी20 वर्ल्ड कप अब अपने सबसे रोमांचक दौर में पहुंच गया है। टाइटल से बस दो कदम दूर चार बड़ी टीमों के बीच होने वाले मुकाबले से पहले, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने एक अहम घोषणा की है। सेमीफ़ाइनल मैचों के लिए अंपायरों और मैच रेफ़री के नामों की घोषणा कर दी गई है।

आईसीसी ने बताया कि आईसीसी एलीट पैनल के अनुभवी अंपायर और रेफ़री कोलकाता और मुंबई में खेले जाने वाले नॉकआउट मैचों में अंपायरिंग करेंगे। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पहले सेमी-फ़ाइनल में साउथ अफ्रीका और न्यूज़ीलैंड आमने-सामने होंगे। इस मैच में रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन-फ़ील्ड अंपायर होंगे। रिचर्ड इलिंगवर्थ पहले भी बड़े टी20 वर्ल्ड कप मैचों में अंपायरिंग कर चुके हैं, जबकि एलेक्स व्हार्फ ने भी टूर्नामेंट के अहम मैचों में अंपायरिंग की है। नितिन मेनन पहले सेमी-फ़ाइनल में थर्ड अंपायर होंगे, जबकि जवागल श्रीनाथ मैच रेफ़री होंगे।

### सेमीफाइनल में दिखेगा जबरदस्त रोमांच

टी20 वर्ल्ड कप जैसे बड़े मंच पर अंपायरों और रेफरी की भूमिका बेहद अहम होती है। नॉकआउट मुकाबलों में हर फैसला मैच का रुख बदल सकता है। ऐसे में आईसीसी ने अनुभवी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि मुकाबले निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न हो सकें। अब फैंस की नजरें सेमीफाइनल मुकाबलों पर टिकी हैं।

**सेमी-फ़ाइनल 1**

**द.अफ्रीका बनाम न्यूज़ीलैंड**
**फ़ील्ड अंपायर:** रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ
**थर्ड अंपायर:** नितिन मेनन
**फ़ोर्थ अंपायर:** रॉड टकर
**मैच रेफ़री:** जवागल श्रीनाथ
(4 मार्च, कोलकाता)

**सेमी-फ़ाइनल 2**

**इंडिया बनाम इंग्लैंड**
**फ़ील्ड अंपायर:** क्रिस गैफ़नी और अलाउद्दीन पालेकर
**थर्ड अंपायर:** एड्रियन होल्डस्टॉक
**फोर्थ अंपायर:** पॉल रीफ़ेल
**मैच रेफ़री:** एंडी पायक्रॉफ्ट
(5 मार्च, मुंबई)

---

**विडंबना**

## अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्रों में लगा बैन वेस्टइंडीज टीम नहीं जा पा रही स्वदेश



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्रों पर लगे प्रतिबंधों के कारण टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल की दौड़ से से बाहर होने वाली वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम भारत में ही फंसी हुई है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने कहा है कि वह खिलाड़ियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। खाड़ी क्षेत्र में हवाई सेवाएं फिलहाल निलंबित हैं और दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी नुकसान की खबर है, जो दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, 'सीडब्ल्यूआई यह बताना चाहता है कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद वेस्टइंडीज की सीनियर पुरुष टीम अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में प्रतिबंधों के कारण भारत से रवाना नहीं हो पाई।'

वेस्टइंडीज की टीम को कोलकाता में खेले गए सुपर आठ के करो या मरो के मैच में भारत से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह वह टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

### जिम्बाब्वे के खिलाड़ी भारत में फंसे

सीडब्ल्यूआई ने कहा, 'वर्तमान स्थिति में हमारे प्रशंसकों, परिवारों और हितधारकों की समझ और चिंता के लिए सीडब्ल्यूआई आभारी है।' वेस्टइंडीज के अलावा जिम्बाब्वे के खिलाड़ी भी इसी कारण से भारत में फंसे हुए हैं। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने कहा कि टीम दिल्ली में ही है।

---

## कांती दत्त करेंगे हैदराबाद से मुंबई तक साइकिल यात्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के फिटनेस एंबेसडर और साइकिल चालक कांती दत्त सरकार के प्रमुख 'फिट इंडिया' अभियान को बढ़ावा देने के लिए 7 मार्च से साइकिल पर हैदराबाद से मुंबई तक 750 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। दत्त 'अल्ट्रा एंड्योरेंस' साइकिलिस्ट हैं और उन्होंने अपने पिता के निधन के बाद मानसिक रूप से फिट रहने के लिए यह खेल अपनाया।



उनकी यह यात्रा 14 मार्च को समाप्त होगी। दत्त ने कहा, ' फिटनेस पर ध्यान देने से मैं केवल शारीरिक रूप से ही फिट नहीं बना, बल्कि इसने मुझे भावनात्मक रूप से फिट बनने में भी मदद की। इसने मुझे खुद को फिर से समझने में मदद की। मैं चाहता हूं कि लोग यही समझें कि यह केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य से भी जुड़ा हुआ है।' उन्होंने कहा, 'हैदराबाद से मुंबई तक का यह मेरा पहला दौरा है। मैं चाहता हूं कि यह

---

# बेंगलुरु लौटीं सिंधू, कहा- नहीं खेल पाऊंगी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू खाड़ी में चल रही जंग के बाद हवाई क्षेत्र बंद किए जाने के कारण बर्मिंघम में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगी और वह दुबई से स्वदेश लौट गई हैं।

सिंधू इंग्लैंड जाने के लिए उड़ान नहीं मिल पाने के कारण दुबई में फंसी हुई थी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 'बेंगलुरु में अपने घर लौट गई हूं और सुरक्षित हूं। पिछले कुछ दिन बेहद तनावपूर्ण और अनिश्चित रहे हैं। मैं ईश्वर की आभारी हूं कि मैं वापस अपने घर लौट आई हूं।' उन्होंने कहा, 'दुबई की बेहतरीन ग्राउंड टीम, दुबई



के अधिकारियों, हवाई अड्डे के कर्मचारियों, आव्रजन विभाग और उन सभी लोगों का तहेदिल से आभार, जिन्होंने इस बेहद मुश्किल समय में हमारी अच्छी देखभाल की। उनकी सहानुभूति और पेशेवर रवैए को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता।' उन्होंने कहा, 'फिलहाल अब आराम करने, खुद को तरोताजा करने और अगली प्रतियोगिताओं के बारे में सोचने का समय है।'

### दुबई होते हुए बर्मिंघम जा रही थीं

पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू दुबई होते हुए बर्मिंघम जा रही थीं, लेकिन अमेरिका और इजरायल के ईरान पर किए गए हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में उड़ान संचालन रोक दिया गया, जिसके कारण वह दुबई में फंस गई थी। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दुबई पर भी हमला किया। सिंधू ने कहा कि उनके और उनकी टीम के लिए यह अनुभव भयावह था।

---

## विश्व कप फुटबॉल में ईरान की जगह ले सकता है इराक

एजेंसी ▶▶| जेनेवा

विश्व कप के सह मेजबान अमेरिका की पहल पर मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के बढ़ने के कारण तीन महीने बाद होने वाली फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता में ईरान का भाग लेना संदिग्ध है और ऐसी स्थिति में उसकी जगह इराक या यूएई को दी जा सकती है।

ईरान को विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच अमेरिका में खेलने हैं। उसे ग्रुप जी में रखा गया है और उसे इंग्लेवुड, कैलिफोर्निया में 15 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसके बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ पहले दौर का अपना अंतिम मैच खेलेगा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान




11 जून से शुरू होने वाले विश्व कप के लिए अपनी टीम भेजेगा या नहीं या अमेरिका की सरकार उसकी टीम को अपने यहां आने से रोकेगी या नहीं।

## स्पेनिश फुटबॉल लीग: रियाल मैड्रिड की हार, बार्सिलोना को फायदा

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियाल मैड्रिड की स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में लगातार दूसरी हार के कारण बार्सिलोना ने अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। गेटाफे ने सैंटियागो बर्नबेउ स्टेडियम में मार्टिन सैट्रियानो के गोल की मदद से रियाल मैड्रिड को 1-0 से हराकर चौंकाने वाली जीत हासिल की। इस हार से रियाल मैड्रिड अपने चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना से चार अंकों के अंतर को कम करने में असफल रहा।



बार्सिलोना के अब 26 मैच में 64 अंक जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 60 अंक हैं।






# होली की वो पार्टी जिसमें जुटता था पूरा बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे मशहूर होली पार्टियों की बात की जाए तो आज भी दिवंगत राज कपूर की होली पार्टी का नाम सबसे ऊपर आता है। बताया जाता है कि राज कपूर अपने बेटों रणधीर कपूर, ऋषि कपूर और राजीव कपूर और भाइयों शशि कपूर, शम्मी कपूर और नंदी कपूर के साथ मिलकर आर के स्टूडियो में होली पार्टी होस्ट करते थे, जिसमें ना केवल उनका पूरा खानदान, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री की कई दिग्गज हस्तियां शामिल होती थीं। दिलीप, प्राण, प्रेमनाथ, अमिताभ बच्चन, सिंगर मुकेश, संगीतकार जोड़ी शंकर-जयकिशन और मनमोहन समेत सभी सेलेब्स इस पार्टी के दौरान रंग में सराबोर नज़र आते थे।

लाइफ Style

# एलनाज

## मैं ईरान गई तो वो मार देंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड और वेब सीरीज दर्शकों के बीच लोकप्रिय एलनाज नौरोजी ने एक बार फिर अपनी राय को पद पर रखकर सुर्खियां बटोरी हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के पर प्रतिक्रिया देते हुए एलनाजने स्पष्ट किया है कि वह अपने देश ईरान वापस नहीं जा सकतीं, क्योंकि उन्हें जान का खतरा है।



एलनाज ने 2017 में एक पाकिस्तानी फिल्म से अपना एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद 2018-19 में उन्होंने सैक्रेड गेम्स के दो सीजन में जोया का किरदार निभाया, जिससे उन्हें अपार पॉपुलैरिटी मिली। वह अभय, मेड इन हेवेन, जग जग जीयो और मस्तीज 4 जैसे प्रोजेक्ट्स में भी नजर आ चुकी हैं। 2023 में उन्होंने जेरार्ड बटलर के साथ हॉलीवुड फिल्म कंधार से वहां डेब्यू किया था। एक नए इंटरव्यू में एलनाज ने कहा है कि वह अपने देश ईरान नहीं लौट सकती हैं, क्योंकि अगर ईरान गईं तो उन्हें मार दिया जाएगा। बॉलीवुड और टीवी सेलेब्स भी इस मसले पर अपनी-अपनी राय रख रहे हैं। एक इंटरव्यू में एलनाज ने साफ किया कि उनका विरोध ईरान के लोगों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां के शासन यानी इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ है। उन्होंने कहा, 'जब हम ईरान की बात करते हैं, तो मैं इस्लामिक रिपब्लिक और ईरान के लोगों के बीच फर्क करना चाहूंगी। इस्लामिक रिपब्लिक ने देश पर कब्जा कर रखा है। ईरान के ज्यादातर लोग स्मार्ट और पढ़े-लिखे हैं और उनकी मान्यताएं इस्लामिक रिपब्लिक से अलग हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक समय ईरान के इजराइल और अमेरिका से भी अच्छे संबंध थे।

हॉलीवुड मसाला



# बुराई पर जीत हासिल करेगी अच्छाई

**लॉस एंजिल्स।** इजरायली हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद मिडिल ईस्ट में संघर्ष तेजी से फैल गया है। 3 मार्च को प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है, यह कठिन और भारी है, लेकिन प्रकाश हमें रास्ता दिखाता है। यहां बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए... होलिका दहन।' उनका यह संदेश उन चुनौतियों के बीच आया है, जो हाल ही में यूएस-ईरान संघर्ष और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर में महसूस किए जा रहे हैं।



# एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए किया काम

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर अमेरिकी एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया। वे 53 साल के थे। उनकी मौत सिनेमा जगत के लिए किसी नुकसान से कम नहीं। उनकी मौत एमियोट्रोफिक लैटरल स्क्लेरोसिस नाम की गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी से हुई। एरिक ने अप्रैल 2025 में इस बीमारी की खबर सबके साथ शेयर की थी। इसके बाद वे एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए काम किया। परिवार ने एएलएस को लेकर जागरुकता फैलाने और दूसरे मरीजों की मदद करने के लिए काफी कोशिशें कीं। परिवार ने फैन्स से मिले प्यार और सपोर्ट के लिए आभार जताया और प्राइवेसी की अपील की है। एरिक डेन को खासतौर से **ABC** के पॉपुलर मेडिकल ड्रामा 'ग्रेज एनाटॉमी' में डॉ. मार्क स्लोन (जिन्हें 'मैकस्टिमी' कहा जाता था) के किरदार के लिए जाना जाता है।



# अजनबी एक-दूसरे को दे रहे थे दिलासा...

**मुंबई।** एक्ट्रेस ईशा गुप्ता भारत लौट आई हैं। वह मिडिल ईस्ट में बढ़ते झगड़ों के बीच अबू धाबी में फंस गई थीं। वापस आने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है और बताया कि वहां उन्होंने क्या देखा और क्या सुना। आइए आपको बताते हैं कि अबू धाबी में वो कैसे फंसी और भारत कैसे वापस आईं। ईशा ने लिखा, '28 फरवरी के दिन मैं अबू धाबी के एयरपोर्ट पर थी। दोपहर के 1 बजे रहे थे और एयरपोर्ट बंद हो गया था। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। बस चारों ओर अफरा-तफरी मची हुई थी। फिर मिसाइल हमले की खबरें आने लगीं और किसी को नहीं पता था कि अगले मिनट हमारे साथ क्या होगा। अजनबी एक-दूसरे को दिलासा दे रहे थे, सभी अपने परिवार को फोन कर रहे थे।' ईशा ने आगे लिखा, 'मैंने चेक-इन नहीं किया था इसलिए मैं वापस होटल चली गई थी।

# शबाना और जावेद ने मनाई होली ...



**मुंबई।** कई जगह होली आज मनाई जाएगी, लेकिन बॉलीवुड सेलिब्रिटीज कल ही होली के रंग में रंग गए। जावेद अख्तर और शबाना आजमी ने अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज भी परिवार संग होली खेलते नजर आए। होली के रंग में बॉलीवुड भी रंग गया है। कई सेलिब्रिटीज के होली मनाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। हर कोई होली की मस्ती में डूबा नजर आ रहा है। अपनों को रंग लगाया जा रहा है। कई सेलेब्स अपने बच्चों संग होली खेल रहे हैं। शबाना आजमी और जावेद अख्तर ने हर साल की तरह इस बार भी अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। इसमें कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आए। ऋचा चड्ढा को भी इस होली पार्टी में देखा गया। रणबीर ने बेटी राहा संग खेली होली रणबीर कपूर भी होली के रंग में रंगे नजर आए। वह अपनी बेटी राहा के साथ होली खेलते हुए दिखे। राहा भी होली खेलकर काफी खुश नजर आई। रणबीर ने पैपराजी को भी होली की शुभकामनाएं दीं।

टीवी मसाला



# शादी के बाद पार्टनर संग पहली होली खेलेंगे ये टीवी सितारे

**नई दिल्ली।** होली की रौनक अभी से ही चारों तरफ देखने को मिल रही है। होली का त्योहार बेहद खास होता है और टीवी के कई कपल्स ऐसे हैं जिनके लिए ये और भी ज्यादा खास होने वाला है। क्योंकि, ये उनकी शादी के बाद पहली होली होने वाली है। इस लिस्ट में हिना खान-रॉकी जायसवाल से लेकर सारा खान-कृष पाठक तक का नाम शामिल है।

**हिना-रॉकी** : टीवी एक्ट्रेस हिना खान और रॉकी जायसवाल यूं तो सालों से साथ में होली मनाते नजर आ रहे हैं। लेकिन ये होली उनकी शादी के बाद की पहली होली होगी। दोनों बीते साल जून में ही शादी के बंधन में बंधे थे।

**सारा-कृष** : सारा खान और कृष पाठक के लिए भी होली का त्यौहार बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये शादी के बाद उनकी पहली होली होने वाली है। सारा खान और कृष पाठक ने जहां बीते साल अक्टूबर में कोर्ट मैरिज की थी तो वहीं दिसंबर में दोनों ने बिग फैट वेडिंग की।

# वो रोमांटिक फिल्म, 7 दिन में कमाए 100 करोड़

## होली के सुपरहिट सॉन्ग ने तड़पाए जवां दिल

*नई दिल्ली। होली रंगों का त्योहार है। इस त्योहार में मस्ती का आलम कुछ और ही रहता है। दिनभर लोग होली के गानों पर नाचते हैं। होली के गानों में 2013 में आई 'ये जवानी है दीवानी' का एक गाना 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' भी जरूर बजता है। इस गाने और इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को बनने की कहानी मजेदार है। इस गाने के शुरुआती बोल कुछ और थे। 'ये जवानी है दीवानी' 2013 में आई एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी जिसे अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी अयान मुखर्जी और हुसैन दलाल ने लिखी थी. प्रोड्यूसर करण जौहर थे। फिल्म में रनबीर कपूर, दीपिका पादुकोण लीड रोल में थे। कल्कि कोचलिन और आदित्य रॉय कपूर भी नजर आए थे। अयान मुखर्जी ने 2009 में 'वेक अप सिड' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अयान मुखर्जी ने अपनी ज्यादातर फिल्में रनबीर कपूर के साथ ही बनाई हैं।*

### बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी



'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' सॉन्ग के बारे में गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था, 'ओरिजनल लाइन गाने में ही है। बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी, बोले रे जमाना खराबी हो गई। मेरे अंग राजा, जो तेरा रंग लागा, तो सीधी-सादी छोरी शराबी हो गई। तो बृज की कन्या शराबी हो गई. गाने को सुनकर संगीतकार प्रीतम और डायरेक्टर ने कहा कि थोड़ा इसे मॉडर्न कर दो। मैंने कहा कि लाइन तो सही है। इतना अच्छा तो लग रही है। फॉक जैसा ही लग रहा है। फिर उन्होंने कहा कि पहली लाइन तो सही लेकिन दूसरी लाइन को थोड़ा बदल दो।

### म्यूजिक प्रीतम ने किया था कंपोज

फिल्म का म्यूजिक प्रीतम चक्रवर्ती ने कंपोज किया था। उन्होंने पहली बार धर्मा प्रोडक्शंस के लिए काम किया था। गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य थे। उन्होंने ही इस फिल्म का सबसे पॉप्युलर होली सॉन्ग 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी तो सीधी सादी छोरी शराबी हो गई' लिखा था।'




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930